* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 जून, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 222

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



Wild Waadi
WILD WAADI
An Entertainment Hub
INR 300 Mon - Fri
INR 400 Sat-Sun & Holiday
BOOK NOW :- 9304816880
Water Park | Trampoline Park
Bird Park | Night Light Park & More



FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com


## लोकसभा चुनाव 2024: मतदान खत्म, आया एग्जिट पोल

# मोदी का जादू कायम, भाजपा 350 पार

- कांग्रेस और गठबंधन दल 120 पर सिमटे
- बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 शनिवार को संपन्न हो गया। देश की विभिन्न एजेंसियों ने एग्जिट पोल जारी कर दिया है। एग्जिट पोल के अनुमान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू कायम है। एजेंसियों के सर्वे में भाजपा 350 पार कर गयी है। मोदी सरकार फिर से बनने जा रही है। बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत है, जिससे एनडीए बहुत आगे है। कांग्रेस और गठबंधन दल 125 सीटों पर सिमटते नजर आ रहे हैं। सर्वे में खुलासा हो रहा है कि 542 सीटों में भाजपा को 370-375 सीटें मिल रही हैं। वहीं, इंडी गठबंधन 125-150 सीटों पर सिमटते दिख रहा है। इंडिया न्यूज डायनमिक ने एनडीए को 371 सीटें दी हैं। वहीं, इंडी गठबंधन को केवल 125 सीटें मिलती नजर आ रही हैं। सैम-जन की बात ने एनडीए को 377 सीट और इंडी गठबंधन को 151 सीटें दी है। इसी तरह अन्य एजेंसियों ने भाजपा को बहुमत दिखाया है।

हिंदी पट्टी के राज्य उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली में भाजपा को एकतरफा बढ़त का अनुमान बताया गया है। इन राज्यों की 90% से ज्यादा सीटों पर भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। एमपी की 29 सीटों में से भाजपा को 28 और वहीं राजस्थान में भी 23 से 25 सीटें मिलने का अनुमान है। उत्तरप्रदेश में 69 से 74 और छत्तीसगढ़ में 11 की 11 सीटें आ सकती हैं।



### लोकसभा चुनाव एग्जिट पोल -2024

सीटें: 543
बहुमत: 272

| एजेंसी | भाजपा (+) | कांग्रेस(+) | अन्य |
|---|---|---|---|
| रिपब्लिक -मैट्रिज | 358-368 | 118-133 | 43-48 |
| इंडिया न्यूज डी डायनमिक | 371 | 125 | 47 |
| सैम-जन की बात | 377 | 151 | 15 |
| इंडिया न्यूज-पोल स्ट्रेट | 371 | 125 | 47 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 173-169 | 21-23 |

2019 के नतीजे: भाजपा+ 353, कांग्रेस+ 92, अन्य 98

## लोकसभा चुनाव खत्म, मतगणना 4 जून को

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव शनिवार को संपन्न हो गया। अब मतगणना 4 जून को होगी। चुनाव आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सात चरणों में चुनाव संपन्न कराया। शनिवार को आठ राज्यों की 57 सीटों पर अंतिम चरण में लोगों ने वोट डाले। इनमें झारखंड की तीन लोकसभा सीटों गोड्डा, दुमका और राजमहल में भी वोट डाले गये। आयोग से मिली जानकारी के अनुसार गोड्डा में 67.24 फीसदी, राजमहल में 66.98 और दुमका में 69.89 फीसदी वोट पड़े। वहीं, देश के आठ राज्यों की 57 सीटों पर कुल 58.34 फीसदी मतदान हुए।

# झारखंड में एग्जिट पोल पर एकमत नहीं

- टाइम्स नाउ के सर्वे में खिला कमल, 13 सीट दिया
- इंडिया टीवी और 24 टुडेज चाणक्या में कोई नुकसान नहीं
- इंडिया टुडे एक्सिस माई इंडिया में भाजपा को हो रहा नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एग्जिट पोल में एजेंसियों के सर्वे मे एकमत नहीं दिख रहा है। इंडिया टुडे एक्सिस माई इंडिया में भाजपा को दो-तीन सीटों का नुकसान दिखाया है। टाइम्स नाउ के सवेज्ञ में कमल खिल रहा। वहीं इंडिया टीवी और 24 टुडेज चाणाक्या में एक-दो सीट कम होता दिखाया गया है।

गौरतलब है कि राज्य में 14 लोकसभा की सीटें हैं। वर्तमान में भाजपा के पास 12 सीटें और झामुमो-कांग्रेस के पास एक-एक सीट है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए किये गये सर्वे में 24 टुडेज चाणक्या एनडीए को 12 और इंडी गठबंधन को 2 सीट दिया है। यानी भाजपा को कोई नुकसान नहीं हो रहा है। वहीं इंडिया टुडे एक्सिस माई इंडिया एक्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को 6 से 4 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। जबकि इंडिया को 6 से 4 सीट का फायदा होता दिख रहा है। इस एक्जिट पोल की मानें तो एनडीए को राज्य में 8 से 10 सीट मिल सकती है। वहीं इंडी को 4 से 6 सीट मिल रही हैं। भास्कर पोल ने भाजपा को 8-9 सीट, आजसू -1, झामुमो-2 और कांग्रेस-1 सीट दिया है। वहीं, इंडिया टीवी के एक्जिट पोल पर नजर डालें तो एनडीए 2019 लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को दोहराती नजर आ रही है। इंडिया टीवी के आंकड़ों के अनुसार भाजपा को 10-12 सीटें मिल सकती है। जबकि आजसू को 1 सीटें मिलती दिखाई पड़ रही है। झामुमो के खाते में 1-3 सीटें जाते दिख रही हैं। वहीं, कांग्रेस का यहां पर खाता भी नहीं खुल रहा है।


आयुर्वेदिक क्षारसूत्र एवं अग्नि कर्म द्वारा सफल इलाज शुरू
AVOID SURGERY
• PILES
• FISTULA
• FISSURES &
• PILONIDAL SINUS
आयुर्वेद की युक्ति रोग से मुक्ति
PILES CURE CENTER
& SHIVAY AYURVEDA CHIKITSALYA
सम्पर्क करें
9162732562, 7004764956
Near Madan Dhaba, Kokar, Ranchi


## तीन दिन बाद पूरा हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान

# मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित: मोदी

- 45 घंटे तक कन्याकुमारी में की साधना
- अंतिम दिन विवेकानंद के छुए पैर



*'फिर से ये संकल्प दोहराता हूं कि मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। यह साधना अविस्मरणीय क्षणों में से एक रही। इस दौरान अलौकिक और अद्भुत ऊर्जा का अनुभव किया।*
**– नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कन्याकुमारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन दिवसीय ध्यान पूरा हो गया है। मोदी पिछले 45 घंटे से कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान कर रहे थे। वे तीन दिन ध्यान मंडपम में ही रहे। इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़ा होकर साधना की थी। मोदी ने ध्यान से बाहर निकलने के बाद कहा कि मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है।

**मोदी दोपहर तीन बजे निकले बाहर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की ध्यान साधना की। वह 30 मई की शाम को कन्याकुमारी पहुंचे थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के सामने ध्यान लगाया। उन्होंने विवेकानंद शिला के पास स्थित तमिल कवि तिरुवल्लुवर की 133 फीट ऊंची प्रतिमा के दर्शन किये। उन्हें नमन किया। इसके बाद वह दोपहर 3 बजे विवेकानंद रॉक मेमोरियल से बाहर निकले।

## कांग्रेस अध्यक्ष ने एग्जिट पोल से पहले किया दावा

# गठबंधन को 295 से ज्यादा सीटें मिलेंगी: खड़गे

- मल्लिकार्जुन के आवास पर हुई अइएनडीआइए की बैठक
- 23 नेता शामिल हुए, ममता नहीं पहुंचीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल से एक घंटे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आइएनडीआइए को कम से कम 295 सीटें मिलने का दावा किया। गठबंधन दल की बैठक के बाद खड़गे ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि, हम लोग एग्जिट पोल डिबेट में चर्चा करेंगे।

उन्होंने कहा कि आज हमारी बैठक हुई, जिसमें ढाई घंटे तक कई विषयों पर चर्चा हुई। हमने चुनाव के दौरान हुई कमजोरियों और ताकत पर चर्चा की। खासतौर पर चुनाव परिणाम के समय क्या-क्या कठिनाइयां आ सकती हैं और कैसे उसे ठीक करना है। कार्यकर्ताओं को क्या-क्या निर्देश दिये जाने हैं, इस पर भी चर्चा हुई। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन की 295 और उससे ज्यादा सीटें आयेंगी। ये हमने आकलन किया है। हमारे सभी नेताओं से पूछने के बाद यह आंकड़ा मिला है। इस आंकड़े में कोई बदलाव नहीं है।



### 23 नेता बैठक में हुए शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के आवास पर शनिवार को आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक हुई। बैठक लगभग ढाई घंटे से ज्यादा चली। इसमें सोनिया गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, राम गोपाल यादव, शरद पवार, जितेंद्र अव्हाड, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, संजय सिंह, राघव चड्ढा, टी आर बालू, तेजस्वी यादव, संजय यादव, चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, फारूक अब्दुल्ला, डी राजा, सीताराम येचुरी, अनिल देसाई शिवसेना, दीपांकर भट्टाचार्य और मुकेश साहनी शामिल हुए। बैठक में प बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नहीं शमिल हुईं।


Admission Open for Session - 2024-25
BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956) Run & Manage Under Vananchal Educational & Welfare Trust
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand
Most of the Colleges/Courses are NAAC Accredited
CONTACT US
9661462506
6206297213
8789554090
APPROVALS
BDSU Offers the following Programme
B.H.M.S. M.D. | B.D.S. M.D.S. | B.Ed D.EL.Ed. | PARAMEDICAL | D.Pharm B.Pharm | B.Sc. MLT | ANM GNM | B.Sc. NURSING
B.Sc. (Medical): Microbiology, Biochemistry, Pharmacology Pathology, Physiology, Anatomy
M.Sc. (Medical): Anatomy, Physiology, Microbiology, Biochemistry, Medical Lab Technology, Pharmacology
B. Tech: Civil Engineering, Electrical and Electronics Engineering, Computer Science & Engineering, CSE (Artificial Intelligence), CSE (Cyber Security)
Diploma: Civil Engineering, Mechanical Engineering, Electrical and Electronics Engineering, Computer Science & Engineering, Electrical Engineering
Library Science: B.Lib.IS, M.Lib.IS
Management: Bachelor of Business Administration (BBA), Master of Business Administration (MBA)
Computer Application: Bachelor of Computer Application (BCA), Master of Computer Application (MCA)
Industrial Training Institute (ITI): Draughtsman (Civil), Fitter, Welder, Turner, Electrician, Hospital house keeping, Mechanic Electric Vehicle, Solar Technician (Electrical), Fashion Technology, Computer Operator & Programming Assistant (COPA)
SPECIAL FEATURE OF BDSU / VEWT
• Located at NH-75, 5KM of Garhwa Town.
• Green campus spread over more than 100 acres.
• State of art campus.
• Experienced Faculties, Smart Class Rooms.
• Live Research Based Projects.
• Workshops & guest Lecturers.
• Well Equiped Library.
• Modern Laboratories.
• Well furnished Auditorium of 500 seating capacity.
• Transport Facilities.
• Holistic educational procedures.
• Sports & Extra Curriculum activities.
• Excellent Hostel Facilities in Campus.
• Canteen and General Store.
• Guest House Available in campus.
• SBI Bank & ATM facilities available in campus.
• 24X7 Securities in campus including hostels.
For More Details Visit our Website
www.bdsu.ac.in
E-mail : registrar@bdsu.ac.in

# कई सियासी संकेत देते हैं एग्जिट पोल के नतीजे

## ■ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में अब भी कायम है मोदी का जादू

## ■ वोटरों का भरोसा जीतने के लिए कांग्रेस को करनी होगी कड़ी मेहनत

## ■ दक्षिण का किला भेदने के लिए भाजपा को बनानी होगी नयी रणनीति

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के 97 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने देश की सर्वोच्च पंचायत संसद के निचले सदन, यानी लोकसभा के 542 सदस्यों के चुनाव के लिए अपना फैसला कर दिया है। शनिवार एक जून को शाम छह बजे सातवें और अंतिम चरण के मतदान के साथ ही मतदाताओं का फैसला इवीएम में बंद हो गया है। ये इवीएम चार जून को खुलेंगे और मतदाताओं का फैसला पूरी दुनिया के सामने होगा। इस फैसले से पहले अंतिम चरण का मतदान खत्म होने के बाद विभिन्न टीवी चैनलों द्वारा सर्वे एजेंसियों के साथ मिल कर किये गये एग्जिट पोल का नतीजा बताता है कि देश में अब भी नरेंद्र मोदी का जादू बरकरार है और वह लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन कर आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और उनकी पुत्री इंदिरा गांधी के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को तोड़ने जा रहे हैं। इस एग्जिट पोल के नतीजे भले ही अंतिम नहीं हैं, लेकिन इससे कई सियासी संदेश भी मिले हैं। इसमें पहला तो यह है कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों को अभी और मेहनत करनी है, जबकि दक्षिण भारत में भाजपा को पैर जमाने के लिए नयी रणनीति पर काम करना है। भाजपा के पास नरेंद्र मोदी जैसा करिश्माइ नेता है, लेकिन उसे बहुत तेजी से एक ऐसे ही नेता को तैयार करना होगा। वैसे पिछले तीन चुनावों के एग्जिट पोल के नतीजे बहुत सटीक नहीं रहे थे, लेकिन उनसे मिले सियासी संदेश लगभग अंतिम ही थे। इस बार के एग्जिट पोल के नतीजों से निकले सियासी संदेशों का विश्लेषण कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र ने 18वीं लोकसभा के 543 सदस्यों का चुनाव कर लिया है। एक सदस्य के निर्विरोध चुनाव और बाकी 542 सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया शनिवार एक जून को संपन्न हो गयी। मतदाताओं ने क्या फैसला सुनाया है और 18वीं लोकसभा में किसे अपना प्रतिनिधि चुना है, इसका पता तो चार जून को लगेगा, लेकिन विभिन्न समाचार चैनलों और सर्वे एजेंसियों द्वारा किये गये एग्जिट पोल के नतीजे संकेत दे रहे हैं कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इन नतीजों से साफ है कि इस बार भी भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में वापसी कर रही है।

यह सही है कि एग्जिट पोल के नतीजे अंतिम नहीं हैं और इनकी विश्वसनीयता हाल के दिनों में कम हुई है, लेकिन इन नतीजों से मिले सियासी संदेश आम तौर पर सटीक और दिशा तय करनेवाले होते हैं। इस बार भी लगभग ऐसा ही है। एक तरफ सभी एग्जिट पोल के नतीजे लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने की बात कह रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ भाजपा के लिए कई संदेश भी दे रहे हैं।

### भाजपा के लिए क्या है संदेश

बात शुरू करते हैं एग्जिट पोल के नतीजों में भाजपा के लिए छिपे संदेश से। इन नतीजों का मानना है कि भाजपा आज भी देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी है और नरेंद्र मोदी का जादू अभी कायम है। नतीजों ने भाजपा से कहा है कि उसके पास मोदी जैसा करिश्माई नेता है, लेकिन उसे बहुत तेजी से एक ऐसे ही नेता को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए। यह बात भाजपा की बैठकों में प्रधानमंत्री मोदी कह भी चुके हैं। पिछली बार चुनाव जीतने के बाद पार्टी संसदीय दल की बैठक में उन्होंने साफ कहा था कि पार्टी नेता उनके नाम पर वोट मांगने की आदत छोड़ें और आम जनता से अपने संपर्क बढ़ायें। इसके अलावा इन नतीजों ने दक्षिण भारत में भाजपा की रणनीति पर फिर से विचार करने का संदेश भी दिया है।

### कांग्रेस को अभी लंबा सफर तय करना है

एग्जिट पोल के नतीजों ने कांग्रेस को साफ तौर पर संदेश दे दिया है कि देश की सत्ता में उसकी वापसी की संभावना फिलहाल बहुत कम है। कांग्रेस को एक तो अपने पुराने स्वरूप को बदलना होगा और नये सिरे से अपनी रणनीति तय करनी होगी। पार्टी को जनता के बीच अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए सबसे पहले खत्म हो चुकी अपनी विश्वसनीयता को बहाल करने के लिए शून्य से शुरुआत करनी होगी। इतना ही नहीं, कांग्रेस को अपने सहयोगियों के साथ चुनावी समझौते के लिए कई नये रास्ते खोजने होंगे।



### क्या थे पिछले तीन एग्जिट पोल का नतीजे

अब बात करते हैं एग्जिट पोल के नतीजों की सटीकता की। साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान एग्जिट पोल में मोदी सरकार के बहुमत से आने की भाविष्यवाणी की गयी थी। देश में सी-वोटर, एक्सिस माइ इंडिया, सीएनएक्स भारत समेत कई एजेंसियां एग्जिट पोल करती हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी सर्वे एजेंसियों ने अपने एग्जिट पोल में बहुमत से एनडीए की सरकार बनने का दावा किया था, जो सटीक साबित हुआ था। मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने केंद्र में दूसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी थी। 2019 में भाजपा को 303 और एनडीए को 351 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस सिर्फ 52 सीटों पर सिमट गयी थी। वहीं यूपीए को 90 सीटों पर जीत मिली थी। अन्य के खाते में 102 सीटें गयी थीं। 2019 में आज तक का एग्जिट पोल एकदम सटीक बैठा था। इस एग्जिट पोल ने एनडीए को 339-365 सीटें दी थीं। वहीं यूपीए को 77-107 और अन्य को 69-95 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था। आज तक के अलावा न्यूज 24 का एग्जिट पोल भी काफी सटीक था। इस एग्जिट पोल ने एनडीए को 350, यूपीए को 95 और अन्य को 97 सीटें मिलने का दावा किया था।

### साल 2014 में एग्जिट पोल क्या कह रहे थे

साल 2014 के एग्जिट पोल में न्यूज 24-चाणक्य ने एनडीए को 370 सीटें, जबकि यूपीए को 70 सीटें दी थीं। जबकि इंडिया टीवी-सी वोटर ने एनडीए को 289 तो यूपीए को 101 सीटें दी थीं। इसी प्रकार सीएनएन-आइबीए-सीएसडीएस ने एनडीए को 280 तो यूपीए को 97 सीटें दी थीं। एनडीटीवी-हंसा रिसर्च ने एनडीए को 279 तो यूपीए को 103 सीटें दी थीं। एबीपी न्यूज-निल्सन ने एनडीए को 276 तो यूपीए को 97 सीटें दी थीं। इसी प्रकार इंडिया टुडे-सीसेरो ने एनडीए को 272 तो यूपीए को 115 सीटें दी थीं। 2014 में औसतन आठ एग्जिट पोलों में अनुमान लगाया गया था कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए 283 सीटें जीतेगा और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूपीए 105 सीटें जीतेगा। उस वर्ष एग्जिट पोल 'मोदी लहर' की सीमा का अनुमान लगाने में विफल रहे। जब रिजल्ट आया, तो एनडीए को 336 सीटें मिलीं। यूपीए को महज 60 सीटें मिलीं। इनमें से बीजेपी ने 282 और कांग्रेस ने 44 सीटें जीतीं थी।

### 2009 के एग्जिट पोल

वहीं, 2009 में भी जब यूपीए सत्ता में वापस आयी, तो औसतन चार एग्जिट पोल ने विजेता की संख्या को कम आंका। उन्होंने यूपीए को 195 और एनडीए को 185 सीटें दीं। एनडीए की 158 सीटों की तुलना में यूपीए ने अंततः 262 सीटों के साथ जीत हासिल की। ??इनमें से कांग्रेस ने 206 सीटें और भाजपा ने 116 सीटें जीतीं थी।

### ओपिनियन पोल से अलग होते हैं एग्जिट पोल

एग्जिट पोल एक तरह का चुनावी सर्वे होता है। मतदान वाले दिन जब मतदाता वोट देकर पोलिंग बूथ से बाहर निकलता है, तो वहां अलग-अलग सर्वे एजेंसी और न्यूज चैनल के लोग मौजूद होते हैं। वे मतदाता से वोटिंग को लेकर सवाल पूछते हैं। इसमें उनसे पूछा जाता है कि उन्होंने किसको वोट दिया है? इस तरह से हर विधानसभा के अलग-अलग पोलिंग बूथ से वोटरों से सवाल पूछा जाता है। मतदान खत्म होने तक ऐसे सवाल बड़ी संख्या में आंकड़े एकत्र हो जाते हैं। इन आंकड़ों को जुटाकर और उनके उत्तर के हिसाब से अंदाजा लगाया जाता है कि पब्लिक का मूड किस ओर है। मैथमेटिकल मॉडल के आधार पर यह निकाला जाता है कि कौन सी पार्टी को कितनी सीटें मिल सकती हैं। इसका प्रसारण मतदान खत्म होने के बाद ही किया जाता है। एग्जिट पोल कराने के लिए सर्वे एजेंसी या न्यूज चैनल का रिपोर्टर अचानक से किसी बूथ पर जाकर वहां लोगों से बात करता है। इसमें पहले से तय नहीं होता है कि वह किससे सवाल करेगा? आमतौर पर मजबूत एग्जिट पोल के लिए 30-35 हजार से लेकर एक लाख वोटरों तक से बातचीत होती है। इसमें क्षेत्रवार हर वर्ग के लोगों को शामिल किया जाता है।

### ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल में अंतर

एजेंसियां ओपिनियन पोल चुनाव से पहले कराती हैं और इसमें सभी लोगों को शामिल किया जाता है, भले ही वह मतदाता है या नहीं। ओपिनियन पोल के नतीजे के लिए चुनावी दृष्टि से अलग-अलग क्षेत्रों के अहम मुद्दों पर जनता की नब्ज को टटोलने की कोशिश की जाती है। इसके तहत हर क्षेत्र में यह जानने का प्रयास किया जाता है कि सरकार के प्रति जनता की नाराजगी है या फिर उसके काम से संतुष्ट है। इसके विपरीत एग्जिट पोल वोटिंग के तुरंत बाद कराया जाता है, जिसमें केवल मतदाताओं को ही शामिल किया जाता है। एग्जिट पोल में वही लोग शामिल होते हैं, जो मतदान कर बाहर निकलते हैं। एग्जिट पोल निर्णायक दौर में होता है। इससे पता चलता है कि लोगों ने किस पार्टी पर भरोसा जताया है।

---

# चित भी शिबू सोरेन की और पट भी शिबू सोरेन की!

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** लोकसभा चुनाव 2024 दुमका संसदीय सीट से इस बार का चुनाव बेहद खास है। शिबू सोरेन की पार्टी से यहां नलिन सोरेन उम्मीदवार हैं तो वहीं उनकी ही बड़ी बहू सीता सोरेन को भाजपा से उम्मीदवार बनाया गया है। अगर नलिन सोरेन यह चुनाव जीतते हैं तो श्रेय शिबू की पार्टी को जायेगा और अगर सीता सोरेन चुनाव जीतती है तो कहीं न कहीं श्रेय शिबू सोरेन को भी मिलेगा। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान सीता सोरेन अपने ससुर शिबू सोरेन से आशीर्वाद ली और चुनाव प्रचार के दौरान उनका नाम भी लिया।

### बटन कहीं भी दबायें संतुष्ट तो गुरुजी होंगे!

दुमका संसदीय सीट का चुनाव 1 जून शनिवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। दुमका लोकसभा सीट के सभी 6 विधानसभा यथा शिकारीपड़ा, दुमका, जामा, सारठ ,नाला और जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। लेकिन इस लोकसभा चुनाव में दुमका जिसे हॉट सीट माना जा रहा था, सबसे खास बात यह रही की यहां के यहां के मतदाताओं ने भले ही चुनाव में अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुनने के लिए उत्साह दिखा लेकिन एक बात यह चर्चा होने लगी कि भैया आप इस चुनाव में बटन कहीं भी दवाएं दिसंम गुरु शिबू सोरेन को अंदर ही अंदर जरूर खुशी जरूर मिलेगी। एक तरह से गुरुजी को दोनो हाथों में लड्डू है। मतदाताओं में यह चर्चा का विषय भी बना रहा। सीता सोरेन चुनाव प्रचार के दौरान ज्यादातर जगहों पर अपने दिसंबर गुरु की प्रशंसा और उनका आशीर्वाद की बात भी बताई थी। यहां यह बात खास है कि अगर नलिन सोरेन इस चुनाव में विजय होते हैं तो भी शिबू सोरेन खुश होंगे और अगर सीता सोरेन को चुनाव में जीत मिलती है तो भी कहीं ना कहीं उन्हें अपने ही घर की बड़ी बहू की विजय से उनको खुशी मिलेगी अर्थात चुनाव का केंद्र इस बार दोनो तरफ से शिबू सोरेन का परिवार ही रहा। हालांकि भाजपा ने शिबू सोरेन के घर में एक बड़ी सेंधमारी कर उनके बड़ी बहू सीता सोरेन को भाजपा का प्रत्याशी बनाने में सफल रही। यह आरोप लगा की सीता सोरेन को उचित मान सम्मान झारखंड मुक्ति मोर्चा के झारखंड मुक्ति मोर्चा के सोरेन परिवार से नही दी गई। अब देखना यह है कि आगामी 4 जून को दुमका लोकसभा सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा अपना झंडा गाड़ती है या फिर सीता सोरेन । भाजपा की उम्मीदवार सोरेन के पक्ष में यहां देश की सबसे बड़ी पार्टी के बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं ने प्रचार किया। प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री तक यहां चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे।



---

# बंगाल में अंतिम चरण में हिंसा के बीच 69.89 प्रतिशत वोटिंग

## राज्य की शेष नौ लोस सीटों पर भारी फोर्स के बावजूद होती रहीं हिंसक घटनाएं

- भिड़े राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, कैंप आफिस पर हमले
- कई जगहों पर बमबाजी, संघर्ष में एक दर्जन से अधिक जख्मी
- बरानगर विधानसभा सीट के लिए भी पड़े वोट
- अंतिम चरण में 124 प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता ।** बंगाल में लोकसभा (लोस) चुनाव का सातवां व अंतिम चरण भी हिंसा से अछूता नहीं रह पाया। हिंसक घटनाओं के बीच राज्य की नौ लोस सीटों पर शाम पांच बजे तक कुल 69.89 प्रतिशत वोट पड़े, जो पिछली बार से कम हैं। 2019 के लोस चुनाव में इन नौ सीटों पर शाम पांच बजे तक कुल 73 प्रतिशत वोट पड़े थे। चूंकि शाम पांच बजे के बाद भी प्रत्येक संसदीय क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की कतारें थीं इसलिए अंतिम आंकड़ा बढ़ेगा, हालांकि यह पिछली बार के 78.60 प्रतिशत को पार कर पाता है या नहीं, यह देखने वाली बात होगी।

मालूम हो कि बंगाल में पहले चरण में 81.91, दूसरे में 75.59, तीसरे में 77.53, चौथे में 80.22, पांचवें में 78.45 और छठे में 82.71 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो 2019 में क्रमशः 83.79, 81.68, 81.97, 82.81, 79.96 और 84.36 प्रतिशत था।

**संदेशखाली में पुलिस से भिड़ीं महिलाएं :** संदेशखाली में मतदान के दौरान स्थानीय महिलाएं पुलिस से भिड़ गयीं। इनमें एक महिला के घायल होने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने तृणमूल के लोगों पर पिटाई का आरोप लगाते हुए पथावरोध किया। खबर पाकर बशीरहाट से भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्र वहां पहुंचीं। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने जब अवरोधकारियों को हटाने की कोशिश की तो बहस शुरू हो गयी। उसी दौरान स्थानीय महिलाएं पुलिस से भिड़ गयीं।



### 2019 के अंतिम आंकड़े

**इन नौ सीटों पर कुल मतदान : 78.60 प्रतिशत**

- दमदम : 76.92 प्रतिशत
- बारासात : 81.24 प्रतिशत
- बशीरहाट : 85.34 प्रतिशत
- जयनगर : 82.29 प्रतिशत
- मथुरापुर : 84.86 प्रतिशत
- डायमंड हार्बर : 81.98 प्रतिशत
- जादवपुर : 79.11 प्रतिशत
- कोलकाता दक्षिण : 69.72 प्रतिशत
- कोलकाता उत्तर : 65.83 प्रतिशत

### शाम पांच बजे तक इन नौ सीटों पर कुल मतदान

दमदम : 67.60 प्रतिशत, बारासात : 71.80 प्रतिशत, बशीरहाट : 76.56 प्रतिशत जयनगर : 73.44 प्रतिशत मथुरापुर : 74.13 प्रतिशत डायमंड हार्बर : 72.87 प्रतिशत जादवपुर : 70.41 प्रतिशत, कोलकाता दक्षिण : 60.88 प्रतिशत, कोलकाता उत्तर : 59.33 प्रतिशत

### चलता रहा मतदान, होती रहीं हिंसक घटनाएं

बंगाल में अंतिम चरण में केंद्रीय बलों की सर्वाधिक 967 कंपनियां तैनात करके भी चुनाव आयोग हिंसा पर लगाम नहीं कस पाया। मतदान के साथ हिंसक घटनाएं भी जारी रहीं। जयनगर संसदीय क्षेत्र के बासंती अंचल के आमझड़ा में तृणमूल कांग्रेस व भाजपा के बीच संघर्ष में तृणमूल के दो कार्यकर्ता घायल हो गये। उनके नाम तन्मय हलदर व विश्वनाथ अधिकारी हैं। उन्हें कैनिंग सब-डिवीजनल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बशीरहाट के टाकी अंचल में भी तृणमूल-भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये, जिसमें दोनों तरफ के एक-एक लोग घायल हो गये। तृणमूल का आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके कैंप में तोड़फोड़ की, जिसपर उन्होंने जवाबी कार्रवाई की। वहीं बारासात के अशोकनगर के बैंकपुल चक इलाके में तृणमूल और इंडियन सेक्युलर फ्रंट के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर पथराव किया। दक्षिण दमदम नगरपालिका के वार्ड नंबर एक में भाजपा के कैंप आफिस में तोड़फोड़ की गयी। आरोप तृणमूल पर लगा है। बरानगर में विस प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी सजल घोष के चुनाव कार्यालय में तोडफोड़ की गयी। बासंती में तृणमूल कार्यकर्ताओं पर लोगों को मांस-भात खिलाकर मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप है। सतगछिया, कुलतली व जयनगर के ईटखोला इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया। कई जगहों पर जमकर बमबाजी हुई।

## गोड्डा, दुमका और राजमहल में 67.95 फीसदी वोटिंग

# संताल में दिखा मतदाताओं का जबरदस्त उत्साह

**राजमहल में 66.98, दुमका में 69.89: और गोड्डा में 67.24 प्रतिशत वोट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में झारखंड की तीन सीट दुमका, गोड्डा और राजमहल में वोटिंग को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। तीन सीटों पर पांच बजे तक 67.95 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसमें राजमहल में 66.98, दुमका में 69.89 और गोड्डा में 67.24 प्रतिशत तक मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और अंतिम चरण में तीन सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। सुबह से ही वोटरों में मतदान का क्रेज दिखा। कई मतदान केंद्रों पर वोटर सुबह पांच बजे ही पहले ही पहुंच गये थे। कई जगहों पर इवीएम में गड़बड़ी की वजह से मतदान में देरी हुई। बावजूद इसके मतदाता कतार में खड़े रहे और अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इसी के साथ तीन सीटों पर 52 उम्मीदवारों का भाग्य इवीएम में कैद हो गया। वहीं पूर्व नक्सली रामलाल राय ने पत्नी दीपिका मुर्मू के साथ काठीकुंड प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरुआपानी में बूथ नंबर 6 पर मतदान किया। इसकी चर्चा भी खूब हुई। राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी सुबह-सुबह अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बीच लिट्टीपाड़ा से दो मतदान केंद्रों पर ग्रामीणों के वोट बहिष्कार की खबर से प्रशासन हरकत में आया। पाकुड़ जिले के गांडूपरता में आजादी के बाद आज तक सड़क नहीं बनी, इससे लोग नाराज थे। वहीं, दूसरी तरफए पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा के ही कारीपहाड़ी में पेयजल की समस्या का समाधान नहीं होने की वजह से मतदाताओं ने वोट बहिष्कार कर दिया। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर मतदान करवाया। साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाताओं की लंबी कतार देखी गयी। सुरक्षा के भी बेहतर इंतजाम किये गये थे। बूथें पर सुरक्षाकर्मी चौकस थे। लोगों का विश्वास बढ़ा रहे थे।

**दिग्गज प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद :** संताल से दो वर्तमान सांसद निशिकांत दूबे और विजय हांसदा के भाग्य का फैसला हो गया, जो क्रमशः गोड्डा और राजमहल से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों क्रमशः चौका और हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में हैं। इनके अलावा चार विधायकों नलिन सोरेन, सीता सोरेन, प्रदीप यादव और लोबिन हेंब्रम के भी भाग्य का फैसला होगा। नलिन सोरेन शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से लगातार सात बार विधायक चुने गये हैं। झामुमो ने पहली बार उन्हें लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया है, जिनके सामने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव इस बार भी गोड्डा से अपना भाग्य आजमा रहे हैं, तो लोबिन हेंब्रम झामुमो से बगावत कर राजमहल से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। 52 उम्मीदवारों में आठ महिलाएं हैं।



### राजनीतिक दलों के दावे: जीतेंगे हम

लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के बाद राजनीतिक दलों के अपने-अपने दावे रहे। सबने अपनी जीत का दावा किया।

### सभी 14 सीटें जीत रहे हैं: झामुमो

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि आज के मतदान के बाद साफ हो गया कि राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडी गठबंधन की जीत होगी। कहा कि चार-पांच सीट पर मुकाबला थोड़ा कड़ा जरूर है, लेकिन जीत सभी जगह पर इंडी गठबंधन की ही होगी। संताल परगना की प्रबुद्ध जनता में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी के साथ हेमंत सोरेन के साथ हुई ज्यादतगी के खिलाफ जमकर मतदान किया है। संथाल की जनता ने भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम किया है।

### 12 से 14 सीटें इंडी गठबंधन के खाते में: कांग्रेस

कांग्रेस प्रवक्ता जगदीश साहू ने कहा कि आज हुए मतदान के बाद यह साफ हो गया कि राज्य में 12 से 14 सीट इंडी ब्लॉक के खाते में आ रही है। पिछले चुनाव में गोड्डा में महागठबंधन के उम्मीदवार प्रदीप यादव दो लाख से कम मतों से हार गये थे, लेकिन इस बार परिस्थिति अलग है और वहां कांग्रेस जीत रही है। उन्होंने कहा कि इसी तरह दुमका और राजमहल भी सहयोगी दल झामुमो जीत रहा है।

### एक लोकसभा सीट नहीं, दावे बड़े-बड़े: भाजपा

भाजपा नेता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि 2019 के चुनाव में कांग्रेस को गीता कोड़ा के रूप में सिंहभूम लोकसभा सीट से एक सांसद और झामुमो को राजमहल सीट से विजय हांसदा के रूप में इकलौते सांसद मिली थी। एनडीए को 14 में से 12 लोकसभा सीट मिली थी। गीता कोड़ा के भाजपा में आने से कांग्रेस राज्य में सांसद विहीन हो गयी। झामुमो की भी राजमहल में स्थिति ठीक नहीं है। बावजूद इसके झामुमो-कांग्रेस के नेताओं के द्वारा 14 में से 14 सीटें जीतने का दावा जनता को भरमाने वाला है। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि इस बार राज्य में भाजपा क्लीन स्वीप कर 14 की 14 लोकसभा सीट सहयोगी दल आजसू के साथ मिलकर जीतेगी और अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करने में झारखंड भी योगदान करेगा।


**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Kulgo (Km. 352.100) near village Kulgo in district Giridih on NH-2**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Kulgo (Km.352.100) near village Kulgo in district Giridih for the stretch from KM. 320.810 to Km 401.332 of NH-2 (Gorhar-Barwa Adda Section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 03.06.2024.

| Category of Vehicles | Fee for single Journey (in rupees) | Fee for return Journey within a day (in rupees) | Fee for monthly pass for 50 single Journeys in a month (in rupees) | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza (in rupees) |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 130 | 190 | 4265 | 65 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 205 | 310 | 6890 | 105 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 435 | 650 | 14435 | 215 |
| Three-Axle Commercial Vehicles | 470 | 710 | 15745 | 235 |
| HCM or EME or MAV (four to six axles) | 680 | 1020 | 22635 | 340 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 825 | 1240 | 27555 | 415 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2024-25 shall be Rs. 340/-.

Project Director, NHAI, PIU-Dhanbad

BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS

**National Highways Authority of India**
(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll plaza Patrachauli (Km 20.232) near village Patrachauli in District Ranchi on NH-23**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Patrachauli (Km 20.232) near village Patrachauli in district Ranchi for the stretch from Km 3.450 to Km 26.00 of NH-23 (Piska More to Palma Section) in the State of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hrs. of 03.06.2024

| Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the districe of fee Plaza |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 30 | 50 | 1070 | 15 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 50 | 80 | 1725 | 25 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 110 | 165 | 3615 | 55 |
| Three-Axle commercial vehicles | 120 | 175 | 3945 | 60 |
| HCM or EME or MAV (Four to Six) | 170 | 255 | 5670 | 85 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 205 | 310 | 6900 | 105 |

The rate for monthly pass applicable for non-commercial vehicle residing within a distance of 20 Km. from the toll plaza for the year 2024-25 shall be Rs. 340.00

Project Director,
NHAI, PIU, B-428, Road No-06, Ashok Nagar, Ranchi, Jharkhand,
Phone 0651-2240269, E-Mail: ranchi@nhai.org/nhairanchi@gmail.com

BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS


# झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन ने सपरिवार किया मतदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झामुमो के शिकारीपाड़ा के विधायक और दुमका प्रत्याशी नलिन सोरेन ने सपरिवार बूथ संख्या 29 पर मतदान किया। नलिन सोरेन पत्नी जोएस बेसरा, बेटा-बहू और बेटी के साथ मतदान केंद्र पहुंचे।

**दीपिका पांडेय सिंह ने की वोटिंग :** महगामा की कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने लोगों से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। साथ ही कहा कि आज का दिन बेहद खास है। आज आपका दिया हुआ एक वोट अगले पांच साल के लिए आपका भविष्य तय करेगा। लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान अवश्य करें।

## दुमका में तीर-धनुष ही चलेगा: इरफान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधायक डॉ इरफान इंसारी ने कहा है कि दुमका में तीर धनुष ही चलेगा। नलिन सोरेन को जीतने से कोई भी नहीं रोक सकता। महागठबंधन के उम्मीदवार को बंपर वोट मिल रहा है। इरफान ने वीडियो जारी कर कहा है कि मोदी को लोगों ने नकार दिया है। वह कन्याकुमारी में साधना में लीन हैं, लेकिन हमलोग यहां कष्ट में हैं। प्रधानमंत्री को अपने 10 साल के कार्यकाल में हुए काम काज पर बात करनी चाहिए। मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला है। लोग घरों से निकल कर बड़ी संख्या में वोट करने पहुंचे। संताल परगना की तीनों सीटों में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से जीत रहे हैं।

# निशिकांत दुबे ने पत्नी संग किया मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोड्डा।** गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे ने शनिवार को बीएड कॉलेज के बूथ में मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी अनामिका गौतम और दोनों बेटों ने भी वोट डाले। इससे पहले निशिकांत दुबे देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। बाबा धाम में पूजा अर्चना करने के बाद निशिकांत दुबे दुमका के जरमुंडी स्थित बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा बासुकी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे वोटिंग करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीत का दावा किया। साथ ही राहुल गांधी को इंडी गठबंधन द्वारा प्रधानमंत्री का चेहरा बनाये जाने की अटकलों पर कहा कि पहले राहुल गांधी चुनाव जीत जायें, वे चुनाव हारकर प्रधानमंत्री नहीं बन सकते।

# स्पीकर ने परिवार के साथ किया मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष और नाला विधायक रवींद्रनाथ महतो ने शनिवार को परिवार के साथ बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। रवींद्रनाथ महतो ने नाला विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 91 उच्च मध्य विद्यालय पाटनपुर में वोट डाला।



# नक्सली कमांडर रामलाल ने पहली बार किया मतदान

**पांच लाख का इनामी था दस साल रहा जेल में**

आजाद सिपाही संवाददाता



**दुमका।** लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुए नक्सली कमांडर रामलाल राय ने पहली बार मतदान किया। शनिवार को वह काठीकुंड स्थित अपने मतदान केंद्र में परिवार के साथ वोट डालने पहुंचा। उस समय सुबह के 11 बज रहे थे। करीब 38 वर्षीय रामलाल के बूथ पर पहुंचते ही भारी भीड़ जमा हो गयी। वह परिवार के साथ मतदान के लिए कतार में खड़ा हो गया और अपनी बारी का इंतजार करने लगा। वोट करने के बाद वह आम लोगों को उंगली में लगी स्याही हो दिखाया। बाद में उसने पत्रकारों को अपनी आपबीती भी बतायी। उसके मुताबिक उसके ऊपर अब भी 6 केस दर्ज हैं। सरकार ने पांच लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था। वह वर्ष 2013 में पकड़ा गया था और पिछले साल 2023 में उसे जमानत मिली है। उसका कहना है कि सरकार को बेरोजगारों पर ध्यान देना चाहिए। रोजगार के अभाव में झारखंड के युवा हथियार उठा लेते हैं। या फिर पलायन एकमात्र रास्ता बचता है। वह खुद किन-किन घटनाओं में शामिल था, उसका ब्योरा दिया। काम अगर मिलता तो कोई नक्सली नहीं बनना चाहेगा। उसने लोकतंत्र पर आस्था व्यक्त करते हुए भारत को मजबूत करने की बात भी कही। उसके मुताबिक जब वह संगठन में था तो उसके पिता की मौत इलाज के अभाव में हो गयी। वह अपने पिता को देखने घर भी नहीं आ पाया था। काठीकुंड वही इलाका है जहां आइपीएस अधिकारी अमरजीत बलिहार सहित पांच पुलिसकर्मी नक्सलियों के हाथ शहीद हुए थे।

## क्यूरेस्टा हॉस्पिटल से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर

# विश्वस्तरीय सेवा प्रदान करने में सक्षम होंगे : अविनाश




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल ने मेडिकल टीम में कुशल और अनुभवी डॉक्टरों के एक नये समूह को शामिल करने की घोषणा की। नयी टीम में न्यूरो साइंसेज विभाग में डॉ संजय कुमार, डॉ पैट्रिक मिंज और टीम को शामिल किया गया। लैप्रोस्कोपिक और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी विभाग में डॉ मेजर रमेश दास, डॉ ओम प्रकाश और टीम, कार्डियक साइंसेज विभाग में डॉ अनुपम कुमार और टीम, मैक्सिलो फेशियल और ट्रोमा सर्जरी विभाग में डॉ अनुज कुमार और कई अन्य दिग्गज डॉक्टर व्यापक और उन्नत चिकित्सा सेवा प्रदान करने की हमारी क्षमता को बढ़ाने के लिए शामिल हुए। चेयरमैन अविनाश कुमार ने नयी नियुक्तियों के बारे में कहा कि हम अपनी टीम में डॉक्टरों के ऐसे प्रतिष्ठित समूह का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। उनकी विविध विशेषज्ञता और मरीजों के देखभाल के प्रति समर्पण हमारी क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ायेगा। अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है और विश्वास है कि मरीजों को लाभ होगा। क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल हमेशा से ही चिकित्सा नवाचार और रोगी देखभाल में सबसे आगे रहा है। इन प्रतिष्ठित डॉक्टर्स को शामिल करने के साथ रांची में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

# संताल परगना की जनता ने दिया भाजपा को आशीर्वाद : बाबूलाल

**झारखंड को लूटने वालों को दिया करारा जवाब**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संताल परगना में संपन्न तीन लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया है। श्री मरांडी ने कहा कि संताल की जनता ने अपने मतदान से इतिहास रचा है। भाजपा के खाते में तीनों सीट डालने के लिए संथाल परगना की महिलाएं, युवा साथियों ने बढ़ चढ़ कर मतदान किया है। उन्होंने कहा कि संताल की जनता भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और घुसपैठियों के आतंक से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम राज्य में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत एनडीए सरकार का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# झारखंड में एनडीए को 14 सीटें मिलेंगी, इंडी ठगबंधन शून्य पर आउट : आदित्य साहू

**गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा जीत दर्ज कर रही**

**शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जनता और चुनाव आयोग का जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने 1 जून को प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा के जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए पिछले डेढ़ महीनों से चल रही मतदान प्रक्रिया का सातवां और अंतिम चरण आज संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी चार चरणों में मतदान निर्धारित था। चौथे से लेकर सातवें चरण तक में झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। राज्य के एक विधानसभा क्षेत्र गांडेय की खाली सीट पर भी उपचुनाव संपन्न हुए। संताल परगना के तीन लोकसभा क्षेत्र गोड्डा, दुमका और राजमहल में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान किया है। मतदान के बाद को सूचनाएं मिली हैं, उसमे औसत मतदान का प्रतिशत 65% से ज्यादा रहा। मतदान के लिए प्रदेश भारतीय जनता पार्टी मतदाताओं का हृदय से आभार प्रकट करती है। भाजपा चुनाव आयोग एवं प्रशासनिक, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मचारियों का भी इस तपती गर्मी में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए आभार प्रकट करती है। भाजपा प्रेस मीडिया के साथियों का भी धन्यवाद एवं आभार करती है, जिन्होंने कठिन परिश्रम से छोटी बड़ी सभी महत्वपूर्ण खबरों को जनता के बीच पहुंचाया। मतदान में महिला और युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया। बूथों पर लंबी कतारें ये बता रही कि जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए मतदान किया है। 2019 के चुनाव में जनता के आशीर्वाद से राज्य की 12 सीटें एनडीए को मिली थी। जिस प्रकार से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गांव, गरीब किसान, मजदूर दलित, आदिवासी वंचित पिछड़े सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। हर चौखट तक विकास की किरणें पहुंचाई। साथ ही, देश का सांस्कृतिक गौरव बढ़ाया। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ाया। ये सारे प्रयास जनता के दिलों को छूने वाले हैं। मोदी की यह गारंटी जनता को पसंद आयी। साथ ही इंडी एलायंस ने पूरे देश और झारखंड में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का समर्थन किया। झूठे वादों और झूठे नैरेटिव से जनता को दिग्भ्रमित किया। यह जनता को पसंद नहीं आयी। राज्य के आदिवासी दलित, पिछड़े सभी वर्गों में राज्य सरकार के प्रति गहरा असंतोष था, जिसको जनता ने वोट के माध्यम से चोट किया है। इंडी ठगबंधन इस चुनाव में पूरी तरह 0 पर आउट हो रहा है। चुनाव के पहले ही कांग्रेस साफ हो गयी थी। ठगबंधन हाफ हो गया था। चुनाव परिणाम के बाद पूरा ठगबंधन साफ हो जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह, एवम तारिक इमरान भी मौजूद थे।

## राधा-कृष्ण मंदिर में झूमे श्रद्धालु भक्त



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** श्री राधा-कृष्ण मंदिर झुमरी में लाड़ली जू के लाड़ले भजन मंडली के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर राधा-कृष्ण का आकर्षक श्रृंगार किया गया। मौके पर स्थानीय भजन कलाकारों ने दरबार और तालाब के बीच में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। वहीं लाड़ली जू के लाड़ले समिति के नीतीश गुप्ता और नीतीश वर्णवाल ने बताया कि प्रति दिन संध्या 7:30 बजे से 9 बजे तक भजन कार्यक्रमों का आयोजन होता है। यहां स्थानीय कलाकार दरबार में पहुंचकर भगवान कृष्ण और राधा को भजनों के माध्यम से रिझाने का काम करते हैं। भजन गायक मधु सिंह ने सजने का शौकीन हैं बाबा श्याम कोई कसर न रहे ऐसा कर दो श्रृंगार सब देखते रह जाए.., उर्वसी पांडेय ने तेरी मंद-मंद मुसकनिया से.., दिव्या कुमारी ने छोटी-छोटी गैया छोटे-छोटे से ग्वाल छोटो से मेरे मदन गोपाल.., ऋचा देवी, रानी कुमारी, प्रियंका कुमारी ने सांवली सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया.., सुमन कुमारी ने गौरा के चुनरी पे ओम लिखा है.., संजीव पांडेय ने डिमका-डिमका क र डमरू बाजे, नीतीश गुप्ता ने बोलो-बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय.., संजय कुमार तिवारी ने अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो.., मनीष कुमार, उमेश यादव ने हरे राम हो राम रामा रामा हरे-हरे.. तथा नीतीश वर्णवाल ने रामा-रामा रटते-रटते बीती रे उमरिया जैसे भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को खूब झुमाया। पूजा-अर्चना पंडित रणधीर पांडेय ने कराई। इस मौके पर पप्पू सिंह, अरविंद चौधरी, राजू आजमानी, मनोज आजमानी, आर्यन हर्षराज सहित कई श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

## प्रवासी मजदूर की मुंबई में हुई मौत



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के फुरुका गांव का मजदूर युवक सागर ऊर्फ शंकर मेहता (30 वर्ष) पिता चंदर मेहता की मौत 31 मई की रात (मुंबई) महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के तपोली में हो गयी। मृतक वहां पटरा सेटिंग मजदूर का काम करता था। परिजनों ने बताया कि उसकी तबियत 31 मई की शाम खराब हो जाने के वजह से काम से लौटने के बाद सो गया। करीब नौ बजे जब साथ में काम कर रहे अन्य मजदूर ने उठाया तो नहीं जगा इसके बाद सागर को आनन फानन में अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के सहयोग से शव को पैतृक गांव फुरुका लाया जा रहा है। इधर मौत की खबर सुनते ही उसकी पत्नी कंचन देवी, पुत्री स्वाति (10 वर्ष), पुत्र अंश (18 माह) माता रजिया देवी, पिता समेत सभी परिवार के सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक सागर तीन भाइयों में से छोटा था। प्रवासी मजदूर की मौत पर मुखिया मीना देवी, पंचायत समिति सदस्य कमली देवी समेत गांव के लोगों ने गहरा शोक जताया है। साथ ही उचित मुआवजा दिलाने की मांग उपायुक्त हजारीबाग से किया है।

## मंगुरा में वज्रपात, एक व्यक्ति की मौत

**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मंगुरा गांव निवासी जागेश्वर प्रसाद मेहता उर्फ जागो महतो उम्र करीब 55 वर्ष की मौत शनिवार को वज्रपात से हो गयी। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है। घटना के बाद पत्नी और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा की मृतक भगवानपुर के मतले टांड़ में मवेशी चरा रहा था। अचानक आयी तेज बारिश के दौरान पेड़ के नीचे खड़ा था। इसी दौरान ठनका की चिंगारी के चपेट में आने से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। अन्य चरवाहों की सूचना पर परिजन और ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे।

## डीडीसी ने की योजनाओं की समीक्षा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार डोमचांच में मनरेगा और अबुआ आवास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक के दौरान मनरेगा योजनाओं और आंगनबाड़ी, बागवानी योजनाओं में गड्ढे की खुदाई पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। पुराने योजनाओं को पूर्ण करने हेतु एक सप्ताह के अंदर सभी ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। जिन पंचायत में कूप निर्माण भौतिक रूप से पूर्ण कर लिया गया है उन्हें नरेगा सॉफ्ट पर पूर्ण कराये। विगत साल से पड़े खेल मैदान का भी निरिक्षण कर पूर्ण कराये। अबुआ आवास के लाभुकों का शत प्रतिशत मास्टर रॉल निर्गत करेंगें। अबुआ आवास योजना अंतर्गत सभी पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि सभी स्वीकृत लाभुकों द्वारा शत प्रतिशत आवास कार्य प्रारंभ करायेंगे और उनका प्लिंथ स्तर तक कार्य कराते हुए जियो टैग करें।

## जयनगर में आंधी-तूफान ने मचायी तबाही

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** अक्सर कहा जाता है कि प्रकृति की मार से कोई बच नहीं सकता। जहां एक और दो दिन पहले तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। जिससे जनजीवन तबाह था, वहीं दूसरी ओर अचानक आयी तेज आंधी व तूफान ने दर्जनों पेड़ गिरा दिये। कई पेड़ घरों के ऊपर गिरा तो किसी के छप्पर उड़ गया। मंजर यह था कि चारों तरफ तबाही तबाही किसी के घर के ऊपर पेड़ गिरा। तो कहीं बिजली के तार पर पेड़ गिरा, तो कहीं बिजली के पोल उखड़ गये। पेड़ पौधे बिजली के तार व पोल गिरने के कारण कई जगह बिजली के खंभे भी उखड़ गये। पीपचो में प्रकाश सिंह और विजय सिंह मुर्गा फार्म में दो लाख पचास हजार रुपये का नुकसान हो गया है। बता दें कि फार्म में 1200 चूजा पालन किया जा रहा था वह भी खत्म हो गया।

## बनास मेले के आयोजन को लेकर बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव में 12 साल बाद बनस मेला आयोजन करने को लेकर राम जानकी मंदिर के प्रांगण में मेला समिति का गठन किया गया। इसकी अध्यक्षता जय हिंद महतो ने किया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष पिंटू कुमार गुप्ता, सचिव पवन कुमार, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दर्शन प्रसाद कुशवाहा, संयोजक जय हिंद महतो, भगत संगठन मंत्री कार्तिक भुइयां, कारू भुइयां, उप सचिव बुधन महतो, उपकोषाध्यक्ष पुजारी चिंतामणि महतो, पुजारी अरविंद कुमार, प्रेम कुमार, चंदा प्रभारी रविंद्र लाल, लोकन महतो, इंद्रनाथ महतो, चंद्र महतो, प्रीतम महतो, सरजू भुइयां, दीपू साव, जुगेश्वर महतो, संतोष ठाकुर, इंद्रनाथ पासवान, कमल पासवान, संरक्षक मनोज गुप्ता, इंग्लेश सोनी, दर्शन प्रजापति, पुरोहित सतीश मिश्रा को चयन किया गया। बनस मेला 7 जून को शाम में जमना शुरू होगा। 8 जून को 60 फीट ऊंचे खंभे के लाट में शिव भगत लोहे के कील से अपने पीठ में छिदवा कर झूलेंगे।

# 20 हजार रुपये रिश्वत लेते मनरेगा के जेइ और दलाल को एसीबी ने दबोचा

**गिरफ्तार जेइ दशरथ दास चतरा के लावालौंग प्रखंड में कार्यरत है**

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध हजारीबाग एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपये घूस लेते मनरेगा जेई दशरथ दास और उसके दलाल ब्रजेश यादव को दबोचा है। शहर के जेल रोड से दलाल और लमटा-चतरा मुख्यमार्ग से जेई की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार जेई दशरथ दास चतरा के लावालौंग प्रखंड के कार्यरत है। दलाल के माध्यम से ही कूप निर्माण के लाभुक से मापी और भुगतान के नाम पर घुस लेता था। दलाल ब्रजेश लमटा गांव का रहने वाला है। वादी निलेश कुमार, पिता-मनोज प्रसाद, ग्राम-आतमपुर, पो-शिवराजपुर, पंचायत-लमटा, थाना+प्रखंड-लावालौंग, जिला-चतरा के द्वारा इस आशय का आवेदन हजारीबाग एसीबी को दिया गया था, कि इनके चाचा शम्भु प्रसाद, पिता-स्व रामवृक्ष साव के नाम से बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य प्रखंड के द्वारा मिला है। इनके चाचा अस्वस्थ रहते हैं, जिस कारण उनके द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से कूप निर्माण से संबंधित कार्य करने हेतु इन्हें प्राधिकृत किया गया है। कूप का अधिकतम कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका मापीपुस्त तैयार करने के लिए कनीय अभियंता दशरथ दास के द्वारा 20,000 का मांग किया जा रहा है। वादी रिश्वत देना नहीं चाहते हैं। इसलिए पुलिस अधीक्षक, भ्रनि ब्यूरो, हजारीबाग को आवेदन दिये है। विधिवत सत्यापन कराने के क्रम में जेई दशरथ दास के द्वारा वादी निलेश कुमार से 20,000 रिश्वत मांगने का आरोप को सत्य पाया गया। प्रतिवेदन के आधार पर भ्रनि ब्यूरो हजारीबाग थाना कांड सं-07/2024 दर्ज कर अग्रेतर कारवाई में जुट गयी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग के ट्रैप टीम के द्वारा दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति में शुक्रवार को निलेश कुमार से आरोपी ब्रजेश कुमार के द्वारा 20,000 रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही प्राथमिकी अभियुक्त दशरथ दास उर्फ दशरथ रविदास पिता-नान्हे रविदास, ग्राम-डेबो, थाना-चौपारण, जिला-हजारीबाग के द्वारा वादी के बिरसा कूप निर्माण में कमिशन के रूप में रिश्वत की राशि 20,000/- (बीस हजार) मांगे जाने की बात पुष्टि होने पर और ब्रजेश कुमार (दलाल) के बयान पर जेई को गिरफ्तार किया गया।

# जल संकट से घिरे इलाकों में टैंकर से जलापूर्ति

**चापानल की मरम्मति में जुटे कर्मी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश के आलोक में संबंधित विभाग के पदाधिकारी आमजनों को गर्मी से राहत दिलाने और पेयजल आपूर्ति के लिए त्वरित कार्रवाई करने में जुटे हैं। पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया द्वारा जारी संपर्क नंबर पर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिनका टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चापानल की मरम्मती करायी जा रही है। चापानल मरम्मती संबंधित जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों यथा ककरचोली, सतडीह, शिवपुर, बंगाखलार, चेहाल, बेंदी, गझंडी इत्यादि पंचायतों से प्राप्त हुई, जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए निराकरण कर लिया गया। अगर मई माह में देखा जाये तो जिले के विभिन्न पंचायतों से चापानल मरम्मती संबंधित करीब 504 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए निराकरण किया गया और प्रभावित लोगों ने राहत की सांस ली। नगर निकायों क्षेत्रों में भी उपायुक्त के निर्देश के आलोक में लगातार जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। जल संकट वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए आवश्यकतानुसार लगातार जलापूर्ति की जा रही है। इसके समर्पित नगर निकाय के पदाधिकारी के द्वारा टीम गठित की गयी है। विशेष रूप से नगर परिषद् झुमरीतिलैया क्षेत्र के जल संकट वाले इलाकों में पानी की आपूर्ति की गयी। प्रत्येक दिन औसतन करीब 6 हजार लीटर पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसी प्रकार कोडरमा नगर पंचायत के जल संकट से जूझ रहे इलाकों औसतन करीब 5 हजार लीटर तक पानी की आपूर्ति की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में चालक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी में शनिवार को एक ट्रेलर वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में टेलर वाहन का चालक घायल हो गया। जिसकी पहचान बिहार के नवादा निवासी बिट्टू कुमार उम्र 20 वर्ष पिता भोला यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर में बोकारो से केबल लोड कर इसे पटना पहुंचा जा रहा था। इस दौरान कोडरमा घाटी में टेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चिकित्सकों की निगरानी में चल रहा है।**

# टाटीझरिया में जल स्तर गिरा, गहराया संकट

**तालाब और चापानल सूखने के कगार पर लोग जल की भारी किल्लत से परेशान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** कटते जंगल और गिरते भूतल स्तर से नदी-तालाब सूखते जा रहे हैं। गांव के हैंडपंप भी ठीक नहीं हैं। ऐसे में झरपो पंचायत के लोगों को पानी की मशक्कत करनी पड़ रही है। लोधी में बने चेक डेम से किसानों की बहुत आस रहती है अगल-बगल खेत में, बाड़ी में टमाटर बोदी, मिर्च करेला लगा हुआ है लेकिन चेक डेम का पानी सुख जाने के कारण लगे फसल सुख गया है किसानों की चिंता बढ़ गयी है गंदे पानी पीना लोगों की मजबूरी हो गयी है। कई गांवों में पानी के लिए दो-तीन किमी की दौड़ लगानी पड़ रही है। लोगों को पानी के लिए सूर्योदय से पहले बर्तन लेकर घर से निकलना पड़ रहा है।

झरपो पंचायत की बात करे तों यहां प्रखंड में सबसे अधिक पानी की समस्या हर वर्ष होती है। तेज गर्मी के कारण भूजल स्तर नीचे चला गया है। खेती के लिए किसान तालाब पर निर्भर रहते है लेकिन तालाब में पानी नहीं रहने से कुछ तालाबों की दरारे फट रहा है हरिजन टोला में एक चापानल व तीन कुएं है और काफी देर हैंडपंप चलाने पर पानी निकलता है वही तीन कुएं है जो पुरी तरह से सूखते जा रहे है देवीमंडप झरपो में लगा जलमिनार से लोगों को प्यास बुझाई जा रही है जल मीनार खराब हो जाने पर पानी की किल्लत हो जाती है ठिकेदार का अता पता नहीं रहता है। वही के ग्रामीण अपने खर्च वहन करके मशीन बनवाते है लोगों को दूर से पानी लाना पड़ रहा है। टाटीझरिया प्रखंड में बहुत ऐसे हैंडपंप है जो काफी मशक्कत के बाद कुछ हैंडपंप को छोड़कर बहुत ऐसे हैंडपंप है पानी निकलता है तो बर्तन भी भर नहीं पाता। कुछ हैंडपंप महीनों से खराब है। जिसे न सुधारना विभाग अपनी शान समझता है। प्रखंड क्षेत्र के हर गांव, मोहल्ला में जल की समस्या भीषण गर्मी आने पर जल की समस्या उत्पन्न होती है यदि गर्मी आने से पूर्व खराब हैंडपंप की मरम्मती हो जाती तो जल का यह संकट कभी नहीं होता। वही किसान अशोक प्रसाद, प्रमोद कुमार ने कहा कि जगह जगह बोरिंग होने से पानी का जलस्तर इतना नीचे चला गया है कई नदी तलाबे भी सूख चुके हैं लोग आशा बनाए हुए हैं की कब भगवान की मेहरबानी कब होगी और बरसात पडेगी। इधर गर्मी से परेशान और इधर पेयजल की घोर समस्या बनी हुई है लोग पानी के बिना त्राहि त्राहि कर रहे है।

# पीडीजे वीरेंद्र तिवारी को दी गयी विदाई

**इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय कोडरमा के न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा न्यायमंडल के स्थानांतरित प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय कोडरमा के न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि कोडरमा न्यायमंडल के द्वारा दिये गये इस सम्मान को मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। इस न्यायमंडल की सुनहरी यादें हमेशा मेरे जेहन में गूंजती रहेंगी। उन्होंने कहा कि मैं प्रतिदिन ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिन भर में यदि मैं किसी एक व्यक्ति के भी आंसू पोंछ पाता हूं तो मुझे लगता है कि मेरा दिन सार्थक हो गया। जिला जज प्रथम गुलाम हैदर ने कहा कि प्रधान जिला जज के नेतृत्व में कोडरमा न्यायमंडल ने न्यायिक कार्यों में भी एक अनूठी मिशाल पेश की है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि प्रधान जिला जज के द्वारा कोडरमा न्यायमंडल में किये गये कार्य अपने आप में एक अनूठी मिशाल है। अपर समाहर्ता पूनम कुजूर ने कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका में इतना बेहतर सामंजस्य कोडरमा के अलावा और कही देखने को नहीं मिलता है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश और जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा ने प्रधान जिला जज द्वारा कोडरमा न्यायमंडल में किये गये कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर न्यायमंडल की ओर से न्यायिक पदाधिकारियों की ओर से उपहार देकर प्रधान जिला जज को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कोडरमा स्वर संगम म्यूजिकल क्लब के मशहूर कलाकार संजीत भारती, दीपक कुमार, खुशबू सोनकर, आशीष सिन्हा और सुशील द्विवेदी ने अपने गीतों की प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। वादक के रूप में नाल पर विवेक सिंह, ऑर्गन पर शशि चंदेल, गिटार पर शशि कुमार और पैड पर अशीम मुखर्जी ने संगत किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया। मौके पर जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज तृतीय संजय कुमार चौधरी, जिला जज चतुर्थ राकेश चंद्रा, सीजेएम अमित कुमार वैश, एसीजेएम मनोरंजन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, मुन्सिफ मिथिलेश कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, ज्योत्सना पाण्डेय, नमिता मिंज, सिविल सर्जन डा अनिल कुमार, कोषागार पदाधिकारी नजरुल लेल, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीटीओ विजय कुमार सोनी, बाजार समिति के सचिव अभिषेक आनंद, कार्यालय अधीक्षक अजय प्रकाश, कोर्ट मैनेजर सैयद ताजदार हसन, लेखापाल मनोज गुप्ता, राजीव कुमार, नाजिर अभिमन्यु कुमार, अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, आशीष कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार चौधरी, अनिल कुमार सिंह, संजय कुमार, मनोज कुमार, संजय कुमार, रवि प्रकाश, रविन्द्र कुमार सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, राजेन्द्र दुबे, अभय कुमार, राजेश कुमार तरुण, धीरज सिंह, जेनिश कुमार, राजेश कुमार सहित सभी न्यायालयकर्मी मौजूद थे।

## एयर फोर्स में नौकरी के लिए बढ़िया मौका

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** भारतीय वायुसेना युवाओं को अग्निवीर वायु के रूप में अपने साथ जुड़ने का मौका दे रही है। इस बार इसमें वही भाग ले सकते हैं। जिनकी संगीत में रुचि है। इसके लिए आगामी 3 जुलाई से 12 जुलाई तक कानपुर और बेंगलुरु में भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा। इस भर्ती रैली में भाग लेने के लिए पूर्व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 22 मई से शुरू हो रहा है अगले 5 जून को रात 11 बजे तक तक अग्निवीर वायु की आफिशियल वेबसाइट पर अभ्यर्थी निबंधन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद अभ्यर्थियों को एक प्रोविजनल एडमिट कार्ड मिलेगा। जिसके आधार पर वह भर्ती रैली में शामिल हो सकेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 100 सौ रुपये निर्धारित है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को जीएसटी भी देना होगा। आवेदन वहीं कर सकते हैं। जिनकी जन्मतिथि 2 जनवरी 2004 और 2 जुलाई 2007 के बीच हो। आवेदक का अविवाहित होना अनिवार्य है। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10 पास होना चाहिए। इसके साथ ही उसे संगीत की अच्छी समझ होनी चाहिए। टेंपो पिच गायन वाद्य यंत्रों की ट्यूनिंग आदि की जानकारी रखने वाले अभ्यर्थी ही भर्ती रैली में चयनित किये जायेंगे। अभ्यर्थियों को भारतीय शास्त्रीय वाद्य यंत्र, बांसुरी, तबला, कीबोर्ड, गिटार, वायलीन, ड्रम, सेक्सोफोन आदि में से किसी दो में निपुण होना जरूरी है। इसके साथ ही उनके पास संगीत की डिग्री भी होनी चाहिए। विस्तृत जानकारी अग्निवीर वायु की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## डीएवी संस्था का 139वां स्थापना दिवस मना



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** 1 जून को डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में डीएवी संस्था का 139वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीवन सिंह परमार, प्राचार्य और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा महात्मा हंसराज की प्रतिमा पर सामूहिक पुष्पांजलि कर संपन्न हुआ। तत्पश्चात विश्व शांति, पर्यावरण की शुद्धि राष्ट्र कल्याण और डीएवी संस्था के समग्र विकास हेतु हवन किया। कार्यक्रम में साक्षी राज ने हिंदी में और शांभवी सिंह ने अंग्रेजी में सुंदर कविता प्रस्तुत किया। समृद्धि भारती और उनके साथियों द्वारा एक मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। दसवीं कक्षा की छात्रा मुसर्रत ने डीएवी स्थापना पर एक सुंदर पोस्टर बनाकर आकर्षक प्रस्तुति दी। सतीश यादव ने हिन्दी भाषण द्वारा सभी को महात्मा हंसराज और दयानंद सरस्वती के आदर्शों, सिद्धांतों और डीएवी संस्था के प्रति दिये गये अभूतपूर्व योगदानों को साझा किया। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यालय परिवार की तरफ से सभी बच्चों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अभिभावकों को डीएवी स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चित्रांकन और डिबेट कार्यक्रम आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समर्पण और सीएसीएल के संयुक्त तत्वावधान से कोडरमा जिला, बेंदी पंचायत के ग्राम चोरहीचट्टान में 44 दिवसीय बाल श्रम मुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत गंगा, गायत्री और लक्ष्मी समूह के किशोरियां और सूरज बाल मंच के बच्चों के बीच चित्रांकण और डिबेट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समर्पण के कार्यकर्त्ता नीलेश यादव ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है। जिसमें बच्चे अपनी उम्र के हिसाब से उचित शिक्षा और बचपन के बजाय मजदूरी या श्रम में संलग्न होते हैं। यह प्रथा बच्चों के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक विकास को बाधित करती है। बाल श्रम का मुख्य कारण गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक असमानता है। परियोजना समन्वयक नवीण कुमार ने कहा कि बाल श्रम करने से बच्चों में शारीरिक प्रभाव, मानसिक प्रभाव, शैक्षिक प्रभाव और सामाजिक प्रभाव आदि का सामना करना पड़ता है। इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यकर्त्ता मनीष लहेरी ने कहा कि बाल श्रम को समाप्त करने के लिए समाज, सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को मिलकर काम करना होगा, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य मिल सके। इस दौरान बच्चों ने बाल मजदूरी को बहिस्कार करते हुए बाल श्रम करना अभिशाप है, के नारे लागाये और बाल मजदूरी से संबंधित चित्रांकण के माध्यम से बच्चे और बच्चियों ने अपने-अपने कालाओं को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समर्पण के कार्यकर्त्ता राजेश कुमार, क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता देवानंती देवी, शिव कुमार और समाज सेवी बुधलाल सिंह की अहम भूमिका रही।

## डीएसओ ने पीडीएस डीलरों के साथ की बैठक

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीएसओ ने शनिवार को विष्णुगढ़ में पीडीएस डीलरों के साथ बैठक की। प्रखंड मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक में डीएसओ सुधीर कुमार ने डीलरों की समस्याओं से अवगत हुए। इस सम्बंध में कहा कि सुधार के लिए आगे प्रतिवेदित किया जायेगा। इसके साथ ही सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया उन्होंने खाद्यान्न का वितरण सही तरीके से सही मात्रा में और समय पर करने का आदेश दिया। जिनका वितरण कम है जांच करने का आदेश एमओ को दिया गया। बैठक में प्रभारी एमओ पियूष कुमार, टेकोचंद महतो, उमेश पांडेय, तापेश्वर रजक, भोला प्रसाद, समेत प्रखंड के सभी पीडीएस डीलर व महिला समूह के लोग उपस्थित थे।

## सर्पदंश बचाव और उपचार को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला अंतर्गत प्रखंड मुख्यायलय मरकच्चो स्थित दक्षिणी पंचायत के रौशन बागी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विपिन कुमार के नेतृत्व में सर्पदंश बचाव व उपचार को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जागरूकता शिविर में बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटना में बढोत्तरी हो जाती है। बरसात के मौसम में बिलों में पानी भर जाता है जससे सर्प बाहर निकल जाते हैं और सर्पदंश की घटना बढ़ जाती है। जागरूकता शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सर्पदंश से बचने व उसके उपाय की जानकारी दी गयी। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो से डॉ राकेश कुमार सिंह, एएनएम संजुला कुमारी, एमपीडब्ल्यू मुकेश कुमार, बीटीटी गंगाधर दास, सहिया साथी सुनीता देवी, सहिया मंजू देवी, अंजुम खातून, सेविका सुनीता देवी एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## पैतृक संपत्ति दो भाइयों को देकर रामगढ़ में रह रहे थे अशर्फी प्रसाद

# अपराधियों ने चकनाचूर कर दिये सारे सपने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** अशर्फी प्रसाद बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर पीडब्ल्यूआइ में क्लर्क के पद पर नौकरी कर चुके थे। बरकाकाना में लंबे वक्त तक रहने के बाद, जब वे रिटायर हुए तो अपने बच्चों और पत्नी का दिल रखते हुए विद्यानगर में मकान बनाने का निर्णय लिया। उनका पैतृक गांव बिहार राज्य के बेतिया जिला अंतर्गत शिवराजपुर में है। अशर्फी प्रसाद तीन भाई हैं। जब पैतृक गांव में संपत्ति का बंटवारा हुआ तो उन्होंने अपने हिस्से की संपत्ति दोनों भाइयों में बांट दी। सरकार का पेंशन, बेटे की नौकरी और बेटियों के खुशहाल जीवन के सहारे वह अपनी बाकी का जीवन रामगढ़ में बिताना चाह रहे थे। लेकिन अपराधियों ने उनके पूरे सपने को चकनाचूर कर दिया।



**परिवार और रिश्तेदार में अनबन के बिंदु पर भी जांच कर रही है पुलिसः** अशर्फी प्रसाद के परिवार और रिश्तेदारों को लेकर भी पुलिस छानबीन कर रही है। हालांकि अभी तक उसके बीच में अनबन को लेकर कोई सुराग नहीं मिला है। बेटी अल्का रामगढ़ में ही रहती है और अपने पति के साथ अपने मां-बाप का भी खयाल वह अच्छे तरीके से रखती थी। 10 दिनों से गर्मी की छुट्टी होने की वजह से वह अपने मां के साथ विद्यानगर में ही रह रही थी। अचानक इस हादसे ने पूरे परिवार को हिला कर रख दिया है। बेटे और बेटी ने जितने जवाब पुलिस को दिये हैं, उसमें अभी तक सब कुछ बेहद सुनहरा और अच्छा ही दिखाई दे रहा है। लेकिन जिस बर्बरता पूर्वक सुशीला देवी की हत्या की गयी है, उससे यह प्रतीत होता है कि कोई पुरानी दुश्मनी की वजह से ही इस परिवार को इतनी गहरी चोट देना चाहता था।

### पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे चंद्रप्रकाश चौधरी

**रामगढ़।** शहर के छोटकी मुर्राम स्थित विद्यानगर मुहल्ले में हुई सुशीला देवी हत्याकांड शहरवासियों को झंझकोर कर रख दिया है। मामले में शनिवार को पीड़ित परिवार से मिलने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पहुंचे। परिवार के सदस्यों से घटनाक्रम की जानकारी ली। साथ ही सुशीला देवी के पति अशर्फी प्रसाद, बेटे राहुल राजा, बेटी अल्का और परिवार के अन्य सदस्यों को चंद्रप्रकाश चौधरी ने ढांढस बंधाया। मौके पर उन्होंने कहा है कि कहा कि इस तरह की हृदय विदारक घटना ने हम सभी को झकझोर कर रख दी है। अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम देकर निकल जाना, अब तक कोई सुराग नहीं मिलना और अपराधियों का पकड़े नहीं जाना दुखद हैं, इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ेगा। पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार करें। ताकि लोग दहशत में न रहे। अगर लॉ एंड ऑडर बिगड़ेगा तो हम लोगों को भी प्रशासन और सरकार पर दबाव



बनाना पड़ेगा। इसलिए प्रशासन जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करें। जिससे लोगों में प्रशासन प्रति विश्वास बनी रहे। मौके पर नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, मनोहर गुप्ता, लेखराज महतो, कृष्णा उर्फ मलिंगा, बुद्धिजीवी मंच के विद्या नगर निवासी आर प्रसाद, सपन बनर्जी, आरती साहू, रंजना सिन्हा, गगन पाठक, महेश सिन्हा, अंशु कुमार आदि शामिल थे।

**घर में नहीं मिली संपत्ति तो लुटेरों ने सुशीला देवी पर उतारा गुस्सा :** अशर्फी प्रसाद के घर में घटना की वजह जानने को लेकर कई बिंदुओं पर आपस में भी बात हो रही है। एक बात यह भी उभर कर सामने आयी है कि अपराधी उनके घर में काफी संपत्ति होने की सूचना पर लूट की घटना को अनजान देने आये होंगे। पूरा घर खंगालने के बाद उन्हें कुछ खास हाथ नहीं लगा, तो उन लोगों ने अपना गुस्सा सुशीला देवी पर उतार दिया। हालांकि इस तथ्य में कितना दाम है यह तो पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। सुशीला देवी ने अपने शरीर पर जितने जेवर पहने थे, उतने ही अपराधियों को हाथ लगे हैं। लॉकर और अन्य स्थानों पर जो जेवर उन्हें मिले, वह आर्टिफिशियल ज्वेलरी थे। नगदी के नाम पर तीन से चार हजार रुपये ही घर में थे।

## डीएवी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी के स्थापना दिवस के अवसर पर अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। विद्यालय के अष्टम वर्ग के छात्र शुभम मिश्रा और षष्ठम वर्ग की छात्रा काव्या मिश्रा के निर्देशन में हवन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्र अधिकारी झारखंड जोन एफ के निशिकांत कर ने डीएवी के स्थापना दिवस को एक पवित्र दिन बताते हुए कहा कि स्वामी दयानंद के सपनों को पूरा करने के लिए हंसराज ने जो त्याग और बलिदान देकर एक जून 1886 को लाहौर में डीएवी विद्यालय की स्थापना की। उसके बाद भारत में एक शैक्षणिक क्रांति की शुरुआत हुई और आज पूरे भारत में लगभग 900 डीएवी संस्थाएं हैं। विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड केएम झा ने डीएवी संस्था को शैक्षणिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का द्योतक बताते हुए शिक्षकों का आह्वान किया। आज के दिन वे पूरी श्रद्धा और समर्पण से महर्षि दयानंद और महात्मा हंसराज के सपनों को पूरा करने में जुट जाने का संकल्प लें। मौके पर शिक्षक केके अम्बाष्ठा, सुधीर मिश्रा, अवधेश साहू, मुकेश झा, के भट्टाचार्जी, नीरज पाठक, एस गोस्वामी, सुमित कुमार, सौरभ पाठक, धर्मेंद्र गौतम, नवजीत आनंद और शिक्षिका रंजन वाला सिन्हा, भूपेंद्र कौर और विद्यालय के ऑफिस स्टाफ जेके झा और नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं. – एस.जी. 664–06–संकेत–2024–25, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

1. कार्य का नाम : धनबाद मंडल के जीसी और सीआईसी सेक्शन क शेष स्टेशनों में सेल्फ रिस्टोरिंग/ऑटो चेंज ओवर फ्यूज अलार्म सिस्टम का प्रावधान हेतु। 2. कार्य का आंकलित मूल्य : ₹3,31,67,461.04 (लगभग), 3. कार्य का अग्रधन राशि : ₹3,15,800/–, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 20.06.2024 (12:30 बजे)। 5. ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रास्तव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियम समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव का अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तक्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई–निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट:http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों का यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता/ पूमरे/धनबाद

पीआर/00393/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/24–25/36


## दहेज के लिए ससुराल वाले कर रहे प्रताड़ित



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के बुढीगड़ा गांव की एक विवाहिता के साथ उसके पति और सास -ससुर हैवानियत पर उतर आये है। समझौते के बाद भी ससुराल वाले विवाहिता के साथ बार-बार मारपीट करना और प्रताड़ित करना नही छोड़ रहें है। पीड़ित विवाहिता कविता देवी ने बताया कि उसके पति जितेंद्र भुइयां अपने माता-पिता के साथ मिलकर उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे है। विवाहिता का कहना है कि उसके पति का एक अन्य महिला के साथ नजायज संबंध है। जिसके कारण उसी महिला के इशारे पर ससुराल वाले मारपीट कर बच्चों के साथ घर से बाहर निकाल दिया है। पीड़िता ने अनेकों बार वशिष्ठनगर थाना और चतरा एसपी को आवेदन देकर इंसाफ के लिए गुहार लगा चूकी है। कुछ दिन पूर्व थाना प्रभारी द्वारा डाट फटकार कर समझौता कराकर महिला को पति जितेंद्र भुईयां के साथ रहने के लिए बॉड भी करवाया था। उसके बावजूद शनिवार को उसके पति और सास ससुर ने कविता देवी की हत्या का प्रयास किया। मारपीट में महिला के माथे में गंभीर चोट है। जिसका इलाज उप स्वास्थ्य केंद्र जोरी में किया गया।**


**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**

(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Pupunki (Km. 26.100) near village Pupunki in district Bokaro on NH-32**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Pupunki (Km.26.100) near village Pupunki in district Bokaro for the stretch from KM. 0.000 to Km 56.889 of NH-32 (Govindpur(Rajganj-Chas-West Bengal Border Section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 03.06.2024.

| Category of Vehicles | Fee for single journey (in rupess) | Fee for return journey within a day (in rupees) | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month (in rupees) | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza (in rupees) |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 80 | 120 | 2705 | 40 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 130 | 195 | 4370 | 65 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 275 | 410 | 9160 | 135 |
| Three-Axle Commercial Vehicles | 300 | 450 | 9990 | 150 |
| HCM or EME or MAV (four to six axles) | 430 | 645 | 14360 | 215 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 525 | 785 | 17485 | 260 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2024-25 shall be Rs. 340/-. **Project Director, NHAI, PIU-Dhanbad**


## मंडा पूजा को लेकर लोटन सेवा का आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के हेमतपुर में मंडा पूजा के पूर्व शनिवार दोपहर को तपती धूप में तीस शिव भक्तों ने गोमती नदी में स्नान कर खुले बदन लोटन सेवा करते हुए शिवालय पहुंचे। यहां पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा और पुरोहित सुरेश उपाध्याय के देखरेख में पूजा–अर्चना के साथ लोटन सेवा किया गया। बताया कि गया कि निर्जला उपावास में चल रहे भक्तगण को स्नान कर लोटन सेवा देने का रिवाज सदियों से है। लोटन सेवा वहीं भक्त कर सकते हैं जो उपावास में रहते हैं। इधर आयोजन समिति के मनबोध महथा ने बताया कि रविवार की रात मंडा पूजा के मौके पर छऊ नृत्य और मेला का आयोजन होगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मौके पर पंसस बलगोबिंद महतो, गुड्डू बक्सी, सुदाम महथा, धर्मदेव रजवार, विसर्जन बेदिया, गुलाब महथा, कामेश्वर चौधरी, रंजीत महथा, जलेश्वर महतो, टेपा करमाली, अनिल, पिंगलेश्वर आदि थे।

## सड़क किनारे पेड़ गिरने से सास-बहू की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** सदर अस्पताल से अपने बहू का इलाज करा कर मोटरसाइकिल से अपने घर जा रही सास- बहू की न्यू पेट्रोल पंप के पास पेड़ गिरने से मौत हो गयी। मृतका सदर प्रखंड के लमटा गांव निवासी विनोद पासवान की पत्नी गीता देवी इचाआहर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका थी। वह अपने पुत्र सुमन कुमार के साथ मोटरसाइकिल से गर्भवती नवविवाहित बहु शोभा कुमारी का इलाज कराने सदर अस्पताल आयी थी। सदर अस्पताल में इलाज करा कर मोटरसाइकिल से



तीनों अपने घर लमटा गांव जा रही थी। इसी बीच चतरा न्यू पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे गुलमोहर का पेड़ गिर जाने से आंगनबाड़ी सेविका गीता देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि बहू शोभा कुमारी की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। इस घटना में मोटरसाइकिल चालक सुमन कुमार बाल-बाल बचा। ज्ञात हो कि एनएच 22 मुख्य पथ पर दर्जनों पेड़ जर्जर स्थिति में खड़े हैं। इन पेड़ों के जड़ भी मिट्टी से अलग हो चुका है। इसके बावजूद राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग द्वारा इसे हटाया नहीं जा रहा है। जिसके कारण पहले भी कई लोगों की जानें जा चुकी है। इसके बावजूद न तो जिला प्रशासन, न वन विभाग और न ही राष्ट्रीय उच्च पथ निर्माण विभाग का इस और कोई ध्यान है। जबकि किसी स्थानीय लोगों द्वारा पेड़ की कटाई किया जाता है तो विभाग द्वारा उनके विरुद्ध कार्रवाई किया जाता है।


**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**

(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**Rate of User Fee at Toll Plaza Kothiya (Km. 109.880) near village Kothiya in district Dumka on NH-133**

All concerned are herewith informed that the user fee will be collected at Toll Plaza Kothiya (Km. 109.880) near village Kothiya in district Dumka for the stretch from Km. 94.000 to Km. 131.000 of NH-133 (Dumka- Deoghar section) in the state of Jharkhand w.e.f. 03.06.2024. (00:00:00 hrs)

**Revised user fee rate of Kothiya Toll Plaza w.e.f. 03.06.2024 (00.00 hrs)**

| Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 35.00 | 50.00 | 1085.00 | 15.00 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 55.00 | 80.00 | 1755.00 | 25.00 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 110.00 | 165.00 | 3675.00 | 55.00 |
| Three –axle commercial vehicles | 120.00 | 180.00 | 4005.00 | 60.00 |
| HCM or EME or MAV (four to six) | 175.00 | 260.00 | 5760.00 | 85.00 |
| Oversized Vehicles (seven or more axles) | 210.00 | 315.00 | 7015.00 | 105.00 |

The rate of monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km. from the Toll Plaza for the year 2024-25 shall be Rs.340/-.

Project Director
National Highways Authority of India,
PIU- Deoghar
Fulwati Kunj, Dabargram, Jasidih, Deoghar, Jharkhand-814142
Email: piudeoghar@nhai.org


## महाविद्यालय में अविभावक और शिक्षक की बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** महाविद्यालय रामगढ़ के इतिहास विभाग में अविभावक और शिक्षकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभागाध्यक्ष डॉ कामना राय ने कहा कि अभिभावक अपनी जिम्मेवारी का निर्वाहन करें। उन्हें चाहिए कि अपने बच्चों को अनुशासन के पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन अनिवार्य है। इसके लिए सर्वप्रथम अधिक से अधिक कक्षाएं करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि परीक्षा आवेदन की स्वीकृति के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कक्षा में 75प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य किया गया है। विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो रोज उरांव ने अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों का कक्षा में निरंतर उपस्तिथि दर्ज करायें। उन्होंने अभिभावकों को उनके बच्चों के विभागीय आंतरिक परीक्षा और बाह्य परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ खास गुर बताया। जिससे विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन हो सके। प्राचार्या के आदेशानुसार महाविद्यालय परिसर में अनुशासन के सभी बिन्दुओं का पालन करने जैसे कक्षा में यूनिफॉर्म में प्रवेश करने को कहा गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा प्रत्येक विद्याथीर्यों के अविभावक के साथ अलग अलग संवाद किया।

## कोयला खनन क्षेत्र में लोडेड ट्रकों की कहर का सिलसिला बदस्तूर जारी

# टंडवा में ट्रक ने मजदूर को कुचला, विरोध में जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** थाना क्षेत्र के रहमतनगर गांव के समीप तेज रफ्तार कोल वाहन ने साइकिल सवार मजदूर को रौंद डाला। इस घटना में मजदूर के दोनों पैर और सिर में गंभीर चोट आयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के सहारे घायल मजदूर को इलाज के लिए टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। जहां रांची ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना में मृतक मजदूर की पहचान तेलियाडीह गांव निवासी 45 वर्षीय सिकेन्द्र साव के रूप में की गयी। बताया गया कि मृतक मजदूर साईकिल से सवार होकर मजदूरी के लिए




धनगड्डा की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कोल वाहन ने उसे रौंद डाला। घटना में मजदूर की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नो एंट्री लगाने और मुआवजे की मांग को लेकर टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ को जाम आठ घंटे से अधिक समय तक जाम रखा। जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे सीओ विजय दास, बीडीओ देवलाल उरांव व थाना प्रभारी अनिल उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में घंटों मशक्कत के बाद मृतक के आश्रितों को आर्थिक मुआवजे के रूप में तीन लाख रुपये नकद दिये गये। जबकि आपदा प्रबंधन के तहत दो लाख अतिरिक्त दिये जाने की बात कही गयी। मौके पर कालीचरण सिंह, मनोज चंद्रा, जितेंद्र सिंह, देवंती देवी, आशा देवी, प्रयाग राम, गजेन्द्र कुमार, दुलारचंद साहू, सुरेश यादव, चंद्रदेव साहु और सुनिता देवी समेत अनेक लोग मौजूद थे।

**घटना के विरोध में दुकानें रही बंदः** घटना में मजदूर की मौत के आक्रोश में मिश्रौल, धनगड्डा व तेलियाडीह मुख्य चौक की दुकानें बंद रही। सभी लोगों ने पुलिस-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से नो एंट्री लगाने और चट्टीबारियातु के वाहनों को बंद कराने की एक स्वर में मांग किया।

**चट्टीबारियातू के वाहनों का परिचालन बंद कराने को लेकर डीसी की अध्यक्षता में होगी बैठकः विधायक :** वहीं मौके पर मौजूद विधायक किसुन दास ने कहा कि नो एंट्री व चट्टीबारियातू परियोजना से निकलने वाली वाहनों के परिचालन को बंद कराने को लेकर मतगणना के बाद उपायुक्त की अध्यक्षता में एक बैठक की जाएगी। बैठक में सिमरिया और टंडवा दोनों प्रखंडों के पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के जनप्रतिनिधियो की मौजूदगी में इन मांगों को जिला प्रशासन के द्वारा लागू कराने की बात की जाएगी। वहीं भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि 4 तारीख के बाद जनता के लिए गमछा बिछाकर सड़क पर आंदोलन के लिए उतरूंगा।

## मलेरिया माह मनाने को लेकर कार्यशाला



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छत्तरमांडू स्थित सिविल सर्जन कार्यायल के सभागार में शनिवार को मलेरिया माह मनाने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सीके शाही और एसीएमओ डॉ आदित्य कुमार रामा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सी के शाही ने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए हमें स्वच्छता को अपनाना होगा। जिसके लिए अपने घर के आसपास गंदे जल का जमाव नही होने दें। क्योंकि मच्छरों की उत्पत्ति गंदे स्थानों व जल जमाव से होता है। उन्होंने मच्छरों से बचाव के लिए लोगों से सोते समय मचछरदानी का प्रयोग करने को कहा। वहीं, कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ अजय कुमार चौधरी ने कार्यशाला में शामिल डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि घर में रखे कूलर, एसी, फ्रीज जैसे स्थानों में गंदे जल का जमाव ना होने दें। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, जिला यक्षमा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी, सदर अस्पताल के कार्यवाहक डीएस डॉ उदय श्रीवास्तव, डीपीएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव, निगरानी निरीक्षक मनोज कुमार, रविकांत रवि, संजना कुमारी, एमपीडब्लू महेश कुमार, संजय कुमार, मिन्हाज अंसारी सहित कई डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

## वज्रपात से दो लोगों की मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डुमरीकला पंचायत के देवरिया गांव में शनिवार को वज्रपात की चपेट में आने से दो की मौत हो गई। जबकि एक महिला घायल है। मृतकों में देवरिया गांव की 65 वर्षीय विलेश यादव और योगेश यादव की 52 वर्षीय पत्नी मीना देवी है। वहीं घायल महिला बिट्टू यादव की पत्नी समुद्री देवी है। तीनों गांव के समीप जानवर चरा रही थीं। इसी दौरान अचानक तेज आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश होने लगी। जिससे बचने के लिए सभी एक पेड़ के नीचे छिप गये। अचानक पेड़ पर वज्रपात हुआ और मौके पर विलेश यादव और मीना देवी की मौत हो गयी। वहीं समुद्री देवी घायल है। विलेश यादव और मीना देवी को हंटरगंज अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के करूण चित्कार से पूरा माहौल गमगीन बना हुआ है।

## मक्का की फसल उत्पादन कर किसान अपनी आय करें दोगुनी

# प्रोटीन मक्का की किस्मों का करें चयनः डॉ सुधांशु

**दीपक कुमार**

**मांडू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों में मक्का की फसल से किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। मुख्यतः यह फसल गर्मी के मौसम में उगायी जाती है। मई से 15 जुलाई तक इसकी खेती नकदी फसल के रूप में की जाती है किसान इसको बाजार में हरे भुट्टे के रूप में बिक्री करते हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश और पूरे झारखंड में इसकी अच्छी मांग है। मक्का फसल को 60 से 70 दिन में काटकर किसान प्रति एक-ड़ 30 से 40 हजार रुपये अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर लेते हैं तथा मक्का फसल के बाद जुतायी करके इस खेत में धान की रोपनी कर सकते हैं।

**संकर व संकुल बीज का चयन करते हैं किसान :** कृषि विज्ञान केंद्र, मांडू, रामगढ़ के



प्रधान डॉ सुधांशु शेखर ने बताया कि वर्तमान में जिले के गोला, चितरपुर, दुलमी और मांडू प्रखंड के किसान मुख्यतः संकर संकुल किस्म का बीज ही चयन कर रहे हैं। वर्तमान में लगभग एक हजार से ज्यादा हेक्टेयर में मक्का की खेती की जा रही है। सब्जी की फसल के अलावा इसकी खेती से किसान को अतिरिक्त आमदनी हो रही है। अब किसान स्वीट कॉर्न (मीठी मक्का) की खेती को अपनाकर अधिक मूल्य और पौष्टिक वाली मक्का की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। मक्का की फसल के बाद मूंगफली, शकरकंद आदि फसलों की खेती के लिए मिट्टी अच्छी रहती है। किसान पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने के लिए क्वालिटी प्रोटीन मक्का के किस्म का चुनाव करें। इसमें प्रोटीन लाइसिन व टिप्थेन की मात्रा अधिक होने के कारण कुपोषण से लड़ने में मदद मिलती है। किसान क्वालिटी प्रोटीन मक्का, मीठी मक्का, स्वीट कॉर्न, बेबीकॉर्न मक्का एवम पॉपकॉर्न मक्का के किस्मो को अपनाकर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है।

**खरपतवार की रोकथाम के लिए करें उपायः** मक्का फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए इतरागिन जिन एट्राजीन 50 डबल्यू पी की एक किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें। इसमें यूरिया को खड़ी फसल में दो बार दे। पहली बार फसल के 25-30 दिन की अवस्था में दूसरी बार 40-45 दिन की अवस्था में दें।

**प्रवासी कीटों से करें बचावः** मक्का फसल में प्रवासी की बहुत हानि पहुंचाते हैं। यह कीट पिल्लू गाभे में प्रवेश कर पौधे को नष्ट कर देते हैं। इसके लिए फसल की निगरानी करें। पिल्लू दिखाई देने पर एमजी इममिक्टीन बेंजोएट 5 एम जी को 0.4 ग्राम प्रति लीटर की दर से स्प्रे करें और रेत व चुना को (9:) मात्रा का मिश्रण बनाकर गाभे में डाल दें।

## आंधी-तूफान ने मचाया कोहराम

**भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल क्षेत्र में गिरे दर्जनों पेड़ व बिजली के तार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** मौसम के मिजाज बदलते ही लागों को जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं आंधी तूफान ने भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में कोहराम मचा दिया। शनिवार की दोपहर ढाई बजे से करीब पौने चार बजे तक जहां हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाने का काम किया। वहीं इस दौरान बारिश के बीच आंधी-तूफान ने कई पेड़ों व बिजली के तार को अपने चपेट में लेकर लोगों की परेशानी बढ़ा दी। आंधी तूफान के कारण पटेलनगर भुरकुंडा स्थित गुप्ता होटल के समीप एकाएक पेड़ गिर गया। इस दौरान कई दुकानों के हुडिंग व बैनर भी उड़कर सड़को पर गिरे पड़े मिले। वहीं सयाल मोड़ से भुरकुंडा पीओ ऑफिस जाने वाले रास्ते में दर्जनों पेड़ आंधी-तूफान के कारण गिर गये। वहीं 11 हजार केवीए का बिजली तार पेड़ो में लिपट गया और कहीं-कहीं टूट भी गया। जिसके कारण विद्युत व्यवस्था और पेय जलापूर्ति ठप हो गयी। वहीं कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। इधर जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित शिव मंदिर के समीप विशाल बेल का पेड़ गिर गया। हलांकि समाचार लिखे जाने तक कहीं पर भी कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। तेज हवा के साथ हुई बारिश ने जहां चुभने वाली गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया। वहीं कई लोग जलवान के लिए लकड़ी काटकर अपने घर ले गये। इधर आंधी तूफान के कारण भुरकुंडा कोयलांचल के सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, भुरकुंडा बाजार, रिभर साईड, जवाहर नगर, पटेलनगर, पगला आश्रम, हुरूमगढ़ा, हॉस्पीटल कॉलोनी, भदानीनगर के कुरसे, चिकोर आदि क्षेत्रों में दर्जनों पेड़ व बिजली के तार गिर गया। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# चुनाव खत्म, अब नतीजों का इंतजार

आठ राज्यों की 57 सीटों पर शनिवार को वोटिंग के साथ ही 18वीं लोकसभा के लिए चल रही 7 चरणों वाली लंबी मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गयी। इस दौरान चुनाव आयोग को कई तरह की चुनौतियों से दो-चार होना पड़ा। इन अनुभवों से मिले सबक पर गौर करना इसलिए जरूरी है कि आगे के चुनावों की क्वॉलिटी बेहतर की जा सके। ये चुनाव ऐसे समय कराये गये, जब देश का ज्यादातर हिस्सा भीषण गर्मियों की चपेट में रहता है। इस तथ्य को जितनी अहमियत मिलनी चाहिए थी, उतनी न देते हुए आयोग ने छह सप्ताह की अप्रत्याशित रूप से लंबी मतदान प्रक्रिया निर्धारित कर दी। इसके पीछे मकसद निश्चित रूप से मतदान प्रक्रिया को यथासंभव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाये रखना था, लेकिन इस वजह से नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में चुनावों को लेकर दिलचस्पी बनाये रखना मुश्किल होता गया। कम मतदान प्रतिशत के पीछे एक वजह यह भी मानी जा रही है। चूंकि ज्यादातर वोटरों को वोट देने के लिए बूथ तक जाना होता है और अनुभव बताता है कि यह हमेशा आसान नहीं होता, इसलिए इसका ध्यान रखने की जरूरत होती है कि जहां तक हो सके, वोटरों के घर से बूथ की दूरी ज्यादा न हो। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ही बात की जाये, तो यहां की सातों संसदीय सीटों में बूथों की संख्या 2019 के मुकाबले कम रखी गयी थी। वह भी तब, जबकि मतदाताओं की संख्या में 9 लाख का इजाफा हो चुका था।

**भारत जैसे बड़े और विविधतापूर्ण देश में अगर चुनाव विश्वसनीय माने जाते रहे हैं, तो इसका श्रेय चुनाव आयोग को ही जाता है। सहज और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर है इस प्रक्रिया पर मतदाताओं का विश्वास।**

जाहिर है, ऐसे में खास तौर पर बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वोट देने जाना थोड़ा और मुश्किल हुआ। भारत जैसे बड़े और विविधतापूर्ण देश में अगर चुनाव विश्वसनीय माने जाते रहे हैं, तो इसका श्रेय चुनाव आयोग को ही जाता है। सहज और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर है इस प्रक्रिया पर मतदाताओं का विश्वास। इस विश्वास को मजबूती मिलती है आकंड़े समय पर जारी होते रहने से। ध्यान रखना चाहिए कि सूचनाओं का अभाव संदेह को जन्म देता है। देखा जाये तो चुनाव आयोग के लिए सबसे मुश्किल होता है विभिन्न पार्टियों के नेताओं से चुनावी आचार संहिता का पालन कराना। अक्सर पार्टियों का नेतृत्व आयोग के नोटिसों को पर्याप्त महत्व नहीं देता। इन नोटिसों और दिशानिर्देशों को अदालतों में चुनौती भी दी जाती है। जो बात चुनाव आयोग के पक्ष में जाती है, वह है यह परसेप्शन कि आयोग अपने सख्त रुख पर अडिग रहा और पक्ष-विपक्ष की चिंता किए बगैर आचार संहिता के उल्लंघनों पर त्वरित प्रतिक्रियाएं देता रहा। आयोग को भविष्य में भी इस परसेप्शन का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि उसके निष्पक्ष रहने जितना ही जरूरी है, उसका निष्पक्ष दिखना।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अध्ययन का अनुमान है कि यह उपाय वयस्क आबादी के केवल 0.4 प्रतिशत को प्रभावित करेगा, जबकि सकल घरेलू उत्पाद का 2.73 प्रतिशत या लगभग 9 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त संसाधन पैदा करेगा। इसने अंतरजातीय असमानताओं पर भी प्रकाश डाला। यह इंगित करते हुए कि भारत में एचएनआइ ज्यादातर उच्च जातियों से संबंधित हैं और इसलिए यह उपाय सामाजिक न्याय के साथ जोड़ा जायेगा। कई देशों ने इन करों के माध्यम से अमीरों पर कर लगाने का प्रयास किया है, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।**

# अमीरों को मत खाओ, इससे बाकियों को नुकसान होगा

गोविंद भट्टाचार्जी




24 मई को, थॉमस पिकेटी की वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब ने अपने पहले प्रकाशित पेपर, इंकम एंड वैल्थ इनइक्वलिटी इन इंडिया, 1922-2023 द राइज ऑफ द बिलियनेयर राज का अनुवर्ती नोट जारी किया। भारत में चरम असमानताओं से निपटने के लिए एक संपत्ति कर पैकेज का प्रस्ताव नोट में दिखायी दिया। 10 करोड़ से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर 2 प्रतिशत कर लगाने और समानता में वृद्धि की समस्या से निपटने के लिए 33 प्रतिशत विरासत कर लगाने की वकालत यह नोट करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रमों पर खर्च करने के लिए अतिरिक्त संसाधन उत्पन्न करना भी इसकी अन्य विशेषताएं हैं।

अध्ययन का अनुमान है कि यह उपाय वयस्क आबादी के केवल 0.4 प्रतिशत को प्रभावित करेगा, जबकि सकल घरेलू उत्पाद का 2.73 प्रतिशत या लगभग 9 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त संसाधन पैदा करेगा। इसने अंतरजातीय असमानताओं पर भी प्रकाश डाला। यह इंगित करते हुए कि भारत में एचएनआइ ज्यादातर उच्च जातियों से संबंधित हैं और इसलिए यह उपाय सामाजिक न्याय के साथ जोड़ा जायेगा। कई देशों ने इन करों के माध्यम से अमीरों पर कर लगाने का प्रयास किया है, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। वे मूल रूप से सरल आर्थिक तर्क के विरुद्ध काम करते हैं और उनके संग्रह पर अनुपातहीन राशि खर्च की जाती है और इससे कर चोरी आसान होती है। धन का आकलन करना कठिन है और इसे आसानी से कृषि या रियल एस्टेट में छिपाया जा सकता है। कर भी उद्यम को हतोत्साहित करते हैं और पूंजी के पलायन को बढ़ावा देते हैं, जिससे विकास प्रभावित होता है।

**संपत्ति कर वाले देशों की संख्या 1990 में 12 से घटकर अब केवल 5 रह गयी है।**

**नीति आयोग द्वारा अनुमानित भारत में बहुआयामी गरीबी 2022-23 में केवल 11 प्रतिशत थी, जबकि एक दशक पहले यह लगभग 30 प्रतिशत थी। इसकी तुलना 22 प्रतिशत अनुपात से करें जब योजना आयोग द्वारा अंतिम बार मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय के आधार पर गरीबी का अनुमान वित्त वर्ष 2012 में लगाया गया था।**

भारत में 1967 से वित्त वर्ष 2015 तक धन कर लगाया गया था, जब इसे अधिभार से बदल दिया गया था, जो अब एचएनआइ द्वारा भुगतान किये गये आयकर पर 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक है, यदि उनकी कर योग्य आय नयी कर व्यवस्था के तहत 50 लाख से अधिक है। संपत्ति कर अधिनियम 1957 के तहत व्यक्तियों और कॉरपोरेट्स पर 30 लाख से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर 1 प्रतिशत कर लगाया जाता है, जिसमें भूमि और घर, फर्नीचर, परिवहन, आभूषण और 150,000 से अधिक नकदी शामिल है, इसके अलावा पति या पत्नी और बच्चों की हस्तांतरित संपत्ति भी शामिल है।

वित्त वर्ष 2015 में, संपत्ति कर से 12 लाख के कुल कर राजस्व में से केवल 1,086 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जबकि प्रतिभूतियों और लेन-देन टैक्स को मिला कर संग्रह की लागत 686 करोड़ थी।

किसी भी अतिरिक्त लागत से बाहर और वर्तमान बजट में अनुमान के अनुसार यह बढ़ कर 73,000 करोड़ हो गया है। यह पिकेटी एट अल द्वारा सुझाये गये समाधान की तुलना में असमानता को संभालने का एक बेहतर तरीका है, जो अनिवार्य रूप से घरेलू और विदेशी निवेश को समाप्त कर देगा और विकास को बाधित करेगा। तब देश सदाबहार समान गरीबी में डूब जायेगा।

असमानता विकास की लागत है, लेकिन जब कमजोर समूहों की समस्याओं को कम करने के लिए अन्य उपाय किये जाते हैं, तो यह समस्या कम होती है। इसके लिए अब विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मुफ्त या अत्यधिक सब्सिडी वाले खाद्यान्न के रूप में एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा जाल उपलब्ध है, जो 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है और आयुष्मान भारत, जो 50 करोड़ लोगों को कवर करता है।

नीति आयोग द्वारा अनुमानित भारत में बहुआयामी गरीबी 2022-23 में केवल 11 प्रतिशत थी, जबकि एक दशक पहले यह लगभग 30 प्रतिशत थी। इसकी तुलना 22 प्रतिशत अनुपात से करें जब योजना आयोग द्वारा अंतिम बार मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय के आधार पर गरीबी का अनुमान वित्त वर्ष 2012 में लगाया गया था।

संपत्ति कर वाले देशों की संख्या 1990 में 12 से घटकर अब केवल 5 रह गयी है। विरासत कर के मामले में भी लगभग यही कहानी है। भारत ने 1953 में कृषि भूमि सहित सभी विरासत में मिली चल और अचल संपत्तियों पर कर लगाने के लिए संपत्ति शुल्क के रूप में इसकी शुरुआत की, जिसकी दरें 85 प्रतिशत के शिखर पर पहुंच गईं। इसकी उच्च प्रशासनिक लागत के कारण इसे 1965 में समाप्त कर दिया गया था। बहुत से देश शुल्क लगाते हैं।

विरासत कर-फ्रांस 60 प्रतिशत, जापान 55 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया और जर्मनी 50 प्रतिशत और ब्रिटेन और अमरीका 40 प्रतिशत लगाते हैं, लेकिन यह समानता के साथ मेल नहीं खाता है। भारत में, जहां बहुत सारी बेनामी संपत्तियां हैं, इसका कार्यान्वयन हमेशा कठिन रहा है और रहेगा।

इन दोनों करों का उपयोग पहले भी व्यक्तियों को मृत्यु के बाद भी परेशान करने के लिए किया जाता रहा है।

**(लेखक पूर्व महानिदेशक, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# बीरडीह गांव में अवैध खनन मामले में कार्रवाई, कई हाइवा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला खरसावां जिले में ईचागढ़ थाना क्षेत्र के बीरडीह गांव में अवैध खनन के मामले में खनन पदाधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने कार्रवाई करते हुए दो हाइवा बालू सहित और 14 खाली हाइवा को जेसीबी के साथ जब्त कर लिया। मौके पर सभी हाइवा चालक फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला खनन पदाधिकारी को सूचना मिलने पर ईचागढ़ पहुंचे। जहां छापेमारी में स्थानीय पुलिस की सहयोग नहीं मिलने पर इसकी सूचना डीएमओ ने उपायुक्त को दी, जिसके बाद जिला से स्पेशल टास्क फोर्स भेजा गया। बताया जा रहा है डीएमओ बाराती के वेश में उक्त गांव पहुंचे थे। इससे इससे अनुमान लगाया जा सकता है । स्थानीय पुलिस की मिली भगत से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उत्खन किया जा रहा है। उधर कार्रवाई के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है सभी हाईवा एक सफेदपोश नेता के संरक्षण में चल रही थी।

# शहर के वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक समाचार पत्र के संस्थापक के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** हिंदी दैनिक समाचारपत्र उदितवाणी के संस्थापक और संपादक राधेश्याम अग्रवाल का टाटा मेन अस्पताल में हृदयाघात से निधन हो गया। शनिवार को उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ो लोग शामिल हुए। मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने उनके निधन पर पत्रकारिता जगत और सामाजिक स्तर पर अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने जुगसलाई स्टेशन रोड स्थित उनके आवास जाकर पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किये। जुगसलाई शिव घाट पर उन्होंने श्रद्धाजंलि अर्पित कर दिवंगत पुण्यात्मा के शांति की प्रार्थना की। वही मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने राधेश्याम अग्रवाल के निधन पर श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए गहरा शोक प्रकट की। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अनिल मोदी, जुगसलाई मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र जैन, हन्नु समेत कई कार्यकर्ता सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# आवेदन केवल मेजर विषय में करें : प्राचार्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने बताया कि 4 वर्षीय स्नातक यूजी सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर इंटर पास इच्छुक छात्र-छात्राएं चांसलर पोर्टल पर 19 जून तक ऑनलाइन आवेदन करेंगे। जो विद्यार्थी सीयूईटी परीक्षा में शामिल हुए हों या नहीं भी हुई हों, सभी नामांकन हेतु चांसलर पोर्टल पर आवेदन करेंगे। चांसलर पोर्टल पर केवल मेजर विषय के लिए आवेदन करना है। आवेदन के बाद घाटशिला महाविद्यालय में 24 जून को नामांकन की प्रथम सूची प्रकाशित की जायेगी । 24 जून से 4 जुलाई तक नामांकन लिया जायेगा। रिक्त बचे सीट पर दूसरी एवं तीसरी सूची भी प्रकाशित की जायेगी। नामांकन के बाद 18 जुलाई से कक्षा प्रारंभ करवा दिया जायेगा। प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि विद्यार्थी अभी अपना मेजर विषय के लिए ही आवेदन करेंगे तथा उस विषय के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट लिस्ट निकाली जायेगी। छात्र जब नामांकन के लिए कॉलेज आएंगे तब उन्हें मेजर विषय के साथ अन्य विषयों में माइनर विषय क्या होगा तथा एमडीसी विषय क्या रखना होगा, इसका निर्धारण विभागीय शिक्षकों से मिलकर नामांकन प्रपत्र सत्यापन के समय विद्यार्थी तय करेंगे। इसके साथ अनिवार्य कोन कोन से विषय सभी विद्यार्थियों को पढ़ना होगा, वह भी बताया जायेगा। प्राचार्य डॉ चौधरी ने यह भी बताया कि नामांकन के समय विद्यार्थियों को एबीसी- आईडी नंबर जमा करना होगा। जो विद्यार्थी अभी तक अपना एबीसी आईडी नहीं बना पाए हैं, वे शीघ्र बनवा लें। साथ ही उन्होंने कहा कि नामांकन के समय विषय निर्धारण में कोई और सुविधा न हो इसके लिए एक हेल्प डेस्क भी लगायी जायेगी। प्राचार्य ने यह भी बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरने में अगर कोई परेशानी हो तो विद्यार्थी दिन के 10 बजे से 4:00 बजे के बीच कॉलेज के लेल्पडेस्क प्रभारी शिक्षक समीर कुमार राय के मोबाइल नंबर 7004426056 पर संपर्क कर सकते हैं।

# स्वर्गीय यदुनाथ बास्केजी की पुण्यतिथि मनी, रामदास सोरेन हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुसाबनी।** पूर्व मंत्री और झारखंड आंदोलनकारी स्व यदुनाथ बास्के जी की तीसरा पुण्य तिथि उनके समाधी स्थल और झामुमो कार्यालय के समक्ष मैदान पर मनाया गया। इस समारोह में स्व यदुनाथ बास्के जी के समाधि स्थल पर उनके परिवारों के साथ लोकप्रिय विधायक रामदास सोरेन जी शामिल हुए एवं पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। वहीं मुसाबनी एक नंबर स्थित मैदान में मुसाबनी प्रखंड माझी महाल के तत्वाधान में पुर्व मंत्री और झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय यदुनाथ बास्के का पुण्यतिथि मनाया गया। इस समारोह में लोकप्रिय विधायक रामदास सोरेन जी और उपस्थित ग्राम प्रधानों समेत ग्रामीणों ने स्व यदुनाथ बास्के बाबू की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। इस मौके पर स्व बास्के जी के पुत्र श्री जगदीश बास्के ,प्रियनाथ बास्के एवं परिवारजनों के साथ झामुमो केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन सचिव सोमाय सोरेन सड़क घुटू ग्राम प्रधान फगूलाल किस्कू लवकेश्वरा ग्राम प्रधान मातु मार्डी धोबोनी ग्राम प्रधान चादराय मुर्मू मेड़िया ग्राम प्रधान परसंजित हांसदा व तेरेंगा ग्राम प्रधान भगीरथी सोरेन झामुमो नेता कान्हु टुडू झामुमो नेता सुनील किस्कू समेत कई ग्राम प्रधान और सम्मानित जन मौजूद थे। इस मौके पर लोकप्रिय विधायक रामदास सोरेन जी उपस्थित परिजनों और ग्राम प्रधानों द्वारा स्वर्गीय बास्के बाबू की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया।

# विजय गार्डन के दो घरों में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बिरसानगर थाना अंतर्गत विजया गार्डन में बीते रात चोरों ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। बताया जारहा है 12इँ फेस के रहने वाले भारतीय जल सेना के मरिन में कार्यरत श्यामसुंदर पांडे के 509 नंबर और स्टेट बैंक डिब्रुगढ़ के मैनेजर के 523 नंबर डुप्लेक्स में चोरों ने घटना को अंजाम दिया। श्यामसुंदर पांडे के भाई हरिशंकर पांडे ने बताया कुछ दिन पूर्व ही दोनों भतीजों का जनेऊ संपन्न हुआ था। पूरा परिवार रामलल्ला के दर्शन करने के लिए अयोध्या गए हैं। बागवानी में पानी देने के आये तो देखा घर का दरवाजा खुला है। उसके बाद फोन से परिवार वालों को सूचना दी। हरिशंकर पांडे के भाई मौके पर पहुंचे घर के सभी कमरों का सामान बिखरा पड़ा पाया। अलमारी में रखे गहने व नगद चोरी हो गया।उन्होंने बिरसानगर थाना में सूचना दी। वही चोरों ने स्टेट बैंक के मैनेजर 523 नंबर डुप्लेक्स में रवि रंजन के घर को भी खाली देख दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया। लेकिन रवि रंजन के परिचित के अनुसार उनके घर से कोई कीमती सामान चोरी नहीं हुई। फिलहाल परिवार के लोग आने के बाद ही आंकड़ा मिल पायेगा। फिलहाल पुलिस परिवार से लिखित शिकायत और सीसीटीवी में कैद तस्वीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश ब्यप्त है।

# मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ कंपनी गेट के समक्ष प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र के क्रॉस कंपनी में बीते दिनों भीषण गर्मी में ठेका मजदूर और सुरक्षा गार्ड की मौत के बाद परिजनों ने 25- 25 लाख रुपिये मुआवजे की मांग की। मौके पर झारखंडी भाषा खातियानी संघर्ष समिति के सदस्यों ने कंपनी गेट जाम कर दोनों शव के साथ प्रदर्शन किया। हालांकि इससे पूर्व कंपनी प्रबंधन के साथ पहली दौर की वार्ता में।कंपनी प्रबंधन मृतकों के आश्रित को एक स्थाई नौकरी, एक वर्ष तक बिना काम के प्रति माह वेतन दिए जाने पर सहमति जतायी थी। लेकिन 25 लाख मुआवजा की मांग पर लोग अड़े हैं। मामले को देखते हुए आदित्यपुर पुलिस भी मौके पर मौजुत रहे। कंपनी के जीएम रमाकांत गिरी ने बताया कि प्रबंधन तय किए पत्नी को एक स्थाई नौकरी, बिना काम के ही 1 साल तक वेतन देने,बच्चों के पढ़ाई के खर्चे उठाए जाने को तैयार है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक वार्ता जारी है।

# रमकंडा में उग्रवादी संगठन जेसीपीसी के छह सक्रिय सदस्य देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** जिले के रामकंडा थाना क्षेत्र के टोंकी गांव के ठेंगापानी जंगल से पुलिस ने जेसीपीसी उग्रवादी संगठन से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। उग्रवादियों के नाम पर लवी वसुवालने का प्रयास करने वाले इस गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच देसी हथियार और कारतूस बरामद किया है । इस संबंध में प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि 31 मई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गढ़वा जिले की टोपी गांव के ठोंगा पानी जंगल में जो रामकंडा थाना क्षेत्र में पड़ता है। कुछ वर्दी धारी हथियारबंद अपराधी नए उग्रवादी संगठन बनाकर लेवी वसूलने के फिराक में हैं। ये अपराधी जे सी पी सी नामक बनाकर गढ़वा जिला में बीड़ी पत्ता का हो रहे कारोबार और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में संवेदक एवं बीड़ी पत्ता व्यवसाई एवम जनप्रिनिधियों को हथियार के बल पर डरा धमका कर क्षेत्र में लेवी की वसूली का प्रयास कर रहें थे। वहीं गढ़वा जिला में फिर से नए उग्रवादी संगठन बनाकर लेवी वसूलने का कार्य करने का प्रयास कर रहे थे। इसपर त्वरित कार्यवाई करते हुए रंका अनुमंडल के तीन थाने के पुलिस को अलर्ट करते हुए एक विशेष टिम बनाई गई। टिम का नेतृत्व रंका डीएसपी रोहित रंजन सिंह ने कमान सम्भालते हुए उनके टिम चंदन कुमार थाना प्रभारी भंडरिया,सुरेंद्र सिंह कुंटीयां थाना। रमकंडा ,अनिल कुमार नायक थाना प्रभारी रंका सहित पुलिस के जवानों ने टोंगापानी के जंगल क्षेत्र में पहुँचकर चार वदीर्धारी बंद तथाकथित टीएसपीसी नामक उग्रवादी संगठन के 6 सदस्यों को हथियार के साथ धर दबोचा। जिनके पास 5 देशी कट्टा, 5 ज़िंदागोली ,6 खाली खोखा ,कीपैड मोबाइल 3 ,एंड्रवाइड मोबाइल 1 सिलवर रंग का गोली बनाने वाली पत्थर 500ग्राम का ,एक पीठू बैग जिसमे खाने पीने और पहनने का समान पाया गया। एसपी नेबताया कि गिरफ्तार नक्सली में आनंद सिंह जो की जाहर सरई थाना मझीआँव गढ़वा, का रहने वाला है। राहुल कुमार सादर थाना क्षेत्र के हुर मध्या थाना ज़िला गढ़वा, संतोष चौधरी हूर मध्या थानाजिला गढ़वा ,नन्दू विश्वक्रमा बरडीहा जिला गढ़वा, जितेंद्र चौधरी सीधेकला थाना जिला गढ़वा, नन्हकू चौधरी हूर मध्या थाना गढ़वा, नन्हकू चौधरी जिसपर पहले से लगभग 9 मामले दर्ज है जिसमें लूट डकैती हत्या आर्म्स एक्ट सहित कई मामले अलग-अलग थाने में दर्ज है वहीं आनंद सिंह पर भी दो थानो में मामला दर्ज है। को गिरफ्तार किया गया है।

## वित्तीय साक्षरता के प्रति लोगों को किया जागरूक



### साइबर ठगी व संचालित योजनाओं की दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** स्वयंसेवी संस्था अग्रगति इंडिया द्वारा शनिवार को टैलेंट कोचिंग सेंटर में इंटर के विद्यार्थियों और मेराल पूर्वी के वार्ड नंबर 12 में ग्रामीणों के साथ बैठक कर वित्तीय साक्षरता की जानकारी सीएफएल कोऑर्डिनेटर गुरूदेव विश्वकर्मा और प्रशिक्षिका अंजू कुमारी द्वारा दिया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से नियमित बचत, बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, शिक्षा लोन, साइबर क्राइम एवं फ्रॉड कॉल के तौर तरीके एवं इससे बचने के उपाय बताया गया। साथ ही आरबीआई द्वारा जारी टोल फ्री नंबर को भी उपलब्ध करवाया गया ताकि किसी भी समय में फ्रॉड जैसी घटना होने पर इसका उपयोग कर समाधान करवाया जा सके इसके साथ-साथ उपस्थित ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी दी गई। इस मौके पर 47 लोगों को बीमा भी किया गया। मौके पर उपस्थित टैलेंट कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर सह टीचर चंदन कुमार, अनिल कुमार, शिक्षिका प्रतिमा कुमारी, ग्राम मेराल पूर्वी के वार्ड नंबर 12 के वार्ड सदस्य विनोद चौधरी, बैंक सखी रीता कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीण एवं विद्यार्थी शामिल थे।

## प्रखंड क्षेत्र सहित जिले के सभी क्षेत्रो में भीषण गर्मी



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड छेत्र सहित जिले के सभी छेत्रो में भीषण गर्मी पड़ रही है। वही बिजली कर्मचारी लाइन मैन बिजली बहाल करने में दिन रात लगे हुये है। तपती धूप में जहाँ लोग घरों में दुबके है। वही लाईन मैन कड़ाके के धूप में भी पोल पर चढ़ कर तार पोल की मरम्मत कर बिजली बहाल करने में लगे है। गर्मी से परेशान धनवान लोग एसी कमरों में रह रहे हैं जबकि मध्यम वर्गीय लोग पंखा और कुलर का इस्तेमाल कर रहे हैं। निचले तबके के लोगों के पास इस गर्मी से बचने के लिए मात्र छांव और पानी के अलावा कुछ नहीं है पारा ऐसी है कि बिजली कटने पर लोगों के हाथ पांव फूलने लगते हैं। बिजली कटने पर बिजली विभाग में सैकड़ो लोग का निरंतर आता फोन की लाइट कब आएगी, कब की गई है। कुछ काम नहीं करते, फ्री का तनख्वाह विभाग से ले रहे हो, बस आप कल्पना कीजिए भीषण गर्मी तपते खम्भे पिघलते बिजली की वायर शरीर से निकलता पसीना इन सब के बीच भरी दोपहरी में 46 डिग्री तापमान में झुलसकर बिजली कर्मचारी कैसे काम करते है। लोगो को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी पर अल्प वेतन भोगी बिजली वीरों के लिए किसी के मन में कोई सहानुभूति नहीं है। यह कर्मचारी बिना सुविधा के विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं ताकि सभी को निरंतर बिजली मिल सके। मात्र 7 से 8 हजार की तनख्वाह पाने वाले ऐसे बिजली वीरों की खुद पंखे के सहारे इस भीषण गर्मी का सामना कर रहे है। कभी कोई खुश होकर कुछ रुपया उन्हें थमा देते हैं तो सैकड़ो आरोप भी उन्हें झेलने पड़ते हैं ऐसे बिजली कर्मियों के लिए लोगों के मन में सहानुभूति की आवश्यकता है ताकि वह भी उत्साहित होकर लोगों का सेवा कर सके। 10

# धुरकी में छोटे भाई की नव विवाहिता पत्नी को लेकर भागा उप मुखिया, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिले के धूरकी थाना क्षेत्र के बीरबल गांव में शादी के 10 दिन बाद एक भसुर का अपने ही भवह पर दिल आ गया। वहीं उसने अपने ही भवह को लेकर फरार हो गया। धूरकी पुलिस के पास मामला पहुंचने के बाद पुलिस ने आरोपी भसुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला धुरकी थाना क्षेत्र के बीरबल गांव का है। पुलिस ने आरोपी को छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से गिरफ्तार कर लिया।

इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बीरबल? गांव निवासी नाबालिक लड़की के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर घर से भगा ले जाने के आरोप में बीरबल निवासी उप मुखिया मंजूर अंसारी, उम्र करीब 35 वर्ष, पिता रियाजत अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त लड़की की शादी 10 दिन पहले आरोपी के भाई से हुई थी। शादी के दसवें दिन आरोपी ने अपने भवह को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बलरामपुर छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजते हुए गढ़वा जेल भेज दिया गया है। वहीं। पिड़िता को चिकित्सीय जांच कराकर सुरक्षित उसके परिजनों को सौपा गया है।

### चार दिनों में चार घटनाएं

उल्लेखनीय है कि बीते चार दिनों में धुरकी थाना क्षेत्र में नाबालिक के साथ अवैध संबंध बनाने एवं उसे छेड़छाड़ करने की यह चौथी घटना है। जिसमें धुरकी पुलिस ने सभी कांडो के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## दिवंगत की आत्मा की शांति हेतु शोक सभा का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को सुबह लगभग नौ बजे जिला मत्स्य पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह का राँची में हो रहे ईलाज के दौरान निधन हो गया। स्व० सिंह के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शांती के लिए आज समाहरणालय गढ़वा परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर समेत सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए प्रार्थना किया गया। उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से उनके आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक अच्छे पदाधिकारी को खोया है, जो काफी पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम मृतक के परिजनों के साथ खड़े हैं। उनके परिजनों को हर संभव सहायता पहुंचाया जाएगा। शोक सभा में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता समेत अन्य वरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थें।

## आंधी तूफान से गिरे कई घर एवं पेड़



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड में शनिवार को आये जोरदार आंधी तूफान से प्रखंड के कई गाँवों में घर एवं पेड़ गिर गया है। चुतरू पंचायत के मोमिनपुर भदाई बथान में जाकिर अंसारी का घर गिर गया है जिसमें लोग बाल बाल बच गए। चुतरू हाई स्कूल के सामने सरवर अंसारी के दूकान पर महुआ का पेड़ गिर जाने से दूकान क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों ने घर क्षतिग्रस्त होने पर सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

## बाइक दुर्घटना में युवक की घटनास्थल पर ही मौत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य पथ पर बजाज शो रुम के सामने शुक्रवार की रात हुई बाईक दुर्घटना में बाईक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृत युवक का नाम श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोलझिकि निवासी शोभी चंद्रवंशी के 29 वर्षीय पुत्र राकेश चंद्रवंशी है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर पुलिस द्वारा उसे घटनास्थल से उठवाकर ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लाया गया, जहाँ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार के सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार राकेश चंद्रवंशी बाईक से शुक्रवार की रात अपने घर कोलझिकि गाँव से भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कचनरवा गाँव स्थित अपने ससुराल आ रहा था, तभी ब्लॉक गेट से आगे बजाज शो रुम के समीप उसकी तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बंधी हुई गाय में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गंभीर चोट लगने से राकेश की घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि बाईक की जोरदार टक्कर से गाय की भी मौत हो गई। उधर घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर पहुंचे मृतक के परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

# मतगणना की तारीख नजदीक आने के साथ इलाके में लोगों के बीच चुनावी चर्चा ने पकड़ी रफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** चुनावी माहौल पूरे देश में चल रहा है, जंहा सारी पार्टियां पूरे चुनावी सफर में अपने सारे मेहनत लगा कर बैठे हुए हैं। वंही चुनाव को लेकर आम जनता भी पीछे नहीं हटने वाले हैं। जैसे जैसे चुनाव परिणाम के दिन नजदीक आते जा रहे हैं वैसे वैसे गली, चौक- चौराहों व सफर करने वाले यात्रियों के मुख से केवल चुनावी चचाएं ही निकल रहें है।

आजाद सिपाही की टीम जब कांडी से जिला मुख्यालय गढ़वा को जोड़ने वाली ₹जय भोले शंकर₹ नामक बस से सफर करने वाले यात्रियों से चुनावी मुद्दे पर शनिवार को चर्चा की तो राहगीरों ने कई तरह के अपने अपने राय दिए एक ओर जंहा शनिवार को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान किये जा रहे थे तो दूसरी ओर लोगों के चुनाव परिणाम के प्रति जिज्ञासा बढ़ते जा रहे हैं कि किसकी सरकार बनेगी। बस में पलामू लोकसभा की सीटों से ज्यादा केंद्र की बनने वाली सरकार पर जमकर चर्चा चली। यात्री दो पक्षों में बटते दिखे कुछ यात्रियों का कहना था कि केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी क्योंकि भाजपा व उसकी सहयोगी पार्टियों ने देश के विकास के साथ आम जनता के लिए कई सारी कल्याणकारी योजनाओं को लाया है।

जबकि दूसरे पक्ष के यात्रियों ने भाजपा की सरकार को सबसे निक्कमी सरकार बताया, दूसरे पक्ष के यात्रियों ने मंहगाई को लेकर भाजपा को घेरा उनका कहना था कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में दस सालों में मंहगाई आसमान छू रही है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर जा चुका है, इसलिए जनता इस पंचवर्षीय बदलाव लाना चाहती है।

जबकि पलामू लोकसभा सीट के चर्चा पर यात्रियों ने भाजपा के प्रत्याशी बीडी राम व इंडिया गंठबंधन की प्रत्यासी ममता भुइँया के मध्य कांटे की टक्कर की बात कही। यात्रा के दौरान कई ऐसे यात्री भी मिले जिन्होंने कहा कि सरकार चाहे जिस पार्टी की बने दोहन तो हम आम जनता का ही होना है।

## युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव स्थिति केवाल टोला में शनिवार के दोपहर में 16 वर्षीय एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार पवन चौधरी की पुत्री मीना कुमारी जो मेराल हाई स्कूल की छात्रा थी वह दोपहर में अपने घर में अकेली थी। उसके माता-पिता इलाज कराने मेराल गए थे। जब मेराल से घर वापस पहुंचे तो बेटी को फांसी के फंदे से झूलता देख कर हो हल्ला किए। हो हल्ला पर आसपास के लोग पहुंचकर उसे फंदे से नीचे उतार कर देखा तो उसे मृत पाया गया। घटना की सूचना तुरंत मेराल थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विष्णु कांत दल बल के साथ पहुंच कर घटना की जानकारी ली तथा पंचनामा के बाद शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

# चौधरी जेनरल हॉस्पिटल में डॉ पी के वर्मा ने दिया 45 लोगों को परामर्श

### गर्मी के दिनों में बढ़ सकता है हार्ट अटैक व ब्रेन स्ट्रोक का खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पटना के सुप्रसिद्ध हृदय, मधुमेह, नस एवं लकवा रोग विशेषज्ञ डॉ पी के वर्मा ने चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा में 45 लोगों को परामर्श दिया। डॉ वर्मा ने कहा कि हीट स्ट्रोक तब होता है जब शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाता है। तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट से अधिक हो जाता है और तेज पसीना आने लगता है। इस दौरान शरीर खुद को ठंडा नहीं कर पाता है। ऐसा शरीर के कूलिंग सिस्टम के फेल होने की वजह से होता है। इस स्थिति में बॉडी का तापमान तेजी से बढ़ता है और इससे हार्ट और ब्रेन के फंक्शन पर असर पड़ता है। कुछ मामलों में ब्रेन डैमेज हो जाता है या हार्ट अटैक आ जाता है, जो मौत का कारण बनता है। जो लोग अधिक देर तक तेज धूप में रहते हैं और कम पानी पीते हैं उनको हीट स्ट्रोक खतरा ज्यादा होता है। हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ कुलदेव चौधरी ने बताया कि डॉ वर्मा न्यूरोलॉजी में फेलोशिप करने बाहर जाने के कारण डॉ पी के वर्मा अपनी सेवा नहीं दे पा रहे थे। लेकिन अब पुनः प्रत्येक महीने के 1 और 15 तारीख को सेवा प्रदान करेंगे। भविष्य में बहुत जल्द न्यूरो फिजिशियन चौबीस घण्टे सेवा देंगे। हृदय, मधुमेह, नस रोग सम्बन्धित बीमारी के मरीज अग्रिम रजिस्ट्रेशन कराकर परामर्श ले सकते हैं। सबसे सुखद संकेत है कि एक बार फिर से आयुर्वेदिक पद्धति का अति लाभकारी व विश्वशनीय पंचकर्म चिकित्सा की भी शुरूआत कर दी गई है। इसके लिए दिल्ली से पंचकर्म एक्सपर्ट महिला एवं पुरुष दोनों के लिए अलग अलग चिकित्सक भी अपनी सेवा देंगे। इसके माध्यम से साइटिका, गठिया, जोड़ों में दर्द, कमर दर्द, लम्बर एंड सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, सिर दर्द, माइग्रेन, गैस्ट्रिक, मोटापा जैसी पुरानी बीमारी का इलाज हो पायेगा। मौके पर हॉस्पिटल चेयरमैन डॉ कुलदेव चौधरी, अधिवक्ता बचनदेव चौधरी, फार्मासिस्ट फैयाज अंसारी, राहुल चौधरी, लैब टेक्नीशियन काजल कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर रौशन कुमार, रिशेप्शनिस्ट बॉबी कुमारी, निशा कुमारी, बिदेशी चौधरी, राजेश्वर चौधरी, अरुण चौधरी, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ का पांच दिवसीय समर कैंप आज से

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में रविवार से पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन वन विभाग के सामुदायिक भवन में किया गया है। गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की समर कैंप में गढ़वा जिले के सभी टेबल टेनिस खिलाड़ियों को कैंप में शामिल होने की अपील की गयी है। साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी खेल प्रेमियों को प्रातः सात बजे से आयोजित उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया है। समर कैंप का उद्घाटन संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय और संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी करेंगे।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी जल जीवन मिशन जलापूर्ति योजना

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा (गढ़वा)।** सारो गांव के पीराटांड़ में संतोष पाल के घर के पास लगाया गया जलजीवन मिशन जलापूर्ति योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है। योजना निर्माण के कुछ दिनों के बाद ही नल से पानी देना बंद हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री के गृह जिला में संवेदक द्वारा बरती गयी अनियमितता बड़ी विफलता को दशार्ता है। एक ओर से योजना का निर्माण होता जारहा है। और दूसरी तरफ से जलापूर्ति योजना दम तोड़ती जारही है। पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों के अनदेखी के कारण सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन फेल होती दिख रही है. ग्रामीण अशोला कुंवर, सरस्वती कुंवर, अनिता देवी, लालो देवी, सुसीला देवी, रीता देवी, गीता देवी, मोहरी देवी, फूलवंती देवी, चिंता देवी, राजकुमारी देवी, सुनीता देवी, सुकन देवी, देवंती देवी, उर्मिला देवी, सिमा देवी, रिंदा देवी सहित ग्रामीणों ने बताया कि 4 माह पूर्व जल जीवन मिशन योजना के तहत सोलर जलमिनार का निर्माण कराया गया था। निर्माण के बाद जलापूर्ति किया जारहा था. लेकिन पन्द्रह दिनों मे जलमिनार खराब हो गया है। नल से पानी देना बंद हो गया। हर घर पानी की सफ्लाई बंद होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गांव में पानी को लेकर गम्भीर समस्या उतपन्न हो गयी है। ग्रामीणों ने संवेदक पर जलापूर्ति योजना में अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य मे लापरवाही को लेकर मना करने के बाद भी मनमानी की गयी है। इस टोले पर 30 घर के लगभग एक सौ लोग रहते है। पानी के लिये एक जलमिनार ही साधन है। जलमिनार होते हुये भी पच सौ मीटर दूर बसंत पाल के घर पास चापाकल से पानी लाना पड़ रहा है। चापाकल में पाइप खराब हो गया है। ग्रामीणों बताया कि चापाकल का पानी नहीं सूखता था। चापाकल बन जाने पर पानी की समस्या दूर हो जायेगी। इस सम्बंध में पूछे जाने पर पीएचडी विभाग के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि जलमिनार को अविलंब ठेकेदार को बोल कर चालू कराया जायेगा। 008

## बाइक और स्कूटी की टक्कर में तीन घायल, एक रिम्स रेफर



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला के बक्शीडीपा जंगल के समीप बाइक व स्कूटी की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। शनिवार शाम घटित सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय संदीप मुंडा,और 20 वर्षीय रूपस उरांव, 23 वर्षीय कृष्ण उरांव शामिल है। रूपस उरांव की गंभीर स्थिति को देखते चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक बक्शी दीपा जंगल के समीप स्कूटी और बाइक में भिड़ंत हुई जिसमें तीन युवक जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से युवकों को उपचार के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया।

# मनरेगा : लातेहार में बंदियों के आइडी पर करोड़ों निकालने की जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार आजाद सिपाही अखबार में प्रकाशित होने के बाद खबर का असर देखने को मिला बंद कैदियों के नाम से करोड़ों रुपए घोटाले जांच करने पहुंची टीम ग्राम पंचायत सीसी, लातेहार, में मनरेगा योजना के तहत पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जई एवं बिचौलिया के मिली भगत से बिना काम कराये फर्जी मजदूर आईडी बनाकर करोड़ो रूपया गबन किया गया। सीसी पंचायत के मनरेगा योजना अंतर्गत बिना काम करने वाले मजदूर के नाम से ही बिचौलिया के माध्यम से पैसा निकाल लिया गया। दूसरा फर्जी मजदूर नाबालिग का भी आइडी या और लातेहार जेल में बंदी था, उन्हें भी मजदूरी दिखाकर उनलोंगो के नाम से राशी चार हजार रुपया



निकाल लिया गया है। 30 मई के अंक में जेल में बंद कैदी के नाम पर निकाल करोड़ राशि आजाद सिपाही से प्रकाशित होते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया। उपायुक्त गरिमा सिंह ने जांच करने आदेश उपविकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह को दिया है। उपविकास आयुक्त ने कमेटी गठित कर जांच करने लातेहार प्रखंड के सीसी गांव पहुंची। टीम में डीआरडीए डायरेक्टर प्रभात रंजन चौधरी, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, बीपीओ रतन शाहदेव कनीय अभियंता, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक मौजूद थे। टीम ने योजना का जायजा लेकर लाभुकों से जानकारी ली। डीआरडीए डायरेक्टर ने बताया कि जांच की गयी है। गांव में लाभुक नहीं रहने के कारण जांच पूरी नहीं हो सकी है। जांच पूरा होने के बाद रिपोर्ट जमा कर दी जायेगी।

**खबर का असर**



लातेहार में मनरेगा मजदूर की फर्जी आइडी बनाकर करोड़ों का घोटाला

उपायुक्त को दिया आवेदन, जांच कराने की मांग

मालूम हो कि ग्रामीणों ने मनरेगा योजना के फजीवाड़े आईडी को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीण विजय सिंह, राम सिंह, पूर्व वार्ड सदस्य ईश्वरी प्रजापति, अविनाश पासवान ने बताया था कि फर्जी रूप से मनरेगा योजना कागज पर संचालित कर बड़े पैमाने पर राशि बंदरबांट की गई है। लोगों का कहना है कि 600 से अधिक योजनाएं स्वीकृत दिखाई जा रही हैं। परंतु धरातल पर काम दिखता ही नहीं है। जिनके नाम से योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनको इसकी जानकारी नहीं है। बारियातू गांव निवासी सोनू कुमार सिंह नामक व्यक्ति के नाम से भी मनरेगा योजना में मजदूरी की राशि निकाली गई है। सोनू सिंह पांच मई 2023 को जेल गया था और एक जुलाई तक जेल में था। परंतु 17 मई 2023 से लगातार 15 दिनों तक उसके नाम से डिमांड खोला गया। मजदूरी दी गयी।

## भाकपा माओवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** पुलिस ने भाकपा माओवादी के इनामी नक्सली के घर शनिवार को न्यायालय से प्राप्त इस्तिहार को चिपकाया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नक्सली कमांडर मृत्युंजय भुइयां उर्फ मृत्युंजय जी उर्फ फ्रेश भुइयां उर्फ अवधेश भुइयां पिता बाबूलाल भुइयां पर भंडरिया थाना में कांड संख्या 77/2019, 79/2019 दर्ज है जो फरार चल रहा है। न्यायालय ने पुलिस को फरार नक्सली के घर इस्तेहार चिपका कर करवाई करने का निर्देश दिया था। भंडरिया पुलिस ने छिपादोहर पुलिस के सहयोग से अभियान चलाकर फरार नक्सली के घर इश्तेहार चिपकाया। मौके पर किशोर कुमार समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## पीसीसी पथ निर्माण में गुणवत्ता का अभाव, ग्रामीण हुए गोलबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** तोड़ार में पथ निर्माण में गड़बड़ी को लेकर ग्रामीण गोलबंद हो कार्य को गुणवत्तापूर्ण करवाने के लिए किया आवाज बुलंद। ग्रामीणों के शिकायत पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने स्थल परिभ्रमण कर लिया जानकारी। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के तोड़ार ग्राम स्थित मस्जिद के समीप से डोका तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पीसीसी पथ मरम्मती कार्य भारद्वाज कंट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है। पीसीसी पथ निर्माण में अनियमितता को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा भाजपा के युवा प्रदेश मंत्री से शिकायत करते हुए हो रही गड़बड़ी पर स्थल निरीक्षण कर नियम संगत कार्य करवाने का



अपील किया गया। वही ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि पीसीसी पथ निर्माण के दौरान पथ पर मिट्टी बालू पूर्व से पड़ा हुआ था। जिसको बिना हटाए ढलाई किया जा रहा है और बालू का मात्रा अधिक होने की बात कही जा रही है। साथ ही चिप्स के जगह पर डस्ट युक्त चिप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। पथ निर्माण कार्य का निरीक्षण के उपरांत अनियमितता को देखते हुए प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री ने साइड इंजीनियर मनीष कुमार से सम्पर्क कर जायजा लेते हुए कार्य का अवलोकन कराया गया। गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिसपर साइड इंजीनियर मनीष कुमार ने कार्य में गुणवत्ता का अभाव बताते हुए कहा कि मिस्त्री अपने सुविधा के अनुसार गलत निर्माण कार्य कर रहे हैं। साथ ही कहा कि ग्रामीणों की मौजूदगी में अब से ढलाई किया जायेगा और किसी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नही किया जायेगा।

## पेंशनर समाज ने आठवें वेतन आयोग गठन की उठायी मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखण्ड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा-लोहरदगा की मासिक बैठक फूलमनी कुजूर की अध्यक्षता में पेंशनर भवन लोहरदगा में हुई। मौके पर महासचिव सह राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह ने 01-जनवरी 2024से 50% मंहगाई भत्ता बढ़ जाने के कारण भारत सरकार नई दिल्ली से आठवाँ वेतन आयोग गठन की मांग किया है। श्री सिंह ने कहा कि जब- जब मंहगाई भत्ता 50% हुआ है,तब-तब वेतन आयोग का गठन हुआ है। इसलिए आठवाँ वेतन आयोग का गठन किया जाय और जब तक वेतन आयोग का प्रतिवेदन नहीं आ जाता नहीं है, तब तक अंतरिम राहत दिया जाय। श्री सिंह ने कोरोनाकाल का 1-1-2020 से 30-06-2021 तक के 18 महीने का रोके गये डीए का भुगतान तथा रेल भाड़ा में पूर्व की भाँति छूट की मांग किया है। बैठक में काफी महिला-पुरूष पेंशनर शामिल थे।

## इस वर्ष अगस्त-सितंबर माह में सामान्य से अधिक होगी बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा/ भंडरा ।** प्रखंड में इन दिनों जबरदस्त गर्मी देखने को मिल रही है। पारा 44 डिग्री पार हो चुका है। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। अब लोगों को बेसब्री से मानसून का इंतजार है। ऐसे में मौसम विभाग की ओर से एक अच्छी खबर है। झारखंड मौसम विभाग की तरफ से मानसून को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खासकर किसान के लिए ये अच्छी खबर है । मौसम वैज्ञानिक के अनुसार इस बार मानसून पूरे राज्य में अच्छा खासा होने वाला है। पूरी तरह नार्मल रेंज में रहेगा. यहां का नार्मल रेन फॉल 1022.9 है। इस बार भी इतना ही रेन फॉल देखने को मिल सकता है। इस बार किसानों के लिए अच्छी खबर है कि मानसून बेहद सामान्य होगा। सामान्य से थोड़ा ज्यादा भी हो सकता है, पर कम होने की तो उम्मीद बिल्कुल नहीं है। इससे किसानों की जो फसल है, उसे अच्छा खासा पानी मिलेगा व मानसून भी बिल्कुल अपने समय पर आने की उम्मीद है। मानसून हमेशा झारखंड में केरल की तरफ से आता है, यानी साउथ वेस्ट तरफ से केरल में एक या दो जून को प्रवेश कर जाता है। 15 जून तक झारखंड में प्रवेश करता है। सिनॉप्टिक फीचर देखकर लग रहा है कि चार से पांच जून तक इस बार केरल से मानसून प्रवेश करेगा और 15 जून से दो दिन पहले झारखंड में भी आ जाएगा ।

**जुलाई में होगी झमाझम बारिश :** मौसम वैज्ञानिक के अनुसार इस बार अच्छी बारिश होगी इसका फायदा किसानों को होने वाला है क्योंकि जिस तरह से फसलों की बारिश की जरूरत होती है उसी तरह से इस बार बारिश होगी। मॉनसून के शुरूआती दौर में जून महीने में थोड़ी कम बारिश देखने के लिए मिल सकती है। इसके बाद जुलाई के महीने में मॉनसू अपनी रफ्तार पकड़ेगी और झमाझम बारिश होगी। अगस्त और सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश देखने के लिए मिल सकती है। इससे धान की खेती को फायदा मिलेगा।

**खेत की तैयारी में जुटे किसान :** अच्छी मॉनसून के पूर्वानुमान के बाद किसान अभी से ही खेती की तैयारियों में जुट गए हैं। किसानों को उम्मीद है कि इस बार समय से बारिश होगी इसलिए वो सही समय पर धान की बुवाई कर पायेंगे। समय पर नर्सरी तैयार करने के लिए कुछ किसान तैयारियों में जुट गये हैं।

## बरवाडीह में पानी टंकी का निर्माण ठप

रवि कु गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** एक और जहां प्रखंड में पुरानी शहरी जलापूर्ति योजना बीते 10 वर्षो से बंद पड़ा हुआ है। जिसे देखते हुए पेयजल समस्या से जूझ लोगो को राहत देने के लिए महत्वाकांक्षी बहुप्रतीक्षित लगभग 49 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली बृहद जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य का डेढ़ वर्ष पूर्व स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा मंगरा कोयल नदी किनारे आधारशिला रखी थी। इस योजना से कोयल नदी से जल उठाकर पाइप लाइन बिछाकर प्रखंड मुख्यालय के शहरी क्षेत्रों के आलावा खुरा,लंका,मंगरा, बभनडीह सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगो को जलापूर्ति शुरू कर बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने की योजना थी। इस योजना से 2025 वित्तीय वर्ष तक सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति शुरू



करने की योजना प्रस्तावित है। लेकिन लगभग तीन माह से इस योजना में काम बंद पड़ा हुआ है। जबकि वर्तमान समय में कोयल नदी का जल सूखने के कारण योजना स्थल में काम और भी तीव्र गति से होना चाहिए था। वर्तमान में संबंधित संवेदक द्वारा जलापूर्ति हेतु मात्र 20 फीसदी ही काम करवाया गया है। धीमी गति से हो रहे जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य के कारण समय पर लोगो के घरों में जल पहुंचना मुश्किल भरा काम प्रतीत हो रहा है। जबकि विभाग द्वारा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के लिए पर्याप्त मात्रा पाइप भी उपलब्ध करा दिया गया है। बृहद जलापूर्ति योजना का कार्य काफी धीमी गति से होने के कारण पेयजल समस्या से जूझ रहे प्रखंड के लोगों में व्यापक आक्रोश है। इस संबंध में निर्माण कार्य बाधित होनेके संबंधित संवेदक का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। वही इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडे ने बताया कि अबतक कराए गए निर्माण कार्य का राशि भुगतान नहीं होने के कारण निर्माण कार्य बाधित है। जल्द ही निर्माण कार्य का राशि भुगतान होने के बाद संवेदक द्वारा निर्माण कार्य शुरू करवाया जायेगा। जिससे ससमय इस योजना को पूर्ण किया जा सके।

## ठनका गिरने से एक लड़की की मौत, तीन घायल

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत तोरार गांव की रहने वाली चार दोस्त आम खाने घर के पास के ही आम पेड़ के पास गयी थी। उसी क्रम में आंधी तूफान आना शुरू हो गया। चारो दोस्त आम के पेड़ के नीचे ही पानी आने से छिप गयी। उसी क्रम में ठनका गिर गया। पेड़ पर ही जिससे चारो बच्ची झुलस गई आप का पेड़ भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं चारो बच्ची में मोनिका कुमारी पिता रामवृक्ष गंझु की मौके पर ही मौत हो गयी। साथ ही तीनो बच्ची सुमन कुमारी पिता राजू गंझु, रूपन्ति कुमारी पिता निर्मल गंझु रनिता कुमारी पिता चरितर गंझु घायल है। प्रत्यक्षदर्शी बालेश्वर गंज होने बताया कि चारों बच्ची में एक बच्ची की तू मौके पर मौत हो गई है वही बचे हुए तीन बच्ची में सुमन कुमारी का भी हालत ठीक नहीं है।

## वन विभाग ने छह बोरी अवैध बीड़ी पत्ता जब्त किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** वन विभाग द्वारा अवैध बीड़ी पत्ता कारोबारी पर अंकुश लगाने के लिए नियमित छापामारी किया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार सुबह वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अजय टोप्पो को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर वनपाल रजनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिबंध सुरक्षित वन क्षेत्र छेंचा पंचायत के महुआडामर हीरोलोंग जंगल में अवैध बीड़ी पत्ता संग्रह कर 6 बोरे में भरकर डाल्टनगंज क्षेत्र में ले जाने की तैयारी किया जा रहा था। वनपाल रजनीश कुमार ने अवैध बीड़ी पत्ता जब्त कर लिया जबकि अवैध बीड़ी पत्ता तस्कर भागने में कामयाब रहे। जब्त किये गये बीड़ी पत्ता को बरवाडीह वन विभाग परिसर में रखा गया है। इस छापामारी अभियान में वनपाल रजनीश कुमार सिंह के आलावा वन विभाग के अमृत लाल खाखा, मो इमरान अहमद समेत ट्रैकर व अन्य वन कर्मी शामिल थे।

## भरण पोषण देने में असफल रहा पति गिरफ्तार

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** न्यायालय से भरण पोषण के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को भंडरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ उसकी पत्नी ने भरण पोषण का दावा किया था। आरोपी भरण पोषण की राशि जमा करने में असफल रहा, जिसके बाद न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की विवाहिता महिला साबिया खातून ने अपने पति के खिलाफ पारिवारिक न्यायालय में भरण पोषण का दावा किया था। न्यायालय ने पति को पत्नी के भरण पोषण के लिए पति माह 5 हजार रुपए प्रति मुकर्रर किया था। पर आरोपी द्वारा भरण पोषण की राशि पिछले 18 माह से नही दी। आरोपी पति द्वारा कुल 90 हजार रुपए भरण पोषण राशि नहीं देने के कारण न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किये। मामले में पुलिस ने आरोपी गुलहसन अंसारी ग्राम बड़ा अंबेरा को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दी। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया था।

## बकरी चराते समय युवती को सांप ने काटा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के बक्शीडीपा जंगल में शनिवार को बक्शीडीपा गांव की रहने वाली 18 वर्षीय नविता कुमारी को एक जहरीला सांप ने काट लिया। नविता कुमारी उस समय खेत में बकरी चरा रही थी। सांप के काटने के बाद वह भागकर किसी तरह से अपने घर पर पहुंची और परिजनों को बताया कि मुझे एक जहरीले सांप ने काट लिया है उसके पश्चात परिजनों ने आनन-फानन में लोहरदगा सदन अस्पताल लेकर पहुंचे। इसके बाद उसका इलाज शुरू किया गया है। यहां पर लोहरदगा सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर गणेश मलिक ने जांच के बाद कहा कि उसकी अभी ठीक है।

## जय श्रीराम समिति ने रक्तदान कर की मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के द्वारा एक पीड़ित मरीज को एक यूनिट ब्लड देकर जान बचायी। जानकारी स्वरूप जयनाथपुर निवासी विष्णु महतो की पत्नी जयमुनी देवी सदर अस्पताल में इलाजरत थी। डॉक्टर ने खून की कमी बताई। जिसके शरीर में मात्र दो पॉइंट ही ब्लड था। मरीज का परिवार जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य प्रकाश कुमार ने 1 यूनिट ब्लड देकर मरीज की जान बचायी। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा 18 वर्षों से समिति के द्वारा निशुल्कः



तत्काल ब्लड डोनेशन किया जाता रहा है जिससे कई गरीब पीड़ित मरीज की जान बचाई जा सकी है। ब्लड के नाम पर सदर अस्पताल में कई बचौलियों का जमावड़ा भी लग रहा है। जिससे गोरख धंधे का खेल किया जाता है। गरीब लाचार मरीज का फायदा उठाकर बिजोलिया अपने पॉकेट भरने का काम करते हैं। ऐसे बिचौलियों से पीड़ितों को सावधान रहना चाहिए। किसी को ब्लड की आवश्यकता है। वह समिति से डायरेक्ट संपर्क करें। समिति का किया हुआ हर काम निशुल्क होता है। विष्णु महतो (मरीज का पति) ने कहा मैं बहुत ही गरीब हूं हमने बहुत प्रयास किया परंतु कहीं से ब्लड की व्यवस्था नहीं हो पाई अंत में जय श्रीराम समिति से संपर्क किया और हमें तत्काल निशुल्कः ब्लड मिला इसके लिए मैं समिति का आभार व्यक्त करता हूं।मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, संजीव प्रसाद, विष्णु महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के पदाधिकारी ने बांटा निमंत्रण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली के पदाधिकारी के द्वारा अनेकों जगह बैठक कर निमंत्रण पत्र दिया गया। सेन्हा प्रखंड के सिठियो गांव में, भंडारा प्रखंड दुर्गा मंदिर में और भौरो गांव में बैठक कर निमंत्रण दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष रमेश साहू उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आगामी 4 जून को लोहरदगा जिला में मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के द्वितीय वर्षगांठ के मौके पर भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन



किया गया है। जिसमें माताएं बहने राम भक्त से आग्रह होगा कि हजारों की संख्या में कलश यात्रा में आकर पुण्य के भागी बने। संध्या के समय राधा रानी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है और 5 जून को भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया है। मैं सभी माता बहनों राम भक्तों से निवेदन कहना चाहता हूं कि इस शोभायात्रा में शामिल हो। मौके पर उपस्थित रमेश साहू, सचिन कुमार साहू, रोहित साहू, आशीष अग्रवाल, हसमुख रंजन इत्यादि राम भक्त मौजूद थे।

## जल स्तर नीचे होने के कारण पानी के लिए तरस रहे हैं लोग : सत्यम अग्रवाल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बढ़ती गर्मी के कारण जिस तरह जलस्तर नीचे होते जा रहा है ।उसे सुधार करने हेतु हम सभी जिले वासियों को जागृति दिखानी होगी। सर्वप्रथम मैं जिला प्रशासन से विनम्र निवेदन करता हूं कि नगर क्षेत्र में जो सप्लाई का पानी छोड़ जाता है उस निमित्त कई स्थानो पर पाइप लाइन लीकेज होने के कारण सड़कों में पानी बहता रहता है। उसे रिपेयर कर पानी को संचय किया जाए। अनावश्यक सड़कों में ना बहे इसकी चिंता करें ताकि जल का दुरुपयोग ना हो। ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाए। ताकि पर्यावरण शुद्ध हो और जलस्तर में वृद्धि हो एवं पर्यावरण हरा भरा रहे। जिससे वायुमंडल नियंत्रण में रहे ताकि अगले वर्ष हम सबको इस परेशानी का सामना न करना पड़े। उपरोक्त बाते बजरंग दल के सदस्य सत्यम अग्रवाल ने कही।

# इंडी गठबंधन के नाम होगा चुनाव परिणाम : भूषण तिर्की




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर।** गुमला विधायक भूषण तिर्की शनिवार को चैनपुर एवं डुमरी प्रखंड का दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर वस्तु स्थिति एवं क्षेत्र के बारे में जानकारी ले। इस दौरान विधायक भूषण तिर्की डुमरी झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता रिचर्ड तिर्की के माता स्व. तेरेसा तिर्की के गमी कार्यक्रम में शामिल होकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। वहीं उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पार्टी को जमीनी स्तर से मजबूत करने की बात कही। इस दौरान विधायक भूषण तिर्की ने कहा की आने वाला 2024 लोकसभा का रिजल्ट इंडिया गठबंधन के नाम होगा। इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने वाली है। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव संविधान लोकतंत्र को बचाने वाला चुनाव है। तानाशाही बीजेपी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत से जीत मिलेगी। इंडिया गठबंधन की जीत से झारखंड के आदिवासी मूलवासियों को भी लाभ मिलेगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमों जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज, रिचर्ड एक्का, बजरंग कुमार, सुधीर कुजुर, अनवर खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मतगणना के लिए जिला प्रशासन तैयार

# सुरक्षा व्यवस्था के साथ होगी मतगणना

**उपायुक्त ने प्रेस वार्ता में मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन की दी जानकारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पूरे भारत वर्ष को 4 जून 2024 का बेसब्री से इंतजार है। क्योंकि इसी 4 जून भारत के भावी प्रधानमंत्री के ताज के लिए माथे का निर्धारण किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस का अयोजन कर पत्रकारों को तैयारियों और सावधानियों की जानकारी दी। लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 4 जून को होने वाले मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किये गए गाइडलाइन की जानकारियां भी उपायुक्त के द्वारा पत्रकारों को दी गयी।

उपायुक्त ने कहा कि 4 जून को पूर्वाह्न 8 बजे से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। बताते चलें कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में कुल 5 विधानसभा क्षेत्र हैं। जिन में मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर व लोहरदगा शामिल है। सभी विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना अलग अलग टेबलों पर होनी है। मांडर विधानसभा के मतगणना के लिए 22 टेबल बनाये गये हैं। वहीं सिसई विस क्षेत्र की मतगणना के लिए 18 टेबल बनाए गये हैं। गुमला विस क्षेत्र के मतों की गणना के लिए 18 टेबल, विशुनपुर क्षेत्र के मतों की गणना के लिए 18 टेबल, एवं लोहरदगा क्षेत्र के मतों की गणना के लिए18 टेबल निर्धारित किये गये है। प्रत्येक टेबल के लिए 3- 3 कर्मियों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही 20 प्रतिशत कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। पोस्टल बैलेट की मतगणना हेतु 40 टेबल निर्धारित किए गए हैं। जहां प्रत्येक टेबल के लिए 4 कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया जाएगा। सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों का इससे संबंधित प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही कर्मियों की विधिवत तरीके से रेंडमाइजेशन भी की जा रही हैं।




बैठक में उपस्थित जिला पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने कहा कि मतगणना केन्द्र में कोई भी असुविधा उत्पन्न नही होने व शांति व्यवस्था भंग नहीं होने की व्यवस्था हेतु काफी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियों को पूर्ण कर ली गई हैं। विभिन्न मुख्य चौक चौराहों पर अतिरिक्त बल की भी नियुक्ति कर ली गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिस प्रकार जिले में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है उसी प्रकार जिले वासियों से मतगणना दिवस के दिन भी शांतिप्रद माहौल की अपेक्षा रहेगी। प्रेस वार्ता में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी, प्रभारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी मौजूद थे।

# गर्मी के कारण कामडारा में दिनभर पसरा रहा सन्नाटा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड में उमस भरी गर्मी के कारण शुक्रवार को कामडारा प्रखंड मुख्यालय पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं लोगों को गर्मी से राहत पाने के लिये पेड़ की छांव या फिर पंखे व कूलर के इर्दगिर्द बैठकर समय बिताते हुये देखा गया।हालांकि शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में अन्य दिनो के तुलनात्मक तापमान कुछ कम रहा। परंतु दिन मे आसमान पर बीच-बीच मे बादल छाने के कारण दिनभर उमस भरी गर्मी से परेशान रहे लोग।कामडारा प्रखंड क्षेत्र मे आज का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास था।इधर गर्मी के कारण दिन भर कामडारा व पोकला गेट के सभी दुकानों पर ग्राहकों की कमी देखी गई।दुकानों पर ग्राहकों के नहीं आने के कारण आज बाजार की स्थिति भी काफी खराब रहा।वहीं दोपहर के वक्त खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर वाहनों का परिचालन भी अन्य दिनो के अपेक्षा कुछ कम देखा गया।

# तपती गर्मी में गुमला को निर्बाध बिजली मिले : राजेश सिंह

**अधिक गर्मी से विद्युतीय मशीनरी हो जाती है हिट, तो बिजली आपूर्ति होती है बाधित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में गुमला चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल विद्युत आपूर्ति विभाग गुमला के कार्यपालक अभियंता बी के सिंह से मिला। उन्होंने गुमला शहर में व्याप्त बिजली की समस्या से अवगत कराते हुए इससे निराकरण की मांग की। जिसपर जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता बी के सिंह ने बताया कि गर्मी बढ़ जाने के वजह से 20 साल पुरानी मशीन अत्यधिक हिट हो जाती है, जिसके कारण निर्बाध बिजली देने में परेशानी होती है। परंतु इसपर सुधार कर ली गई है। पूरी उम्मीद है अब समस्या उत्पन्न नहीं होगी। आने वाले 1 से 2 महीनों में गुमला को बेहतर बिजली सप्लाई मिलेगी। चूंकि गुमला को 50टइ का दो नया ट्रांसफर्मर मिलने जा रहा है। वर्तमान में गुमला की जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए तीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिस पर सुबह 8:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। पहला ढरर - 9472 759188 दूसरा अए - 9431135 639 एवं तीसरा 8434517306 है। मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, सचिव बबलू वर्मा, प्रणय कुमार एवं विवेक विश्वकर्मा मौजूद थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बानो (आजाद सिपाही)।** बानो थाना क्षेत्र के अंतर्गत नाबालिग युवती को अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में पीड़िता की मां ने बानो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।उन्होंने बताया कि उनकी बेटी 30 तारीख से घर से लापता हो गई थी। बानो के ही मुस्लिम बस्ती निवासी रकीब अंसारी,पिता मुमताज अंसारी ने बेटी को अपहरण कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।वहीं बानो पुलिस मामले की जानकारी होते ही पीड़िता की पूरी खोज बीन में जुट गई पीड़िता को बरामद कर आरोपी युवक को धर दबोचा तत्पश्चात बानो पुलिस ने आरोपी को अपहरण और दुष्कर्म के मामले में कांड संख्या 26/24 धारा 363, 366 भादवी धारा 4और 8 पोक्सो एक्ट के तहत एफआइआर दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# खस्सी चोरी कर भाग रहे दो युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के पीठर टोली गांव से खस्सी चुरा कर भाग रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ा और पुलिस को सूचित किया। मामला शनिवार का है। जानकारी के अनुसार गुमला तर्री निवासी अनमोल खेरवार और आदित्य सिंह दोनों पीठर टोली गांव पहुँचे। गांव सन्नाटा समझ कर दोनों चोरों ने रमेश सिंह के घर मे बंधे खस्सी को चुरा कर स्कूटी में लाद कर फरार हो गए। इधर रमेश सिंह को जानकारी हुई कि खस्सी चोर आए थे और खस्सी चुरा कर भाग रहे हैं। ग्रामीणों ने दौड़ा कर खस्सी चोरों को पकड़ा और पालकोट पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही पालकोट थाना प्रभारी मो0 जहाँगीर घटना स्थल पहुंचे



और पूछताछ किया। तो दोनों ने चोरी स्वीकार कर बतलाया की गुमला के तर्री गांव का रहने वाले हैं। अपना नाम अनमोल खेरवार और आदित्य सिंह बतलाया। दोनों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहा है। मौके पर से एक स्कूटी और एक खस्सी बरामद किया गया है

## ब्राउन शुगर और पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस ने शनिवार को ब्राउन शुगर और पिस्तौल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उक्त युवक घाघरा प्रखंड मुख्यालय निवासी ही है और लंबे टाइम से नशा के कारोबार में शामिल था जिस पर पुलिस की निगरानी भी लगातार बनी हुई थी। जानकार सूत्रों ने बताया कि युवक से पुलिस को ब्राउन शुगर के साथ पिस्टल व गोली भी बरामद हुई है। हालांकि पूरे मामले में थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कुछ भी स्पष्ट नहीं बताया उन्होंने कहा कि अभी कुछ स्पष्ट नही है जैसे ही कुछ तथ्यात्मक बात होगा तो जरूर मीडिया को बताया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि पिस्तौल और ब्राउन शुगर मिलने के बाद घाघरा पुलिस इसको बड़ी सफलता मानते हुए युवक से और इस कारोबार में जुड़े लोगों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है पुलिस को कई सूत्र हाथ लगे हैं जिससे एक बड़ा उद्भेदन होने की संभावना भी है।

## 70 हजार नगद और सोना का सिक्का चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** फसिया पंचायत के विंध्याचल नगर निवासी अशोक कुमार सिंह ने गुमला थाना में लिखित आवेदन दे कर घर में चोरी की शिकायत की है। थाना को दिए गए आवेदन में कहा है कि वह विंध्याचल नगर में रुद्र प्रताप साहु के घर में किराए के मकान में रहता है। वह 28 मई को अपना गांव रायकेरा गया था। शनिवार को सुबह मोबाइल पर फोन में जानकारी मिली की उसके किराए के मकान का ग्रिल दरवाजा खुला हुआ है। रायकेरा से विंध्याचल नगर अपना किराए के मकान पर पहुंचा तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा है। घर के अंदर अलमीरा भी टूटा हुआ है। एक आलमीरा से पचास हजार नगद और सोना का सिक्का तथा दूसरे बक्सा से बीस हजार रुपये नगर की चोरी हुई है। थाना प्रभारी से कार्रवाई की मांग की है।

## महिला का पर्स चोरी, स्थानीय लोगों ने एक लड़की को पकड़ा, दो महिला फरार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर स्थित बाजार टांड़ से शनिवार को पुग्गू प्रतापपुर निवासी एक महिला के बैग से पर्स की चोरी कर ली गई। पर्स में महिला के 4 हजार नगद सहित एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड व अन्य जरूरी कागजात भी थे। बाजार में महिला को बैग में हरकत महसूस हुआ। तभी बगल के कपड़ा के एक दुकानदार ने चोर चोर हल्ला किया और तीन लोग भागने लगे। जिसे मौजूद लोगों ने खदेड़ा। इसके बाद एक लड़की को लोगों ने पकड़ा। वही सादे देश में पुलिस का एक जवान वहां मौजूद था। लड़की को थाना लाया गया। जहां उससे पूछताछ किया जा रहा है। हालांकि उसके साथ दो महिला घटनास्थल से फरार होने में सफल रही। पीड़ित महिला प्रतापपुर पुग्गू निवासी सुजाता लकड़ा ने बताया वह सब्जी खरीदने बाजार गई थी तभी यह घटना हुई। बताया गुरुवार को ही बैंक से 5 हजार निकाली थी। 1 हजार खर्च हुआ। वही पर्स में 4000 था। जानकारी के मुताबिक वह लड़की छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर की रहने वाली है। लोगों ने बताया उनका गिरोह है जो चोरी की घटना को अंजाम देता है।

# कोटाम बाजार में मारपीट आधा दर्जन लोग घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कोटाम बाजार में शनिवार को दो गुटों में हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। गंभीर रूप से घायल कतरी निवासी 23 वर्षीय युवक शाहीद खान ने बताया कि वह कोटाम बाजार गया था। साग सब्जी खरीदने के बाद तजमुल के होटल में नाश्ता करने जा रहा था। तभी सात आठ लोग वहां पहुंचे और उसके ऊपर लाठी डंडा और रड से अंधाधुंध वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। घायल शाहिद के अनुसार उसके साथ मारपीट करने वालों में गुरुवा अंसारी, तानसा अंसारी, अकरम अंसारी, कलीम अंसारी, जुनेद अंसारी, तौहीद अंसारी, हफीज अंसारी, सरहुद्दीन अंसारी आदि शामिल हैं। इधर सहरुद्दीन अंसारी, जेबैर अंसारी, शोएब अंसारी और समसाद अंसारी को भी हल्की चोट लगी है। इन लोगों का कहना है कि जुबैर और सलाहुद्दीन कतरी गांव गए थे। तब शाहीद के साथ तीन चार लोग मारपीट करने के लिए दौड़ाया था। ये दोनों जान बचाकर कोटाम आया तो कोटाम में भी शाहीद को मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने में उन लोगों को चोट लगी है। सूत्रों के अनुसार टेंपू में सवारी को लेकर 15 दिन पूर्व भी इन दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। वहीं गुमला थाना में दोनों पक्षों ने आवेदन सौंपा है।

## हाथी के उत्पात से परेशान हैं ग्रामीण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी का उत्पात थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। ताजा मामला प्रखंड के मरासीली पंचायत अंतर्गत कुसुम्बाहा गांव की है जहां बीते देर रात हाथी ने एतवा उरांव के ईट के मकान को क्षतिग्रस्त किया है। साथ ही घर के अंदर रखे 2 क्विंटल गेंहू को भी चट कर गया। इसके अलावे कई समान को भी हाथी ने बर्बाद कर दिया। घटना की सूचना वन विभाग बसिया के वनपाल लिबनूस कुल्लू को दूरभाष पर दे दिया गया है। वहीं इधर एतवा उरांव ने वन विभाग से मदद की गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।

# ट्रेन से हाफिज को किसी ने दिया धक्का इलाजरत हाफिज अभी तक हैं कोमा में

**गरीब परिवार को हाफिज के इलाज के लिए जिला प्रशासन से सहयोग की है आस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के छोटा अंबोआ गांव के एक हाफिज हिदायत अंसारी ट्रेन हादसे में बुरी तरह से जख्मी हो गए और अभी कोमा में हैं। बताया जा रहा है कि हाफिज हिदायत अपने पिता से मिलने बानो गये थे। उसके पिता हाफिज एखलाख अंसारी बानो के एक मदरसा में बच्चों को पढ़ाते हैं। पिता से मिलने के बाद हाफिज हिदायत बीते 30 मई को ट्रेन में सवार होकर बानो से रांची जा रहे थे। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि उसी दौरान किसी ने धक्का दे दिया जिसे हाफिज हिदायत अंसारी जमीन पर जा गिरे और सर पर गंभीर चोट लगी। इसकी



सूचना जब परिजनों को व गांव वालों को मिली तो सभी घटनास्थल पहुंचे और उन्हें उठा कर बेहतर इलाज के लिए रांची ले गये। जहां अभी हाफिज हिदायत अंसारी का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार इलाजरत हाफिज अभी कोमा में है। परिवार काफी गरीब है जिसे इलाज के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पुरे घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर मजदूर संघ सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने जिला प्रशासन से इलाज में सहयोग करने की मांग की है। तथा अपनी टीम की ओर से हर संभव इलाज में सहयोग करने और सहयोग कराने की बात कही है।

## दहेज प्रताड़ना मामले में महिला ने की ससुरालवालों के खिलाफ शिकायत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र के टोटो देवरस नगर की अफसाना परवीन ने दहेज प्रताड़ना मामले में अपने पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ गुमला महिला थाना में शिकायत कर पति पप्पू खान उर्फ अफरोज नईयर, रहेना खातून, सिफा अफरोज, पम्मी खान और सबा खान के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। अफसाना परवीन ने अपने आवेदन में कहा है कि उसका विवाह पिछले 19 जुलाई 2012 में रांची के इकरा मस्जिद में जशपुर जिला के कांसाबेल थाना बटईकेला चांदनी चौक में स्व.जिलानी खान के पुत्र पप्पू खान उर्फ अफरोज नईयर से हुआ था। विवाह में मेरे पिताजी क्षमता के अनुसार दहेज में जेवर बर्तन गोदरेज घरेलू सामान आदि दिए थे। ससुराल वाले कम दहेज मिलने की बात कर प्रताड़ित करने लगे। दहेज में इनोभा कार और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। पिताजी ने इनोभा कार भी दिया। वर्ष 2013 और 2017 में पुत्री का जन्म होने के बाद मारपीट करने लगे। अस्सी हजार रुपये ऋण भी मेरे नाम से लिया और स्कूटी खरीदा। मारपीट के कारण वह भाग कर गुमला आयी और रजा कालोनी में किराए के मकान पर रहने लगी। वहां भी पति आकर मारपीट करने लगा तब मैं अपने मायके टोटो चली गयी। सदर अस्पताल में इलाज कराने के बाद महिला थाना में न्याय की गुहार लगा रही हूं।

# जल संसाधन के अभाव में ग्रामीणों को खेती से हो रहा है मोह भंग

**विधायक के अनुसंशा पत्र के बावजूद सरकारी कार्यलय में दौड़ते थक गये ग्रामीण, नहीं पहुंचा सिंचाई का संसाधन: मिशन बदलाव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** सदर प्रखंड के आंजन पंचायत अंतर्गत आने वाले सुदूरवर्ती गांव मड़वा तेतरटोली सिंचाई के संसाधनों का घोर आभाव है। इससे त्रस्त ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के समाधान हेतु विचार विमर्श के लिए मिशन बदलाव को अपने गांव बुलवाया। और गांव में चौपाल लगाकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

मिशन बदलाव की टीम में भूषण भगत बिनोद साहू, सगुन ठाकुर और राज उरांव अपने अन्य साथियों के हमराह मड़वा तेतरटोली गांव पहुंचे। और ग्रामीणों चौपाल में विभिन्न समस्याओं पर बेबाकी से विचार-विमर्श हुआ। मिशन बदलाव को ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सिंचाई के संसाधनों का घोर आभाव है। प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी है, नदी - नहरें सब सूख गयी हैं और गांवों में आबादी के हिसाब से ट्यूबवेल नहीं हैं। ऐसे में खेतों की सिंचाई कैसे होगी। अब खेती पहले जैसी नहीं रही। खेती महंगी हो गयी है। सरकार योजनाएं चला रही है। लेकिन वे योजनाएं सरकारी फाइलों तक ही सिमट कर रह जाती है और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये विधायक के पास भी दौड़ लगाई गई। लेकिन वह भी व्यर्थ रही। और विधायक के द्वारा अनुसंशा पत्र ग्रामीणों के द्वारा विभागों में जमा भी हुआ लेकिन सिंचाई का संसाधन मिला नहीं एवं विधायक के अश्वाशन भी खोखले साबित हुए। लगभग दो साल बीत गए।

ग्रामीणों ने कहा कि कृषि अनुदान का लाभ हम कृषकों को नहीं मिलता है। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा कि गांवों को भी शहरों की तरह हाइ टेक्नोलॉजी युक्त सुविधाओं से जोड़ने की बात भले की जा रही हो, लेकिन वास्तविक रूप में किसान आज भी इन सबसे बहुत पीछे हैं। दिन रात अपने खून पसीने से फसलों को सींचकर अनाज पैदा करनेवाले किसान आज भी बदहाल हैं। झारखंड बनने के इन 24 सालों में सरकारें बदलती रहीं, योजनाएं बनती रहीं, लेकिन किसानों की दशा में अबतक कोई सकारात्मक बदलाव नहीं आया। मिशन बदलाव के ग्रामीण जिला अध्यक्ष बिनोद साहू ने कहा कि सिंचाई की सुविधा के अभाव में कृषि-कार्य से किसानों का मोह भंग हो रहा है और ग्रामीण शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं सिंचाई में पटवन के लिए मॉनसून के अलावा निजी बोरिंग ही एकमात्र विकल्प है। लेकिन पूंजी के अभाव में किसान बोरिंग भी नहीं करा पाते। किसानों का मनना है कि यदि सरकार पाइपलाइन की व्यवस्था करा दे तो समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। बैठक में मुखिया सहित सैकडों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बांस के पेड़ से दब कर महिला की मौत

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डोंकी पंचायत के बरियातू गांव में शनिवार को एकाएक तूफान आने से बास का पेड़ गिर गया जिससे दब कर सोनी देवी उम्र 23 वर्ष पति विकास सिंह की मौत घटनास्थल पर हो गयी। सोनी देवी नदी से कपड़ा धोकर अपना घर लौट रही थी कि एकाएक तूफान आ गया तूफान के कारण घर के बगल में बास का पेड़ के पास खड़ा हो गई तभी अचानक बास का पेड़ गिर गयी जिससे दब कर मौत हो गयी। उसी जगह खड़ा सोनी देवी का ससुर करम सिंह उम्र 55 वर्ष को भी बाया पैर में बास गिरने से काफी चोट आया है। सोनी देवी का एक 2 वर्ष का पुत्र है वही उसके पति विकास सिंह आंध्र प्रदेश कमाने गया है।

## स्पोर्ट्स एकेडमी का समर कैंप आज से

**गुमला (आजाद सिपाही)।** खिलाड़ियों में नई-नई प्रतिभा ढूंढने और उन्हे प्रशिक्षित करने वाले स्पोर्ट्स एकेडमी का समर कैंप आज से आरंभ हो रहा है। यह समर कैंप परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में 2 से लेकर 9 जून तक चलेगा। यह समर कैंप प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेगा। जिसमें मुख्य रूप से हैंडबॉल, एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, ग्रेपलिंग कुश्ती सहित अन्य खेलों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में नए खिलाड़ियों के साथ-साथ रेगुलर खेलने वाले खिलाड़ी भी शामिल रहेंगे। इन सभी खेलों की तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए कई अनुभवी प्रशिक्षक भी शिविर का हिस्सा बनेंगे। इस संबंध में स्पोर्ट्स अकादमी के सचिव सैयद जुन्नु रैन ने बताया कि समर कैंप की विशेषता यह है कि फ्रेंडली माहौल में रहकर खिलाड़ी अपने सीनियरों से खेलों के अंदर की बारीकियां और तकनीक सीख सकते हैं। वही अपने खेलों की प्रतिभा को और अधिक ऊजार्वान बनाने के लिए गर्मी की छुट्टियों में खिलाड़ी अपना पसीना बहाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल नगरी गुमला में खेल का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। खिलाड़ियों को तराशने की जरूरत के साथ साथ प्रतिभाओं को ढूंढने की जरूरत है।

## पथरा मध्य विद्यालय को मिला उच्च विद्यालय का दर्जा, ग्रामीणों में हर्ष

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय पथरा को उच्च विद्यालय का दर्जा मिलने से स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकों में खुशी का माहौल है। उच्च विद्यालय का दर्जा मिलने के बाद इस स्कूल की दशा सुधरेगी। साथ ही बच्चों को उच्च विद्यालय की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अबतक बच्चों को उच्च विद्यालय की पढ़ाई के लिए हुसैनाबाद प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता था। जिससे ग्रामीण इलाके के बच्चों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पथरा मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय का दर्जा मिलने पर आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद के मीडिया प्रभारी अनिल कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस संबंध में बीईईओ रामनरेश राम ने बताया कि गर्मी छूटी के बाद उत्क्रमित उच्च विद्यालय पथरा में सत्र 2024-25 के लिए 9वी वर्ग में नामांकन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना स्थल का लिया जायजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के तहत मतगणना की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी एआरओ व मतगणना से जुड़े अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक की।समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मतगणना को लेकर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में पदाधिकारियों संग विचार-विमर्श किया।इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गयी। बैठक में मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना एजेंट एवं मतगणनाकर्मियों के लिए प्रवेश द्वार, बैरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, मतगणना कर्मियों के लिए पहचान पत्र सहित अन्य विषय पर विमर्श किया गया।



उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना कक्ष के भीतर किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट यथा- मोबाइल आदि लेने जाना पूर्ण प्रतिबंधित है,इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

**गर्मी के मद्देनजर मतगणना स्थल पर होगा पानी का छिड़काव, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश**

बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने नगर आयुक्त को मतगणना स्थल पर समय-समय पर पानी का छिड़काव कराने की बात कही।इसके साथ ही मतगणना स्थल के अंदर व बाहर शौचालय की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये।उन्होंने नजारत उप समाहर्ता को मतगणना कार्य में लगे कर्मियों के लिये नाश्ता,लंच के साथ ही सत्तू व लस्सी की भी व्यवस्था करने की बात कही।बैठक समाप्ति के बाद निवार्ची पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री रंजन ने मेदिनीनगर स्थित जीएलए कॉलेज, मतगणना केंद्र का दौरा किया। उन्होंने मतगणना कक्ष एवं मतगणना केंद्र परिसर में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों को सुरक्षा, खाने की व्यवस्था, अनाउंसमेंट, निर्वाचन अभिकर्ताओं एंट्री सहित अन्य कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने काउंटिंग हॉल जहां मतों की गणना होगी उसका भी निरीक्षण कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। मौके पर अपर समाहर्ता,उप निर्वचन पदाधिकारी, एनडीसी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# दो पक्षों में जमकर मारपीट, वृद्ध की मौत, सात घायल, तीन रेफर

**टेपों हटाने के मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के उर्दवार पंचायत के चौखड़ा गांव में शुक्रवार की रात करीब आठ बजे टेपों हटाने को लेकर मामूली विवाद में दो पक्षों की ओर से जमकर लाठी डंडे चले।दोनों पक्षों की ओर से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हों गई। इसकी जानकारी मिलते ही पीड़ित परिजनों में कोहराम मच गई। जानकारी के अनुसार चौखड़ा गांव निवासी अजित साव अपने घर के कुछ दूरी पर स्थित सरकारी आहर के पास प्रतिदिन टेंपो लगाता था, वहां से गांव के ही दूसरे पक्षों ने टेंपो हटाने की बात कहीं, इसी मामूली विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें अजित प्रसाद साव, विनोद साव, गोपाल कुमार गुप्ता, अलकदेव साव उर्फ लखदेव साव (60 वर्ष), राजू सिंह, राजन सिंह, बबलू कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। जहां चिकित्सक ने अजित साव, अलकदेव साव, बिनोद साव की स्थिति को गंभीर देखते हुये बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल रेफर कर दिया । जहां सदर अस्पताल में इलाज के दौरान अलकदेव साव उर्फ लखदेव साव की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ओर से आवेदन मिला है।जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाजरत घायल व्यक्ति

# वोटों की गिनती का प्रशिक्षण संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन के आदेशानुसार विधिवत व निष्पक्ष मतगणना के लिए गिरिवर +2 उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में 690 मतगणना कर्मियों को त्रुटि रहित मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत मतगणना सहायक, मतगणना पर्यवेक्षक एवं सूक्ष्म प्रेक्षकों को उनके कार्यों के अनुरूप गणना एवं प्रपत्र संधारण के तरीके बताये गये। सदर डीसीएलआर प्यारेलाल व छतरपुर डीसीएलआर विजय कुमार केरकेट्टा ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया।

जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह, रामलखन राम, सौरव कुमार सिन्हा, सौरभ सिंह व दिनेश चंद्र राम ने मतगणना प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया तथा गणना के क्रम में आनेवाली कठिनाईओं का निस्तारण निर्वाचन आयोग के नियम के परिप्रेक्ष्य में करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आलोक कुमार तिवारी, रामप्रवेश शर्मा, क्यूम अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# अंचलाधिकारी ने ओवरलोड गिट्टी लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने शनिवार कि सुबह बड़ेपुर, बराही व दंगवार सोन नदी तट के बालू घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान बुधुआ मोड के समिप ओवरलोड गिट्टी लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर दंगवार ओपी को सौंप दिया। इस संबंध में अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि वरिये पदाधिकारी के निर्देश पर अवैध उत्खनन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधुआ मोड़ के समिप बिना नंबर प्लेट के और बिना वैध चालान के एक ट्रैक्टर को ओवरलोड गिट्टी का ढुलाई करते पकड़ा गया है, जांचोपरांत ट्रैक्टर को जब्त कर दंगवार ओपी थाना को सौप दिया और जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को जानकारी दे दी गयी है।

# पर्यावरण संरक्षण पहले जरूरी वरना अध्ययन रह जायेगा अधूरा : अविनाश देव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रकृति के गोद में विराजमान पर्वत - पहाड़, नदी-झरना, पेड़ - पौधे सब कुछ हमें सिर्फ जीवन जीने की कला ही नहीं सिखाते बल्कि यह सब हमारे जीवन के जड़ है और प्रकृति के द्वारा दिया हुआ इन्हीं सब बहुमूल्य रत्नों का सदुपयोग से हम स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन का निर्वहन करते हैं,लेकिन जब मनुष्य स्वार्थ के खातिर जब पर्यावरण से खिलवाड़ करने लग जाता है तो प्रकृति अपना विकराल रूप धारण करती है, जिसके काल के गाल में समाने से हमे कोई नहीं बचा सकता और बचाएगा भी कौन क्योंकि धरती पर तमाम साइंस, तकनीक व धार्मिक मान्यताएं का प्रणेता ही प्रकृति है।

विदित हो की बीते कुछ दिनों से पृथ्वी पर बढ़ती तापमान को लेकर कई देशों में त्राहिमाम मचा हुआ है, कई जगहों पर तो हाई अलर्ट कर दिया गया है, उन्हें घर से निकलने की हिदायत की जा रही है जो की इन्हीं लिस्ट में मौजूद तापमान का पारा पलामू में भी पांव पसार चुका है, जिस पहल को लेकर संत मरियम आवासीय विद्यालय में अभिभावकों और छात्रों के बीच हजारों निशुल्क पौधा का वितरण किया गया। हालांकि संत मरियम कई वर्षों से निशुल्क पौधा वितरण का मुहिम चलाता रहा है लेकिन जब तक जन-जन के जहन में यह बात समझ में नहीं आएगी की पौधा कितना आवश्यक है हमारे जीवन के लिए तब तक यह मुहिम सार्थक साबित नहीं होगी। संत मरियम स्कूल प्रबंधन का प्रयास है की जन-जन तक के जहन में पर्यावरण संरक्षण के लहर उमड़े ताकि हम जनजीवन को स्वच्छ एवं सुरक्षित बना सके।मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने पौधों का वितरण करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग यानी वैश्विक ताप का असर हमारे राज्य झारखंड में मई माह के आखरी में दिखा। विभिन्न स्त्रोतों से जो आंकड़ा उपलब्ध है उसमें वैश्विक ताप का मुख्य कारण है आधारभूत संरचना के निर्माण में कटते पेड़ उजड़ते जंगल। देश में विकास के नाम पर जो राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहे हैं पहाड़ काट कर बड़े बड़े जो सुरंग बनाए जा रहे हैं इसके लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जा रहे हैं जंगल उजाड़े जा रहे हैं जिसका सीधा प्रभाव मौसम और पर्यावरण पर पड़ रहा है। इसका नतीजा है समय पर मॉनसून नहीं आ रहा है। पेड़ लगाने के नाम पर खानापूर्ति किया जा रहा है। आज पलामू जिले का हाल है कि आसमान से आग बरस रहा है 47 साल का रिकार्ड तोड दिया। इन विकट परिस्थितियों के मद्दे नजर संत मरियम विद्यालय परिवार व प्रबंधन ने ताप शोधक पौधा वितरण का ठोस निर्णय लिया है,जिसमें एक हजार कटहल का पौधा वितरण का लक्ष्य है। पर्यावरण संतुलन तथा धरती को हरा-भरा बनाए रखने के संकल्प सहित हजारो पौधों का निशुल्क वितरण किया। क्योंकि वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग है यदि वृक्ष नहीं तो मानव जीवन की कल्पना असंभव है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, पूजा मैम, समन्वयक रौशन राज, रिजवाना परवीन, विकास विश्वकर्मा,संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडे, ऋषि शर्मा व अन्य शिक्षकों के साथ- साथ सैकड़ो बच्चे मौजूद थे।



# लू लगने से वृद्ध महिला की मौत



घटना स्थल से मृत महिला को ले जाते परिजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**उंटारीरोड/ पलामू।** उंटारीरोड थाना क्षेत्र के कुटमू मझिआंव सड़क पर कुटमू गांव के समीप शनिवार की दोपहर तीन बजे मझिआंव से आने के क्रम मे वृद्ध महिला रास्ते मे अचेत होकर गिरने से घटना स्थल पर उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृत महिला थाना क्षेत्र के लकड़ही गांव के 75 वर्ष मानमती कुवंर के रूप मे की गई है। मृत महिला को ग्रामीणों ने देखकर पुलिस और परिजनों को सूचना दे दी गई है। सूचना मिलने के बाद थाना के एएसआई मुना लाल जामदा और परिजन पहुँचकर शव को दाह संस्कार के लिए घर ले गये।

# जून की पहली तारीख को मौसम के मिजाज में नरमी, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/ पलामू।** जून के पहले तारीख को मौसम के मिजाज में थोड़ी नरमी आयी है। शनिवार को तापमान 37 डिग्री सेल्सियस पर आने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत महसूस हुई है। शनिवार की सुबह से आसमान में बादलों की आंख मिचौली के बाद शाम को घनी बादल छाए रहे। इस दौरान लोगों को पांच दिन पूर्व लगने वाली गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। इधर, हीट वेव से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है। हरिहरगंज सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा ने कहा कि अस्पताल में एंटी डायरियल मेडिसिन, आइबी फ्लूड ओआरएस एवं इससे संबंधित अन्य आवश्यक औषधियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्धत है। साथ ही हरिहरगंज और पीपरा प्रखण्ड के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी औषधियां उपलब्ध करा दिया गया है।



आसमान में छाए बादल व डॉ राजेश कुशवाहा का फाइल फोटो

# पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण : संदीप सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**छतरपुर/ पलामू।** यह दृश्य पलामू जिला के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत नौडीहा खजूरी पंचायत के लेवाड़ गांव का है। जहां करीब 30 से 35 घर के परिवार भीषण गर्मी में जल संकट की समस्याओं से जूझ रहे है। जल समस्या से निबटने के लिए सरकार द्वारा गांव में एक जलमीनार लगाई गई थी, जो खराब पड़ा है। जलमीनार ठीक कराने के लिए ग्रामीणों ने कई लोगों से, भी गुहार लगाई बावजूद कोई लाभ नहीं हुआ। लेवाड़ गांव में जल संकट की समस्या अभी तक दूर नहीं हुई है। इस भीषण गर्मी में लेवाड़ गांव के ग्रामीण काफी दूर से पानी लाने के लिए मजबूर है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग किया है कि जल्द से जल्द लेवाड़ गांव में पानी की व्यवस्था कराई जाए अन्यथा लोग आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।



## स्पोर्ट्स



**गोवा की सर्फर शुगर बनारसे ने 8.93 अंक हासिल कर कड़ी चुनौती पेश की। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य दो सर्फर नेहा वैद (2.20) और मारिएले वंडरिंक (1.87) हैं**

# तमिलनाडु के सर्फर्स ने दूसरे दिन अपना दबदबा बरकरार रखा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन भी तमिलनाडु के सर्फर्स ने अपना दबदबा बनाये रखा और पुरुषों के ओपन श्रेणी में चारों और महिला ओपन श्रेणी में दो फाइनल स्थान हासिल किये।

दूसरे दिन की शुरूआत पुरुषों के ओपन सर्फ श्रेणी के क्वार्टरफाइनल्स के साथ हुई, जहां सिवराज बाबू और तमिलनाडु के सर्फर्स ने अपनी कल की बढ़त को जारी रखा। सिवराज ने दिन के सबसे अधिक अंक (15.17) इकट्ठे किये। इस श्रेणी में अन्य सर्फर्स जो सिवराज के साथ सेमीफाइनल्स में शामिल हुए वे संजैकुमार एस (12.83), संजय सेल्वमानी (11.63), अजीष अली (11.43), श्रीकांत डी (10.33), मणिवन्ना टी (9.40), हरीश एम (9.23), और रुबन वी (7.93) थे।



दिन की प्रक्रिया सर्फिंग ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू हुई, जहां हरीश पी, जो वर्तमान में भारत में 5वें स्थान पर हैं, ने 10.17 के साथ श्रेणी में उच्चतम स्कोर बनाया। पूर्वी और पश्चिमी तट के सर्फरों के बीच प्रतिस्पर्धा तीव्र थी, पुजार बंधुओं ने कर्नाटक की उम्मीदों को जीवित रखा। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अन्य शीर्ष स्कोरर में तैयिन अरुण (7.60), प्रह्लाद श्रीराम (7.17), राजू पुजार (7.33), प्रदीप पुजार (6.47), आकाश पुजार (5.80), योगेश ए (4.40) और सोम सेठी (4.40) शामिल हैं। इस वर्ग के सेमीफाइनल और फाइनल रविवार को होंगे।

दिन में महिला ओपन सर्फ वर्ग का सेमीफाइनल भी खेला गया, जहां गत चैंपियन कमली मूर्ति ने 11.23 अंक हासिल कर-के अपने पैंतरेबाजी और सर्फिंग कौशल से जजों को प्रभावित किया। गोवा की सर्फर शुगर बनारसे ने 8.93 अंक हासिल कर कड़ी चुनौती पेश की। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य दो सर्फर नेहा वैद (2.20) और मारिएले वंडरिंक (1.87) हैं।

दिन का समापन पुरुष ओपन वर्ग का सेमीफाइनल था, जिसमें देश के शीर्ष सर्फरों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। संजयकुमार एस, संजय सेल्वामणि, श्रीकांत डी, और अजीश अली ने क्रमशः 11.17, 11.03, 9.90 और 9.70 के स्कोर के साथ फाइनल में अपना स्थान अर्जित किया।

## अवैध बालू ढुलाई करते ट्रैक्टर पांकी पुलिस ने किया बरामद



**पांकी/ पलामू (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पांकी थाना पुलिस और जिला परिवहन अधिकारी ने संयुक्त कारवाई कर अवैध बालू ढुलाई करते एक ट्रैक्टर बरामद किया है। ट्रैक्टर मालिक का नाम सत्यापन करने के बाद बनखेता निवासी अनुज सिंह का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि पूर्व मे भी तीन ट्रैक्टर को बरामद कर अग्रिम कारवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है। जिनके ट्रैक्टर मालिक नंदू सिंह,सूरज यादव एवं गोविन्द यादव का है।

# वृद्धजनों की भावात्मक जरूरतों के लिए संवेदनशील सामाजिक वातावरण बनायें : न्यायाधीश राम शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** उम्र के आखिरी पड़ाव में बेटा-बेटी और परिजनों के द्वारा बेघर किए गये बुजुर्गों का हाल जाने में उनके अधिकारों के विषय में बताने के लिए प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को अवर न्यायाधीश राकेश रोशन लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम के साथ चलकर लोहारबरवा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की आर्थिक और स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने और वृद्धजनों की भावात्मक जरूरतों के प्रति संवेदनशील सामाजिक वातावरण बनाये जाने की आवश्यकता है। न्यायाधीश ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार और प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों मे छह सप्ताह के लिए वृद्ध जनों के अधिकारों के लिए विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया है। न्यायाधीश ने वृद्धा आश्रम के एक-एक कमरों और परिसर का निरीक्षण किया। भवन के हर फ्लोर पर प्रयाप्त टॉयलेट और स्नानागार पेयजल की व्यवस्था की भी जानकारी लिया। वहां रह रहे कुल 27 वृद्धजन से यहां दिए जाने वाले व्यवस्थाओं का फीडबैक ली। ठहरे हुए बुजुर्ग ने बताया कि यहां खाना समय पर मिल रहा है और पूरी तरह निःशुल्क है। सोने के लिए बेड, ओढ़ने के लिए कंबल इत्यादि सभी व्यवस्था मिल रही है। वृद्धि लोगों के स्वास्थ्य की देखरेख के लिए यहां परमानेंट चिकित्सक मौजूद नहीं हैं। जिस पर न्यायाधीश ने फौरन कार्रवाई करते हुए चिकित्सा उपलब्ध करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित मेडिकल टीम ने वृद्ध जनों का स्वास्थ्य जांच किया और उन्हें आवश्यक दवाइयां दी। न्यायाधीश ने उन्हें विश्वास दिलाया कि जल्द ही सेवाआश्रम में स्थाई तौर पर हेल्थ सेंटर जिला प्रशासन के सहयोग से शुरू कर दिया जायेगा। न्यायाधीश ने वहां रह रहे वृद्धि जनों के बीच फल व अन्यखाद्य सामग्री का वितरण किया तथा उन्हें विश्वास दिलाया कि पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, आधार कार्ड आदि की व्यवस्थाएं जल्द जिला प्रशासन के सहयोग कर दी जायेगी। उन्होंने निर्देश दिया की साफ सफाई की पुरी उत्तम व्यवस्था रखें। वृद्ध लोगों को दिए जाने वाले खान की पूरी गुणवत्ता को निरंतर जांच करें। उन्होंने निर्देश दिया कि दूर दराज गांवों में भी इसका प्रचार प्रसार करवाये ताकि वैसे असहाय वृद्ध लोग जिनका कोई नहीं है, उन्हें यहां लाकर आश्रय दे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वृद्धा पेंशन के लिए उम्र सीमा 60 से 50 वर्ष करने की योजना लागू कर दी है, पात्र लोगों को 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने की सरकार की योजना है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय भट्ट, नीरज गोयल,राजेश कुमार सिंह, लालमणि वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ,सचिव डॉ डी शरण, सह सचिव सुरेंन्द्र यादव, ओमकार मिश्रा, एस. एस हजरा, रवि श्रीवास्तव, सीएचसी टुंडी सेंटर डॉ श्रवण कुमार, पारा लिगल वोलेंटियर संध्या कुमारी, राजेश सिंह समेत अन्य सेवाकर्ता उपस्थित थे।

# फारवर्ड डीओ को पेलोडर से ट्रक लोडिंग शुरू करने को लेकर दो पक्षों मे तनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** विश्वकर्मा लोडिंग प्वाइंट में फारवर्ड डीओ को पेलोडर से ट्रक लोडिंग शुरू करने को लेकर दो पक्षों मे तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर मासस, जश्रसं व झामुमो से जुड़े सैकड़ों मजदूरों ने पेलोडर से फारवर्ड डीओ चालू कराने को लेकर शनिवार को दूसरे दिन भी हंगामा करते हुए ट्रासंपोर्टिंग कार्य ठप करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर युवा बेरोजगार मंच पेलोडर लोडिंग का विरोध करते हुए कांटा घर मे कार्य प्रभावित कर दिया। असंगठित मजदूरों के दोनों गुटों के आंदोलन के चलते विश्वकर्मा का डिस्पैच पूरी तरह प्रभावित हो गया है। दो दिनों से आंदोलन के कारण बीसीसीएल को भारी नुकसान सहना पड़ रहा है। मासस के धरम बाउरी, जश्रसं के देशराज चौहान व झामुमो के किशोर मुर्मू ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि बीसीसीएल के निर्देश पर विधिवत पेलोडर लोडिंग करने पर मजदूरों ने सहमति जताई है। जिसे दूसरे पक्ष के लोग अपने स्वार्थ के चलते चालू नहीं होने दे रहे हैं। धरम ने कहा कि बीसीसीएल के निर्देश का उल्लंघन दूसरे पक्ष कर रहे है। अगर विश्वकर्मा कोलडंप मे पेलोडर लोडिंग नहीं शुरू हुआ तो यहां पेलोडर से लोडिंग होने वाले ट्रासंपोर्टिंग कार्य भी चालू नहीं होने दिया जायेगा। यहां सभी मशीनीकरण बंद कर दिया जायेगा। युवा बेरोजगार मंच पर निशाना साधते हुए कहा कि यही लोग है जो मजदूरों को दरकिनार कर मशीन से ट्रासंपोर्टिंग शुरू कराया। अब बीसीसीएल के नियम को उल्लंघन कर पेलोडर लोडिंग का विरोध कर रहे है। पूर्व मे भी पेलोडर लोडिंग शुरू किया गया था जिसमें युवा बेरोजगार मंच शामिल था। अब विरोध करने पर तूले हुए है। मंच की मंशा समझ समय परे है। बता दे कि विश्वकर्मा मे ट्रक लोडिंग कर एक हजार मजदूर अपना जिविका चला रहे हैं। पेलोडर लोडिंग शुरू होने से मजदूरों को भी फायदा है। इसमें सैकड़ों मजदूरों को रोजगार मिलेगा। वहीं दूसरी ओर युवा बेरोजगार मंच के लोगों का कहना है कि मजदूरों के हीत के लिए पेलोडर लोडिंग का विरोध किया जायेगा।

# बोकारो जेनरल हॉस्पिटल में ठेका श्रमिकों की मेडिकल जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सुरक्षा और स्वास्थ्य का गहरा संबंध है तथा स्वस्थ कामगार ही सुरक्षित कार्यक्षेत्र निर्मित करने में सहायक होते हैं। इसी दिशा में बोकारो स्टील प्लांट के बोकारो जेनरल हॉस्पिटल द्वारा विभिन्न ठेकेदारों के अंदर काम कर रहे ठेका श्रमिकों के मेडिकल चेक -अप की व्यवस्था की गयी है। किसी भी ठेका मजदूर का गेट पास बनाने के पहले बीजीएच द्वारा उनका मेडिकल चेकअप होगा। मेडिकल चेकअप में उनका ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर, ई सी जी, हाइट, वेट, बी एम आई जैसे कुछ बेसिक पैरामीटर्स की जांच की जाएगी। किसी भी पैरामीटर के निर्धारित स्तर से बाहर होने पर उन्हें उचित इलाज करवाने की सलाह दी जाएगी और चार सप्ताह (28 दिन ) के बाद वे पुनः अपनी जांच बीजीएच में करवा सकते हैं, और फिट पाए जाने पर, सेफ्टी ट्रेनिंग के पश्चात उन्हें गेट पास निर्गत हो सकेगा। निकट या दूर दृष्टि दोष जैसी छोटी-मोटी समस्या जिसे चश्मे के इस्तेमाल से ठीक किया जा सकता है, वैसे वर्कर्स उचित पावर का चश्मा लगवा कर पुनः एक सप्ताह के बाद बीजीएच में अपने आंखों की जांच करवा कर सेफ्टी ट्रेनिंग के पश्चात अपना गेट पास बनवा सकते हैं। बीजीएच में प्रत्येक कार्यदिवस पर 50 ठेका श्रमिकों की मेडिकल जांच की जायेगी। जिनका भी मेडिकल चेकअप का स्लॉट बुक करवाया गया होगा, उनके इंजीनियर इंचार्ज को और कॉन्ट्रैक्टर को, उनके बीएसएल में रजिस्टर्ड मेल आई डी पर, कम से कम एक दिन पहले मेल चला जायेगा। ठेका श्रमिकों को निर्धारित तिथि पर बीजीएच में खाली पेट सुबह 7.30 बजे तक रिपोर्ट करना है। वैसे ठेका श्रमिक जो मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर फिट होंगे, उन्हें अगले दिन दो दिनों की सेफ्टी ट्रेनिंग के लिए जाना होगा। बीजीएच की जांच रिपोर्ट उसी दिन शाम के 7 बजे तक इंजीनियर इंचार्ज और कॉन्ट्रैक्टर को मेल द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी। बीएसएल अपने सभी कार्मिकों तथा ठेका श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध है और इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए ठेका कर्मियों के स्वास्थ्य जांच की शुरूआत की गयी है। इस क्रम में यदि किसी कामगार की जांच रेपोर्ट में किसी समस्या की पहचान होती है तो इसके उचित इलाज की सलाह दी जाती है जो अंततः कामगार के लिए लाभकारी है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि ठेका श्रमिकों को गेट पास निर्गत करने की पूरी प्रक्रिया में, इसके अलावा कि उनकी मेडिकल जांच अब बाहर के चिकित्सक के द्वारा ना होकर बीजीएच में होगी, कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# स्वर्गीय भवानी महतो आजसू के संस्थापक सदस्य थे: सदानंद महतो



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** शनिवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत भवानी चौक पर स्वर्गीय भवानी महतो का 14वीं पुण्यतिथि मनाया गया। सर्वप्रथम उनके परिजन तथा उनके छोटे पुत्र प्रमोद महतो ने माल्यार्पण किया। इसके बाद उपस्थित सभी अतिथियों ने बारी बारी से माल्यार्पण तथा 1मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने कहा कि स्वर्गीय भवानी महतो आजसू पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने पार्टी के कई आंदोलन को नेतृत्व दिया था। उनके प्रयास से पार्टी आज मुखिया से सांसद, विधायक तक का सफर तय किया है। स्वर्गीय भवानी महतो का अलग राज्य के आंदोलन में तोपचांची क्षेत्र से अग्रणी भूमिका रही थी। इस अवसर पर संतोष महतो, महेंद्र महतो, विनोद महतो, गिरधारी महतो, ओमप्रकाश महतो नरेश महतो, रीना देवी, मौसमी दास, विनोद बिहारी महतो, राहुल महतो रामचंद्र ठाकुर, निरंजन मंडल, बिंदेश्वर महतो, मुकेश महतो, सपन पाल, शंकर शर्मा, जितेंद्र महतो आदि लोग मौजूद थे।

# आसमानी बिजली गिरने से आशा की मौत

**परिजनों ने किया सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जैनामोड़।** जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत खुंटरी पंचायत के टोला कुसूलमुंडू में 23 वर्षीय आशा कुमारी की दर्दनाक मौत आसमानी बिजली (ठनका) गिरने से हो गयी। घटना के समय मनीलाल सोरेन की 23 वर्षीय पुत्री आशा अपने घर में थी। 30 मई की शाम को तेज रफ्तार आंधी, पानी के साथ ही आकाशीय बिजली चमकने लगी। इसी के साथ ही जोरदार ठनका गिरा जिसके चपेट में आने से आशा कुमारी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना की जानकारी होने पर खुंटरी पंचायत की मुखिया लीलावती देवी ने इसकी सूचना जरीडीह थाना को दी। आशा कुमारी को तत्काल रेफरल अस्पताल जैनामोड़ पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत्यु होने की बात से अवगत कराया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। उमड़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन शव को कब्जे में लेकर 31 मई को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

मृतका के को शव को दफन कर दिया गया। खुंटरी पंचायत की मुखिया ने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से मृतका के परिजन को सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी कर ली जायेगी।

# ईएसएल स्टील लिमिटेड विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अपने बोकारो संयंत्र और उसके आसपास सामाजिक और सामुदायिक विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता जारी रखी है। इस प्रतिबद्धता के लिए, इसे विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सरकारी निकायों और गैर सरकारी संगठनों से कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ई एस एल स्टील लिमिटेड सार्वजनिक कल्याण के पथ पर आगे बढ़ते हुए, अपने सीएसआर पहलों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता आया है। अपने फ्लैगशिप हेल्थकेयर पहल के तहत सिटीजन फाउंडेशन और जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से चलाये गये प्रोजेक्ट आरोग्य कार्यक्रम के तहत, बांधडीह के दास टोला, नंद घर आंगनवाड़ी केंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र की सहिया, सेविका और सहायिका सहित लगभग सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

# मतगणना के दिन कृषि बाजार समिति परिसर रहेगा नो स्मोकिंग जोन

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मतगणना से संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को न्यू टाउन हॉल में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी कर्मी पारदर्शिता के साथ और ध्यान केंद्रित कर वोटों की गिनती करेंगे। काउंटिंग नॉन स्टॉप चलेगी। शुरू से अंत तक, हर राउंड में, सतर्क रहकर गिनती करेंगे। लापरवाही की गुंजाइश और एक अंक की भी गलती नहीं होनी चाहिए। फ्लो चार्ट से कंट्रोल यूनिट का मिलान कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त कर्मी जिला प्रशासन द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र लगाकर समय पर कृषि बाजार समिति पहुंचेंगे। बाजार समिति में वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। मतगणना स्थल पहुंचने के लिए कलेक्ट्रेट से रिंग बस सेवा उपलब्ध रहेगी। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन या किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। 4 जून को कृषि बाजार समिति परिसर नो स्मोकिंग जोन रहेगा। वहीं काउंटिंग के दौरान कृषि बाजार प्रांगण से बाहर निकलने वाले एजेंट को दोबारा एंट्री नहीं दी जायेगी। न्यू टाउन हॉल में काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग माइक्रो आब्जर्वर, पोस्टल बैलट व कंट्रोल यूनिट की गिनती की प्रक्रिया, कंट्रोल यूनिट रिसीलिंग की प्रक्रिया सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, एसडीओ उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा के अलावा बोकारो व चंदनकियारी के एआरओ, सभी एईआरओ व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# अनुमंडलीय अस्पताल कर्मियों को दिलायी तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ

**फुसरो (आजाद सिपाही)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो फुसरो में अस्पताल की उपाधीक्षक डॉक्टर एनपी सिंह के नेतृत्व में शपथग्रहण कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। अस्पताल में पहुंचे मरीजों के बीच तंबाकू के दुष्प्रभाव की जानकारी दिए गये, लोगों से जिंदगी चुने तंबाकू नहीं का अपील किए गये। मौके पर डॉक्टर निशा किरो, अनिल कुमार, साधु शरण, आशुतोष, अन्नू, कपिल, प्रेम, अलका वर्मा, गीता कुमारी, शामिल थे।

# धनबाद में बिजली समस्या को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, पुलिसकर्मी समेत आधा दर्जन लोग घायल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के कतरास के खरखरी में बिजली संकट को लेकर शनिवार को ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग की गयी। बीसीसीएल के खरखरी में बिजली लेने के विवाद में दो पक्षों के बीच शुक्रवार की देर रात को मारपीट हुई थी। यह विवाद पूरी तरह शांत नहीं हुआ था। शनिवार की दोपहर दोनों पक्षों के बीच एक बार फिर पुलिस के सामने ही मारपीट और पत्थर बाजी शुरू हो गयी। घटना में पुलिसकर्मी समेत आधा दर्जन लोग चोटिल होने की सूचना है। हवाई फायरिंग से इलाका दहशत से दहल उठा। सूचना पर कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब जाकर भी नियंत्रित हुई। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी सहित बाघमारा डीएसपी भी घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल पर पुलिस कैंप कर रही है। बता दें कि कोयलांचल में गुरुवार की रात आई आंधी बारिश से गर्मी से लोगों को राहत मिली। लेकिन बिजली व्यवस्था चरमरा गयी थी। कई जगह पर पेड़ गिर गए थे। बारिश के बाद गर्मी कम नहीं हुई थी। इस वजह से लोग परेशान थे। शुक्रवार की रात से खरखरी में शुरू हुआ। जो शनिवार को मारपीट, पत्थरबाजी, फायरिंग के रूप में सामने आए।


## कोर्ट नोटिस

न्यायालय, सिविल जज जु० डी०-IV-गुमला ।
ओ.एस.नं. 68/2021-
अफसर आलम वगैरह......... वादीगण
बनाम
मो० आबीद आलम वगैरह ...प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम -
1. मो० आबीद आलम पिता स्व० मो० आरिफ, 2. आसिया परवीन पति मो० सोहराब आलम, 3. शिदरा सोहराब 4. अरसला सोहराब दोनो पुत्री मो० सोहराब आलम 5. जियान सोहराब पिता मो० सोहराब, सभी निवासी आजाद बसती, गुमला, थाना व जिला गुमला।, 6. मो० इकबाल पिता स्व० मो० इसहाक 7. सदफ आफरीन, 8. नेहा आफरीन, 9. सना आफरीन, 10. जिशान नाजीस सभी पिता मो० इकबाल
11. आदीबा परवीन, सभी निवासी नदी ग्राउंड मक्का मस्जिद के नजदीक मोजाहिद नगर, थाना हिन्दीपीढ़ी, जिला रांची।
चूं बजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादीगण के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय में बंटवारा का वाद दायर किया गया है जिसमें आपलोगों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपलोगों की उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया परंतु आपलोग आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। अतः आपलोगों को इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि आपलोग दिनांक 22/06/2024 को समय 8:00 बजे या उससे पूर्व न्यायालय के कार्य अवधि मे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलायी जायेगी । इसे सख्त ताकिद जानें।
यह नोटिस आज दिनांक 10.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया गया


# गुड्डू शेख व समर्थकों ने किया पुलिस व धरनार्थियों पर हमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** दो केंद्रीय राजनीतिक पार्टियों की आपसी रंजिश में वर्चस्व को लेकर कांग्रेस नेता गुड्डू शेख ने बीसीसीएल एरिया 3 के खरखरी चानक पर स्थित बिजली घर से दर्जनों गांव सहित बीसीसीएल की डिस्पैच लाइन की बिजली को पिछले 24 घंटे से काटे जाने के विरोध में बेहरकुदर के सैकड़ो ग्रामीण भाजपा के युवा नेता गुड्डू घोष के नेतृत्व में शनिवार को मधुबन थाना पहुंच कर पुनः बिजली बहाल करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये इसी बीच खरखरी निवासी कांग्रेस नेता गुड्डू शेख उर्फ शेख गुड्डू के नेतृत्व में लगभग 200 लोग अचानक धरनार्थियों पर हमला बोल दिया जमकर पत्थरबाजी किया व बम धमाके भी किये जिससे वहा चारो ओर अफरातफरी का माहौल बन गया लोग भागते हुए थाना कैम्पस व मंदिर में जा छुपे पुलिस भी असहाय नजर आ रही थी। मामला बिगड़ता देख थाना प्रभारी ने तुरंत वरीय अधिकारियों को सूचना दिया, करीब आधे घंटे बाद महुदा सर्किल इन्सपेक्टर सहित कतरास, बाघमारा खरखरी महुदा, सहित एक दर्जन थानों की पुलिस पहुंच कर उपद्रवियों को खदेड़ा घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार को पूरा इलाका रनक्षेत्र में बदल गया। मधुबन थाना के नजदीक बेखौफ बदमाशों ने पुलिस की मौजूदगी में शिकायत के लिये आये दर्जनों लोगो पर अचानक हमला करते कई राउंड फायरिंग कर दी। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। नकाबपोश अपराधियों द्वारा किये जा रहे पथराव व गोलिबारी से थाना के सामने ही भगदड़ मच गयी। इस दौरान बिजली काटने वाले युवकों पर कार्रवाई की मांग करने आये दर्जनों गांव के लोगो समेत पुलिस भी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। कोई थाना के अंदर छिपे तो कोई पास के घरों में जाकर अपनी जान बचाई। इस भगदड़ में एक पुलिसकर्मी सहित कई लोग जख्मी हो गये। इधर, उपद्रवियों ने थाना के बाहर खड़ी मालखाना की दो वाहनों समेत थाने के नजदीक खड़े आधे दर्जन बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जाता हैं कि घटना के समय पुलिस बल की कमी के चलते पुलिस स्थिति को नियंत्रित नहीं कर पाई। वहीं घटना की सुचना पाकर आनन-फानन में बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र के तमाम थानो की पुलिस समेत जिला पुलिस मौके पर पहुंचे तबतक अपराधी मौके से फरार हो गये। इस बीच ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज, ट्रेफिक डीएसपी, महुदा सर्किल इंस्पेक्टर ममता कुमारी, व बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया। इस बीच ग्रामीण एसपी के निर्देश पर भारी पुलिस बल के साथ बाघमारा डीएसपी ने फ्लैग मार्च करते खरखरी बस्ती स्थित कांग्रेस नेता शेख गुड्डू की गिरफ़्तारी को लेकर उनके आवास पर दबिश दी किन्तु वे घर पर नहीं मिले। जिस कारण शुक्रवार की रात को दोनो गुटों के बीच खरखरी चानक के पास मारपीट हो गयी थी। जिसको लेकर मधुबन थाना के सामने जोगीडीह, बहियारडीह, कोहिरिडीह, भागाबस्ती, बेहराकुदर समेत आधा दर्जन क्षेत्र के आसपास के लोग मधुबन थाना पहुंचकर बिजली काटने वाले युवको पर करवाई की मांग के लिये विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तभी बिजली काटने वाले गिरोह के नकाबपोश बदमाशों ने अचानक थाना पर हमला बोल दिया।

वहीं, मामले को लेकर थाना पहुंचे ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि कल रात्रि में ग्रामीणों के बीच बिजली को लेकर मारपीट की घटना घटी थी।


## न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची
(विधि शाखा)

**विविध वाद संख्या 04/1997-98**
**DCTR 129R15/2000-01**
राज्य
बनाम्
जनार्दन प्रसाद सिंह एवं अन्य

नोटिस बनाम्
घनश्याम गिरि,
पिता–सियाराम गिरि
ग्राम–बोड़ेया, थाना–काँके, जिला–राँची।

एदत् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, राँची के द्वारा दिनांक 11.09.2023 को WP(c) 2797/2007 में पारित आदेश के आलोक में सुनकर आवेदक के उपस्थिति के तीन माह के उपरान्त आदेश पारित करने हेतु निदेश दिया गया है।

अतः आप को पेपर प्रकाशन में माध्यम से सूचित किया जाता है कि सुनवाई हेतु उपायुक्त, राँची के न्यायालय में दिनांक 21.06.2024 को 10:30 बजे सभी कागजात/साक्ष्य सहित स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। यदि आप उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होगें तो समझा जायगा कि इस संबंध में आपको कुछ नही कहना है, तथा अभिलेख में उपलब्ध कागजात/साक्ष्य के आधार पर दायर अभ्यावेदन को सुनवाई कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

यह नोटिस स्थानीय पेपर प्रकाशन हेतु उपायुक्त महोदय के निदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
विधि शाखा, राँची

PR 325252 District(24-25)#D

# क्योंझर में पद्मश्री मागुणि चरण कुंअर का हुआ निधन

- मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध काठपुतली नृत्य गुरु पद्मश्री मागुणि चरण कुअंर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** क्योंझर में पद्मश्री मागुणि चरण कुअंर का निधन हो गया है। 88 वर्ष की आयु में बैदराज साही में अपने पैतृक घर में उनका निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। मागुणि कुअंर के निधन की सूचना उनके परिवार ने की। कुछ दिन पहले उन्हें गंभीर हालत में क्योंझर जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के बाद मागुणि ने थोड़ा ठीक हो गये। उसके बाद परिवार वाले उसे घर ले गये। उन्होंने शनिवार को अपने आवास पर अंतिम सांस ली। काठपुतली नृत्य को मागुणि कुअंर द्वारा एक अलग पहचान दी गयी है। मागुणि कुअंर ने कठपुतली नृत्य का विशेष परिचय दिया है। भारत सरकार ने उन्हें 2023 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने प्रसिद्ध काठपुतली नृत्य गुरु पद्मश्री मागुणि चरण कुअंर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि क्योंझर जिले के गुरु मागुणि चरण कुअंर ने ओड़िशा की लुप्तप्राय काठपुतली नृत्य परंपरा को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित गुरु मागुणि कुअंर का निधन ओड़िशा के पारंपरिक कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि उनका अंतिम संस्कार पूरे राष्ट्रीय सम्मान के साथ किया जाये। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# किट और किस एफआइवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन का संस्थापक भागीदार घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल फेडरेशन (एफआइवीबी) द्वारा किट और किस को एफआइवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन के संस्थापक भागीदार के रूप में घोषित किया गया है। यह घोषणा 30 मई को एफआइवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन के शुरुआत के दौरान की गयी थी। फाउंडेशन का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर सार्थक धर्मार्थ पहलों के माध्यम से सहायता प्रदान करके जुड़ना, सेवा करना और प्रेरित करना है। दुनिया भर में प्रभावशाली वॉलीबॉल परियोजनाओं को आर्थिक सहायता करने के लिए, एफआइवीबी प्रोस्चाहन और एक विशेष स्वेच्छाकृत के माध्यम से धन जुटायेगा।

एफआइवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन के शुभारंभ समारोह में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक, दुनिया भर के 200 से अधिक देशों के वॉलीबॉल संघों के प्रतिनिधि और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इसके लिए मूल रूप से एफआइवीबी और किट & किस के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 30 मई को हस्ताक्षर करने की योजना थी। हालांकि, आम चुनाव के कारण किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत की अनुपस्थिति के कारण, समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर को बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है।

किट और किस ने खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और दुनिया भर में पहचान हासिल की है। विभिन्न खेल संघों ने खेल में इसके योगदान को स्वीकार किया है और इसकी सराहना की है। वर्तमान में, किट और किस एफआईवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन से जुड़े एकमात्र शैक्षणिक संस्थान हैं, जो खेल उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए डॉ. सामंत ने कहा कि मैं एफआइवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन के माध्यम से मेरे परोपकारी कार्यों से प्रेरित होकर सहायता करने का निर्णय लेने के लिए एफआइवीबी और इसके अध्यक्ष डॉ एरी एस ग्राका, महाप्रबंधक श्री फैबियो एजेवेडो और एफआइवीबी के अन्य सदस्यों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि यह न केवल ओड़िशा और पूरे भारत के लिए गर्व और सम्मान की बात है कि एफआइवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन ने किट और किस को दुनिया भर में विशेष संस्थापक भागीदार संस्थान के रूप में स्वीकार किया है।

# ओड़िशा में 62.46 प्रतिशत मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के आम चुनाव के लिए अंतिम चरण का मतदान शनिवार हो रहा है। ओड़िशा में चौथे चरण में मयूरभंज, बालेश्वर, जाजपुर, भद्रक, केन्द्रापड़ा और जगतसिंहपुर संसदीय क्षेत्रों और उनके तहत आने वाली 42 विधानसभा सीटों पर मतदान चल रहा है। इस चरण में लोकसभा सीटों के लिए 66 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि विधानसभा सीटों के लिए 394 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल 99.61 लक्ष मतदाता इन 6 लोकसभा क्षेत्रों से अपने पसंदीदा सांसद और विधायक चुनने के लिए अपने मताधिकार का साब्यस्त कर रहे हैं।

शनिवार शाम 5 बजे तक 62.46 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। कुछ जगहों पर मतदान सुचारु रूप से चल रहा है, तो कुछ स्थानों पर अव्यवस्था देखी गयी। बालेश्वर में 61.94 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि भद्रक में 56.68 प्रतिशत मतदान हुआ। जगतसिंहपुर में 64.31प्रतिशत, जाजपुर में 62.92 प्रतिशत, केंद्रापड़ा में 59.89 प्रतिशत और मयूरभंज में 63.97 प्रतिशत मतदान हुआ।

## ड्यूटी के दौरान बीएलओ की मौत

**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में शनिवार को चतुर्थ एवं अंतिम पर्ज्याय मतदान चल रहा है। इसी बीच एक दुःखद खबर सामने आयी है। सूचना मुताबिक जाजपुर जिले में शनिवार को चुनाव ड्यूटी के दौरान बीएलओ की मौत हो गयी। बिंझारपुर विधानसभा क्षेत्र के फतेपुर बूथ संख्या 157 के बीएलओ मनोरंजन साहू की आकस्मिक मौत हो गयी। कहा जा रहा है कि अत्यधिक लू के कारण से सीने में दर्द महसूस होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह बालेश्वर जिले के नीलगिरी निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ईश्वरपुर पंचायत के बूथ संख्या 159 से एक 68 वर्षीय सुरेंद्र महांति अपनी पत्नी के साथ वोट डालने आए और बूथ पर गिर पड़े। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज अत्यधिक गर्मी और लू के कारण बुजुर्ग व्यक्ति की मौत की अनुमान किया जा रहा है।

# पुरी पटाखा विस्फोट की घटना में एक और मौत



- मरने वालों की संख्या आठ तक पहुंची

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पुरी में नरेंद्र पुष्करिणी में पटाखों के विस्फोट में शनिवार को एक और व्यक्ति की मौत हो गयी। मरने वालों की संख्या बढ़ कर 8 हो गयी है। इसकी जानकारी एसआरसी सत्यब्रत साहू ने दी। घटना का मुख्य आरोपी राजू राउ ही है, जिसकी मौत हो गयी। उनके बेटे की हालत गंभीर है। आज भी विभिन्न अस्पतालों में 22 लोगों का इलाज चल रहा है।

बता दें कि बुधवार की रात नरेंद्र पुष्कर में महाप्रभु की भौंरी चंदन यात्रा के दौरान पटाखे विस्फोट से तीन लोगों की मौत हो गयी और 30 से अधिक घायल हो गये। बुधवार की रात को एक नाबालिग की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य लोग की भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने अपने तरफ से एक मामला दर्ज किया है।

# बस स्टैंड पर खड़ी चार बसों में लगी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रायगड़ा विषमकटक बस स्टैंड पर खड़ी एक बस में अचानक आग लग गयी। आग पास में खड़ी तीन अन्य बसों में भी लग गयी। ऐसी ही एक घटना रायगड़ा विषमकटक बस स्टैंड पर घटी। खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड वहां पहुंच कर आग पर काबू पाया। बस में कोई यात्री नहीं होने के कारण कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन पता चला है कि जिन बसों में आग लगी वे सभी एक ही मालिक की है।

# वेदांता एल्युमीनियम ने मासिक धर्म स्वास्थ्य पर जमीनी स्तर पर जागरूकता पहल की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मासिक धर्म स्वच्छता सप्ताह के अवसर पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपने परिचालन के आसपास कई जमीनी स्तर की पहल की, जिसका उद्देश्य मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। उन्होंने मासिक धर्म से जुड़ी मौजूदा मिथकों और वर्जनाओं को दूर करने, मासिक धर्म के दौरान होने वाली गरीबी को कम करने और समुदाय के सदस्यों को अपने परिवार के स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में सूचित विकल्प बनाने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया।

मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर उपेक्षित विषय है, जहां लोग आम गलतफहमियों से जूझते रहते हैं और इस विषय पर खुलकर बातचीत नहीं होती। इसके कारण मासिक धर्म स्वास्थ्य उत्पादों तक पहुंच में चुनौतियां पैदा हुई हैं, जिससे महिलाओं और युवा लड़कियों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके जवाब में, वेदांता एल्युमीनियम ने इस जरूरत को पूरा करने के लिए संरचित जागरूकता और कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं।

कंपनी के परिचालन में झारसुगुड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा एल्युमीनियम प्लांट और ओड़िशा के लांजीगढ़ में एक विश्व स्तरीय एल्युमीनियम रिफाइनरी शामिल है, इसके अलावा राज्य के भीतर खनन परिचालन भी शामिल है। इसमें छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्थित भारत की प्रतिष्ठित एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी बाल्को भी शामिल है। भारत के मुख्य रूप से ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण इलाकों में परिचालन के साथ कंपनी के व्यापक विकास प्रयास अपने आसपास के क्षेत्र में प्रगति के प्रमुख चालक के रूप में उभरे हैं।

मासिक धर्म स्वच्छता सप्ताह के अवसर पर कंपनी ने बाल्को की मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता परियोजना, नई किरण के तत्वावधान में जागरूकता पहलों की एक श्रृंखला आयोजित की। इसमें रात्रि चौपाल नामक एक मनोरंजन शाम शामिल थी, जिसे संयंत्र के आसपास के स्थानीय गांवों में आयोजित किया गया था। इसमें कठपुतली नाटक से लेकर सामाजिक वृत्तचित्र और महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित फिल्म स्क्रीनिंग तक कई तरह के मीडिया शामिल थे। इसके अलावा, बाल्को के कर्मचारियों ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत समुदाय के सदस्यों के साथ मिलकर पुनः प्रयोज्य पैड बनाने में भाग लिया, जिसे बाद में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और किशोरियों में वितरित किया गया।

इसे सेफ स्पेस अभियान द्वारा समर्थित किया गया, जहां कंपनी ने मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पीरियड उत्पाद बेचने वाले स्थानीय व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साथ भागीदारी की। अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के भीतर एक दृश्य स्थान पर थीम वाले स्टिकर को लगा कर उन्होंने मासिक धर्म के बारे में व्यापक बातचीत को प्रोत्साहित किया और पीरियड उत्पादों तक आसान पहुंच की सुविधा प्रदान की। इन और अन्य जागरूकता पहलों से 1500 से अधिक लोगों को लाभ हुआ, जिनमें से प्रत्येक को मासिक धर्म के बारे में खुली बातचीत को सुविधाजनक बनाने के अवसर के रूप में पेश किया गया था, जिसका उद्देश्य सामाजिक बाधाओं को तोड़ना था।

कंपनी ने झारसुगुड़ा और कोरापुट में स्थानीय आंगनवाड़ियों के साथ मिलकर मासिक धर्म स्वच्छता पर कई जागरूकता सत्र भी आयोजित किये। कर्मचारी स्वयंसेवकों ने इन सत्रों के आयोजन में चिकित्सा विशेषज्ञों का समर्थन किया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य पर सूचनात्मक वृत्तचित्रों की स्क्रीनिंग और समुदाय के सदस्यों को सैनिटरी नैपकिन का वितरण भी शामिल था। विषय को सुलभ तरीके से व्यक्त करने के लिए संचार के पारंपरिक तरीकों का लाभ उठाते हुए कंपनी ने नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट थिएटर) के माध्यम से जागरूकता सत्र भी आयोजित किये।

इस बीच लांजीगढ़ में अपने परिचालन में कंपनी ने ओड़िशा की पैड गर्ल के नाम से मशहूर सुश्री पायल पटेल के नेतृत्व में एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अनोखे तरीके से 'पुची' नामक एक जोरदार पारंपरिक खेल के सत्र भी आयोजित किये गये। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को दोबारा इस्तेमाल किये जा सकने वाले कपड़े के पैड वितरित किये गये। लांजीगढ़ के 8 गांवों की 350 से अधिक महिलाओं और लड़कियों को इन प्रयासों से लाभ मिला। वेदांता एल्युमीनियम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आजीविका, बुनियादी ढांचे, जमीनी स्तर के खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्रों में केंद्रित हस्तक्षेपों के माध्यम से आसपास के समुदायों के विकास की दिशा में काम कर रहा है।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

IGI Certified Diamond Jewellery
50% Off on Making CHARGE
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD SILVER DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
91 9955526560
91 9431143722

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
- All Computer Courses
- Vocational Courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate
- Yearly Career Guidance
- Seminar in your City

FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**